CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :35°C
न्यूनतम: 24°C

देहरादून, रविवार 28 सितम्बर 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 51 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आश्विन शुक्ल पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 5 रबी उल सानी1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



सुप्रीम कोर्ट से हिमालय को आपदाओं से बचाने की अपील पेज 2



भारतीय तीरंदाज शीतल देवी बनीं पैरा विश्व तीरंदाजी चैंपियन खेल टाइम्स



पाकिस्तान पीएम के यूएन में बयान बेतुकेः भारत पेज 11




अरशद वारसी की 'भागवत' जल्द होगी रिलीज बॉलीवुड

# तमिलनाडुः एक्टर विजय की रैली में भगदड़, 29 की मौत

## मृतकों में कई बच्चे भी शामिल, 30 से ज्यादा लोग घायल, बढ़ सकती है मृतकों की संख्या

**नमक्कल।** तमिलनाडु के करूर में एक्टर विजय की रैली में भगदड़ मच गई। तमिलनाडु के स्वास्थ्य मंत्री एमए सुब्रमणियन ने बताया कि हादसे में 29 लोगों की मौत हो गई। इनमें कई बच्चे भी शामिल हैं। हादसे में 30 से ज्यादा लोग घायल हैं।

बताया जा रहा है कि मृतकों का आंकड़ा बढ़ सकता है। तमिलगा वेत्री कझगम प्रमुख और एक्टर विजय की रैली में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। भीड़ इतनी ज्यादा बढ़ गई थी कि वहां पर हालात बिगड़ने लगे। अभिनेता से नेता बने विजय लोगों को संबोधित कर रहे थे। इसी दौरान कुछ लोगों के बेहोश हो जाने से वह भाषण बीच में छोड़कर रैली से निकल गए। शनिवार को विजय की रैली में हजारों की भीड़ पहुंची थी। एक्टर विजय बस पर चढ़कर भाषण दे रहे थे, तभी भगदड़ मची। बताया जाता है कि भीड़ इतनी ज्यादा हो गई थी कि लोगों के लिए सांस लेना मुश्किल हो गया। अचानक से वहां मौजूद लोग और कार्यकर्ता बेहोश होने लगे। इसके बाद

**■ एक्टर विजय अपना भाषण बीच में छोड़कर रैली से चले गए**

अभिनेता विजय ने अपना भाषण रोक दिया और लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करने लगे। उन्होंने अपने पार्टी कार्यकर्ताओं से अनुरोध किया कि वह जरूरतमंदों की मदद करें और उन्हें एंबुलेंस तक पहुंचाएं। भगदड़ मचते ही एक्टर विजय अपना भाषण बीच -**शेष पृष्ठ दो पर**



# वांगचुक का पाकिस्तान कनेक्शनः लद्दाख डीजीपी

लेह, वार्ता



**सोनम वांगचुक** पर एनएसए लगाने के बाद पुलिस अब उनके पाकिस्तान और बांग्लादेश से संबंधों की जांच करेगी। लद्दाख के डीजीपी एसडी सिंह जामवाल ने शनिवार को कहा कि हमने कुछ दिन पहले पाकिस्तान इंटेलीजेंस ऑपरेटिव (पीआईओ) के एक सदस्य को पकड़ा था। वह वांगचुक से जुड़ी जानकारी पाकिस्तान भेज रहा था।

यही नहीं वांगचुक पाकिस्तान के न्यूजपेपर डॉन के एक इवेंट कार्यक्रम में शामिल भी हुए थे। इसके अलावा वे बांग्लादेश भी जा चुके हैं। वांगचुक को शुक्रवार दोपहर पुलिस ने उनके गांव उल्याकटोपो से गिरफ्तार किया था। उन्हें एयरलिफ्ट कर राजस्थान की जोधपुर सेंट्रल जेल भेजा गया। वांगचुक पर एनएसए लगाया गया है, जिसके तहत लंबे समय तक बिना जमानत हिरासत में रखा जा सकता है। सरकार ने वांगचुक को लेह में 24 सितम्बर को हुई हिंसा का जिम्मेदार बताया था। इस हिंसा में 4 युवकों की मौत हुई थी और 80

**■ जासूस से संपर्क का दावा, पाक व बांग्लादेश दौरा भी किया, वांगचुक जोधपुर जेल में बंद, एनएसए लगाया**

लोग घायल हुए थे, जिनमें 40 पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। अब तक 60 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। लेह में तीन दिन के कर्फ्यू के बाद शनिवार दोपहर चार घंटे के लिए ढील दी गई। लेह हिंसा में प्रदर्शनकारियों ने बीजेपी ऑफिस फूंक दिया था। सीआरपीएफ की गाड़ी में आग लगा दी थी। सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक को शुक्रवार दोपहर 2:30 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस से पहले ही पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। जब वे लेह नहीं पहुंचे, तो आयोजकों को -**शेष पृष्ठ दो पर**

### घुसपैठ के लिए LOC पार आतंकी मौजूदः बीएसएफ

**श्रीनगर।** कश्मीर में घुसपैठ करने की फिराक में आतंकवादी नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार लॉन्चिंग पैड पर मौजूद हैं। बीएसएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। बीएसएफ कश्मीर फ्रंटियर के महानिरीक्षक अशोक यादव ने कहा कि कुपवाड़ा, बांदीपोरा और बारामूला जिलों में उनके जिम्मेदारी वाले क्षेत्र (एओआर) के सामने स्थित लांचिंग पैड पर आतंकवादियों की मौजूदगी का पता चला है। श्री यादव ने श्रीनगर में वुलर मैराथन के लिए आयोजित एक टी-शर्ट अनावरण समारोह के बाद कहा कि आतंकवादी हमारी सीमा में घुसपैठ की फिराक में मौका तलाश रहे हैं, आतंकवादी अक्सर खराब मौसम में सीमा पार करने की कोशिश करते हैं और उनकी ये कोशिशें लगातार जारी रहती हैं।

### सेना अनंत शस्त्र एयर मिसाइल वेपन सिस्टम खरीदेगी

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना का एयर डिफेंस सिस्टम अब और मजबूत होगा। सेना ने भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) को लगभग 30 हजार करोड़ में अनंत शस्त्र सरफेस टू एयर मिसाइल वेपन सिस्टम खरीदने का टेंडर जारी किया है। इसे रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने बनाया है। पहले इसे क्विक रिएक्शन सरफेस टू एयर मिसाइल कहा जाता था। अब इसका नाम बदलकर 'अनंत शस्त्र' रखा गया है। अनंत शस्त्र की 5 से 6 रेजिमेंट खरीदी जाएंगी और इन्हें पाकिस्तान-चीन की सीमाओं पर तैनात किया जाएगा। अनंत शस्त्र की खासियत यह है कि यह चलते-फिरते भी दुश्मन के टारगेट को हिट कर सकता है।

### राहुल गांधी चार देशों की विदेश यात्रा पर हुए रवाना

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी दक्षिण अमेरिका के चार देशों की यात्रा पर रवाना हो गए हैं। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि श्री गांधी इस यात्रा के दौरान दक्षिण अमेरिका के ब्राजील कोलंबिया सहित चार देशों के राजनीतिक नेताओं, विश्वविद्यालय के छात्रों और व्यापारिक समुदाय के सदस्यों से मिलेंगे।

# उप्र में अब न नाकाबंदी और न कर्फ्यू : योगी

## कहाः बरेली में एक मौलाना भूल गया था यूपी में सरकार किसकी है

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** बरेली में शुक्रवार को हुए बवाल के बाद शनिवार को सीएम योगी ने कहा कि बरेली में एक मौलाना भूल गया कि राज्य में सत्ता किसकी है। उसे लगा कि वो जब चाहे व्यवस्था को रोक सकता है, लेकिन हमने साफ कर दिया कि न तो नाकाबंदी होगी और न ही कर्फ्यू, लेकिन हमने जो सबक सिखाया है, उससे आने वाली पीढ़ियां दंगे करने से पहले दो बार सोचेंगी। 2017 से पहले यूपी में यही चलन था, लेकिन 2017 के बाद हमने कर्फ्यू तक नहीं लगने दिया। उत्तर प्रदेश के विकास की कहानी यहीं से शुरू होती है।

सीएम ने कहा कि जो जाति के नाम पर भड़काते हैं, उन्ही के लिए हमने बुलडोजर बनाया था। पहले दंगाइयों को मुख्यमंत्री आवास में बुलाकर सम्मानित किया जाता था। दंगाइयों की आवभगत होती थी और पेशेवर अपराधी और माफियाओं के सामने सत्ता सेल्यूट करती थी। सत्ताधारी लोग उनके कुत्तों के साथ हाथ मिलाया करते थे। आपने बहुत दृश्य देखे होंगे, कैसे सत्ता का मुखिया एक माफिया के कुत्ते से हाथ मिलाकर अपने को गौरवान्वित -**शेष पृष्ठ दो पर**



**जो जाति के नाम पर भड़काते हैं, उन्हीं के लिए हमने बुलडोजर बनाया था**

**हमने जो सबक सिखाया है, उससे आने वाली पीढ़ियां दंगे करने से पहले दो बार सोचेंगी**

## मौलाना तौकीर रजा समेत आठ गिरफ्तार, 3000 अज्ञात पर केस

**बरेली -ब्यूरो।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बरेली में इत्तेहाद-ए-मिल्लत कौंसिल प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खान समेत आठ लोगों को बगैर अनुमति जुलूस निकालने, भड़काऊ नारेबाजी के आरोप में पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। हिंसा मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है।

जिलाधिकारी अविनाश सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने यहां एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में बताया कि मौलाना तौकीर समेत आठ लोगों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न

**■ एसआईटी का गठन, इंटरनेट सेवा बंद**

आपराधिक धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। सभी आठ लोगों को अदालत के आदेश पर 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजने की कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि तीन हजार अज्ञात के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है। बगैर अनुमति जुलूस निकालने, हिंसा भड़काने और भड़काऊ नारेबाजी करने के आरोप में कुल दस एफआईआर दर्ज की गई हैं, जिनमें पांच कोतवाली कैंट में, एक किला थाने पर और बारादरी में शामिल है।

## 11 साल के छात्र की सुप्रीम कोर्ट में याचिका

**नई दिल्ली।** 11 साल के जन्मेश सागर ने सीएम श्री स्कूलों में एंट्रेंस एग्जाम के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

स्टूडेंट का कहना है कि सीएम श्री स्कूलों में कक्षा 6, 7 और 8 में एडमिशन के लिए एंट्रेंस एग्जाम आयोजित करने की दिल्ली सरकार की नीति गलत है। अनुच्छेद 32 के तहत दायर इस रिट पिटीशन में कहा गया है कि यह एंट्रेंस टेस्ट संविधान के अनुच्छेद 21-ए (निःशुल्क और

**■ सीएम श्री स्कूलों में एंट्रेंस एग्जाम शिक्षा के अधिकार के खिलाफ**

अनिवार्य शिक्षा का अधिकार) और बच्चों के निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 (आरटीई एक्ट) की धारा 13 का उल्लंघन है। आरटीई अधिनियम की धारा 13 स्पष्ट रूप से स्कूल एडमिशन में किसी भी स्क्रीनिंग प्रोसेसर पर रोक लगाती है।

## एक लाख का इनामी जुबैर उर्फ कालिया ढेर

**रामपुर -ब्यूरो।** गोरखपुर में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र दीपक की हत्या का मुख्य आरोपी जुबैर उर्फ कालिया को उत्तर प्रदेश पुलिस की एसटीएफ ने रामपुर जिले के थानागंज क्षेत्र में एक सशस्त्र मुठभेड़ में मार गिराया।

मारे गए बदमाश की गिरफ्तारी पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित था। इस घटना में एक दरोगा और सिपाही भी घायल हुए हैं। पुलिस को चेकिंग के दौरान थानागंज के क्षेत्र चाकू चौराहे पर एक बाइक पर सवार दो युवक आते दिखाई दिए। पुलिस द्वारा

**■ चेकिंग के दौरान पुलिस की बदमाशों से हुई मुठभेड़, एक फरार**

रोकने की कोशिश करने पर उन्होंने मोटरसाइकिल मोड़कर भागने का प्रयास किया और खुद को घिरा देखकर पुलिस पर कई राउंड फायर कर दिए। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। पुलिस की गोली से एक युवक मौके पर ही गिर पड़ा, जबकि दूसरा अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। घायल को पुलिस जिला अस्पताल लेकर आई। जांच पड़ताल में पता चला कि घायल युवक बदमाश जुबैर उर्फ कालिया पुत्र फिरासत उर्फ नौरंगी है। रामपुर का मूल निवासी जुबैर उर्फ कालिया थाना गंज के क्षेत्र घेर मरदान खान का रहने वाला था और उसे पर करीब 17 मुकदमे आयद हैं। इन मुकदमों में हत्या, हत्या का प्रयास, गोकशी आदि मुकदमे शामिल हैं। पुलिस द्वारा जिला अस्पताल घायल अवस्था में ले जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# कांग्रेस अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहीः मोदी

**कहा- हमने टैक्स घटाया, वो अब भी लूट में लगे, टू-जी का दौर भूल गए, जब चुटकुले बनते थे**

भुवनेश्वर, वार्ता

**पीएम मोदी** शनिवार को ओडिशा के झारसुगुड़ा पहुंचे। उन्होंने जनता को करीब 38 मिनट तक संबोधित किया। इस दौरान पीएम ने आत्मनिर्भर भारत, जीएसटी बचत उत्सव, कांग्रेस शासन में भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर बात की।

पीएम ने कहा कि टेलीकॉम सेक्टर की शुरुआत हुई तो भारत पीछे रह गया था। सोशल मीडिया पर चुटकुले चलते थे। जाने क्या-क्या लिखा जाता था। अब भारत स्वदेशी 4-जी टेक्नोलॉजी वाला पांचवां देश बन गया है। मोदी ने कांग्रेस शासित राज्यों में जारी लूटतंत्र का भी जिक्र किया। पीएम ने कहा कि केंद्र सरकार ने टैक्स घटा दिया, लेकिन हिमाचल में कांग्रेस सरकार जनता तक



इसका लाभ नहीं पहुंचा रही है। वे अपना टैक्स लगाकर लूट में लगे हैं। अभी भी हरकत से बाज नहीं आ रहे। प्रधानमंत्री का 15 महीनों में छठा ओडिशा दौरा था। उन्होंने 60 हजार करोड़ रुपये के कई बड़े रेल, एजुकेशन और हेल्थ प्रोजेक्ट्स की शुरुआत की। साथ ही बीएसएनएल के स्वदेशी 4जी टेक्नोलॉजी की शुरुआत की। ओडिशा के झारसुगुड़ा में महिलाओं ने पीएम को स्थानीय कलाकृति भेंट की। पीएम मोदी ने झारसुगुड़ा से 60 हजार करोड़ रुपये के कई प्रोजेक्ट्स का इनॉगरेशन और शिलान्यास किया। एनडीए शासित आठ राज्यों के मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री पीएम मोदी के कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल हुए। पीएम मोदी ने वर्चुअली अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। यह ओडिशा को गुजरात से जोड़ेगी। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रही है। उनकी सरकारें आपको लूटने में जुटी हैं। मेरे पास सबूत हैं। हमने देश के लोगों को लाभ देने के लिए टैक्स कम किया, सीमेंट से भी टैक्स घटा। हमारा मकसद था लोगों को घर बनाने में कम पैसा खर्च करना पड़े। 22 सितम्बर के बाद बयानबाजी करने वालों की करतूत देखिए। हिमाचल में कांग्रेस की सरकार है, वहां वे आम जनता को सुख देना नहीं चाहते। उन्होंने अपना एक नया ही टैक्स लगा दिया। भारत सरकार की तरफ से जो फायदा दिया जा रहा था वे दीवार बनकर लूट में लगे हैं।

**Global HR Solutions**
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्धः
- वेल्डर (3G & 4G ARC)
- राज मिस्त्री
- कंस्ट्रक्शन लेबर
- सिलाई टेलर

वेतनः 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़ः
- रेफरेन
- योग्यता प्रमाणपत्र
- सर्विस सर्टिफिकेट
- वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट

सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

**मिरगी**
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं
मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।
मिरगी के लक्षण
- अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
- जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
- आंखे पथराना
- मुट्ठियां कसना
- हाथ-पैर ऐंठ जाना
- गर्दन टेढ़ी पड़ना
- मुंह से झाग निकलना
- अचानक झटका-सा लगना
- मुंह एक तरफ हो जाना
- घे-घे-औं-औं की आवाज आना

अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।
डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
- आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
- पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
- फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
- पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली

मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826
नोट जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

संक्षिप्त समाचार

### पटियाला में आग में जलकर चार लोगों की मौत

**राजपुरा (पटियाला)।** पंजाब के राजपुरा शहर में शुक्रवार की रात भोगल रोड स्थित एक घर में अचानक आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि कुछ ही मिनटों में पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। इस दर्दनाक हादसे में एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में 65 वर्षीय जगदीश कुमार, उनकी पत्नी, 18 वर्षीय साला और 12 वर्षीय नाबालिग बच्चा शामिल है। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि लोग कुछ समझ पाते, इससे पहले परिवार के चारों सदस्य जलकर मर गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि आग अचानक लगी और कुछ ही मिनटों में घर के अंदर से धुआं और लपटें उठने लगीं। पड़ोसियों ने मदद के लिए शोर मचाया, तुरंत दमकल और पुलिस को घटना की सूचना दी गई।


### लखनऊ की गलियों में हथियार लेकर घूमते दिखे संदिग्ध

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के ठाकुरगंज थाना क्षेत्र में तीन युवकों के हथियारनुमा राइफल के साथ देर रात गलियों में घूमने का वीडियो सामने आया है। बताया जा रहा है कि घटना 23 सितम्बर की रात की है, जिसका फुटेज कॉलोनी के सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गया। वीडियो सामने आते ही स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई और यह सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने लगा। न्यू हैदरगंज वार्ड की रीफा कॉलोनी में तीन युवक एके-47 जैसी दिखने वाली राइफल लेकर टॉर्च की रोशनी से घर-घर झांकते दिखाई दिए। स्थानीय ने फुटेज देखकर इसे संदिग्ध मानते हुए पुलिस को सूचना दी। इसके बाद इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं और अफवाहें फैल गईं।

## बिलों की अधिक गहराई से होगी पड़ताल

# संसद की स्थायी समितियों का बढ़ेगा कार्यकाल

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ समितियों का गठन हर साल होता है, 26 सितम्बर को पूरा हो रहा कार्यकाल

संसद की स्थायी समितियों के कार्यकाल बढ़ाने की तैयारी शुरू हो गई है। लंबे समय से मांग की जा रही थी कि समितियों का कार्यकाल को बढ़ाया जाए, ताकि काम में निरंतरता और सुधार लाया जा सके।

सांसदों की मांग के बाद सरकार संसदीय स्थायी समितियों के कार्यकाल को एक साल से बढ़ाकर दो साल करने पर विचार कर रही है। यह बदलाव खास तौर से समितियों के कामकाज में निरंतरता बनाए रखना और विधेयकों, महत्वपूर्ण मामलों को अच्छे से करने की उनकी क्षमता को मजबूत करने के लिए किया जा रहा है।

हाल में में स्थायी समितियों का गठन हर साल किया जाता है और उनका कार्यकाल 26 सितंबर को पूरा हो जाता है। कई सांसदों ने चिंता जताई है कि एक साल का छोटा कार्यकाल समितियों के लिए चयनित विषयों के लिए काफी नहीं है और गुणवत्तापूर्ण काम करने में रुकावट है। सांसदों का कहना है कि हर साल नए सदस्यों के आने से काम की निरंतरता टूटती है और काम प्रभावित होता है। अब सांसदों के इस अनुरोध पर सरकार विचार कर रही है और जल्द ही फैसला लिया जा सकता है। अगर समितियों के कार्यकाल दो साल कर दिया गया, तो इसके कई फायदे देखने को मिलेंगे। समितियों के पास विधेयकों, बजट और विभिन्न रिपोर्टों को ज्यादा गहराई से समझने और उनकी छानबीन करने के लिए और ज्यादा समय मिल सकेगा। सदस्यों के दो साल तक बने रहने से समितियों के काम में स्थिरता आएगी और लंबे प्रोजेक्ट बेहतर तरीके से पूरे हो सकेंगे। सदस्यों में ज्यादा समय मिलने से विभागों और विषयों की बेहतर समझ विसकसित हो सकेगी। खबरों के मुताबिक के मुताबिक कार्यकाल बढ़ने के बावजूद ज्यादातर समितियों के अध्यक्ष पद वैसे ही बने रह सकते हैं। हालांकि सरकार कुछ सांसदों की मांगों के आधार पर कुछ समितियों के सदस्यों में बदलाव कर सकती है।

### सुप्रीम कोर्ट से हिमालय को आपदाओं से बचाने की अपील की

**नई दिल्ली।** हिमालय पर आ रही प्राकृतिक आपदाओं को लेकर प्रबुद्ध नागरिकों ने उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई को पत्र लिखा है और हिमालय की नाजुक पारिस्थितिकी को तत्काल संज्ञान में लेने की अपील करते हुए आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया है, ताकि आने वाली पीढ़ियों को इसका खामियाजा न भुगतना पड़े। देश के इन प्रबुद्ध नागरिकों ने चार धाम परियोजना के तहत सड़कों के चौड़ीकरण की अनुमति देने वाली अदालत के पूर्व निर्णय की समीक्षा की मांग की है। प्रबुद्ध नागरिकों ने हाल ही में उच्चतम न्यायालय के हिमाचल प्रदेश में 'अस्तित्वगत के संकट' की बात स्वीकार करने का जिक्र करते हुए कहा कि इसी तरह की स्थिति से पूरे पश्चिमी हिमालय, विशेषकर जम्मू-कश्मीर में भी गंभीर संकट पैदा हो गया है। यदि समय रहते सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए, तो पूरे देश को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा उच्चतम न्यायालय को पत्र लिखकर यह अनुरोध पूर्व केंद्रीय मंत्री मुरली मनोहर जोशी, संघ विचारक के एन. गो. विंदाचार्य, पूर्व सांसद डा. कर्ण सिंह, प्रसिद्ध लेखक रामचंद्र गुहा, सांसद कुंवर रेवतीरमण सिंह और रंजीता रंजन, इतिहासकार शेखर पाठक, पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा सहित 59 राजनेताओं, पर्यावरणविंदों, भूवैज्ञानिकों, वन क्षेत्र के विशेषज्ञों ने किया है। पत्र में उच्चतम न्यायालय की उस चेतावनी का भी जिक्र है, जिसमें कहा गया है कि हिमाचल में पर्यावरण का जो संकट है यदि उस पर ध्यान नहीं दिया गया, तो हिमाचल देश के नक्शे से गायब हो जाएगा।

# अलीगढ़ में बाइक शोरूम मालिक के बेटे की हत्या



■ पिता ने लगाया ब्लैकमेलिंग का आरोप

**अलीगढ़।** यूपी के अलीगढ़ में शुक्रवार रात थाना रोरावर क्षेत्र में देर रात बाइक सवार बदमाशों ने बाइक शो रूम के मालिक के बेटे अभिषेक गुप्ता की गोली मारकर हत्या कर दी। अभिषेक की मौके पर मौत हो गई। घटना खैरेश्वर चौराहे पर हुई, उस समय अभिषेक अपने पिता और चचेरे भाई जीतू के साथ सिकंद. राराव जाने के लिए बस में सवार हो रहा था।

परिजनों ने हिंदू महासभा की राष्ट्रीय सचिव महामंडलेश्वर अन्नपूर्णा भारती उर्फ डा. पूजा शकुन पांडे और राष्ट्रीय प्रवक्ता अशोक पांडे पर ब्लैकमेलिंग और पैसे के लेन-देन का आरोप लगाते हुए हत्या का आरोप लगाया है, जिस पर पुलिस ने अशोक पांडे को हिरासत में ले लिया हैऔर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुता. बिक शुक्रवार रात को अभिषेक गुप्ता अपने परिवार के साथ सिकंदराराव के लिए बस का इंतजार कर रहा था। तभी वहां दो बाइक सवार बदमाश पहुंचे और अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। गोली अभिषेक के मुंह पर लगी, परिवार के लोगों को भी निशाना बनाया गया, लेकिन वे बाल-बाल बच गए। मौके पर चीखपुकार मच गई। फौरन ही पुलिस को सूचना दी गई। थाना रोरावर की टीम तत्काल मौके पर पहुंची, अभिषेक को अस्पताल ले जाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी फैल गई। एसएसपी नीरज जादौन ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। क्राइम सीन पर फोरेंसिक टीम ने सुबूत जुटाए हैं।

# ग्राम पंचायतें बीएसएनएल से जोड़ीं: योगी

## बीएसएनएल 4-जी नेटवर्क व भारत नेट परियोजना का उद्घाटन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उनकी सरकार ने भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) की सेवाओं को उत्तर प्रदेश के हर ग्राम पंचायत के साथ जोड़ दिया है।

योगी शनिवार को स्वदेशी तकनीक पर आधारित बीएसएनएल 4-जी नेटवर्क और भारत नेट परियोजना के ऑनलाइन उद्घाटन के अवसर पर लखनऊ में कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उड़ीसा में एक विशेष कार्यक्रम के तहत स्वदेशी बीएसएनएल 4-जी नेटवर्क' का उद्घाटन किया, जिसमें देश भर से सभी मुख्यमंत्री और संबंधित विभाग के मंत्री और अधिकारी ऑनलाइन मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत नेट के स्वदेशी 4-जी इंफ्रास्ट्रक्चर डिजिटल क्रांति को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। उन्होंने पीएम मोदी और बीएसएनएल परिवार को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। योगी ने बताया कि 2017 में मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने हर ग्राम पंचायत को ऑप्टिकल फाइबर और नेटवर्किंग से जोड़ने का संकल्प लिया था, जो भारत नेट ने साकार किया। अब ग्राम सचिवालयों में आय, निवास, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिससे रोजगार सृजन और बैंकिंग सेवाएं ग्रामीण स्तर पर पहुंची हैं। बीसी सखियों के जरिए 100 करोड़ से अधिक का लाभांश ग्रामीणों तक पहुंचा है। बीएसएनएल के 4-जी नेटवर्क को दूर-दराज के क्षेत्रों, खासकर नक्सल प्रभावित चंदौली, सोनभद्र और चित्रकूट में क्रांति लाने वाला है। आने वाले समय में 5जी और 6जी की भी तैयारी है। उन्होंने कहा कि संप्रभु राष्ट्र के लिए स्वदेशी सेना, स्वतंत्र विदेश नीति, स्वदेशी तकनीक और भ्रष्टाचार पर नियंत्रण जरूरी है, जो नए भारत में मौजूद हैं। आज भारत की सेना को विश्व की शक्तिशाली सेनाओं में शामिल है।

# अतीक-अशरफ जैसे मुझे भी गोली मार दो

## बरेली बवाल के बाद बोले मौलाना तौकीर रजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** मौलाना तौकीर रजा ने देर रात एक वीडियो जारी किया। वीडियो में तौकीर रजा कहते दिखाई दे रहे हैं कि अतीक और अशरफ जैसे मुझे भी गोली मार दो, मोहम्मद के नाम पर मरना मुझे कबूल है। मैं नजरबंद हूं और मुझको घर से नहीं निकलने दिया जा रहा है। मौलाना ने इस पूरे घटनाक्रम को साजिश बताया। वीडियो में मौलाना ने पुलिस और प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए।

मौलाना ने कहा कि प्रशासन मुसलमानों को रसूल का नाम लेने से रोक रहा है। यह पूरा मामला एकतरफा है और मुसलमानों पर गलत आरोप लगाए जा रहे हैं। मौलाना ने कहा हमने अमन का रास्ता अपनाया। हम नमाज पढ़ते रहे, लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करते रहे, लेकिन हमें झूठे बयानों से बदनाम किया गया। तौकीर रजा ने कहा कि मेरे नाम से फर्जी लेटरपैड पर बयान जारी कर जनता को गुमराह करने की कोशिश की गई। उन्होंने चेतावनी दी कि यह मामला जितना दबाने की कोशिश की जाएगी, उतना ही ज्यादा सामने आएगा। मौलाना ने इसे पूरी तरह से साजिश करार दिया और कहा कि मुसलमानों को बदनाम करने की योजना के तहत यह सब किया जा रहा है। मौलाना ने कहा कि दंगे के लिए मुसलमान जिम्मेदार नहीं हैं, बल्कि पुलिस-प्रशासन ने माहौल खराब किया है। मुसलमानों ने कोई पत्थरबाजी नहीं की, अगर दंगा नहीं हुआ, तो भी पुलिस-प्रशासन ने मुसलमानों पर फसाद का आरोप लगाया। असल में शांति को नुकसान पुलिस ने पहुंचाया है। मौलाना ने साफ कहा कि एकतरफा कार्रवाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि हम मोहम्मद साहब के नाम पर जान देने के लिए भी तैयार हैं, लेकिन प्रशासन का यह रवैया गलत है।

### लखनऊ की सड़कों पर लगी आई लव योगी और आई लव बुलडोजर की होर्डिंग्स

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में इन दिनों 'आई लव मोहम्मद' मामला तूल पकड़ रहा है। कई शहरों से इसको लेकर प्रदर्शन की खबरें सामने आई हैं। इसी बीच भाजपा युवा मोर्चा के नेता द्वारा राजधानी लखनऊ में कई जगह 'आई लव योगी आदित्यनाथ' और 'आई लव बुलडोजर' की होर्डिंग्स लगाई गई हैं। यह होर्डिंग्स भाजपा युवा मोर्चा, लखनऊ के महासचिव अमित त्रिपाठी की तरफ से लगाई गई हैं। इसकी तस्वीरें सामने आईं, तो सूबे में राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गई। दरअसल विवाद की शुरुआत 9 सितम्बर को हुई थी, जब कानपुर में बारावफात जुलूस के दौरान सार्वजनिक मार्ग पर 'आई लव मोहम्मद' लिखे बोर्ड लगाए गए।



सेंसेक्स 80956.01
निफ्टी 24782.70



सोना रु. 113080
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 137467
प्रति किलो



# भारत दूसरे देशों के साथ साझा करेगा अपनी स्वदेशी 4-जी नेटवर्क प्रौद्योगिकी: सिंधिया

**नई दिल्ली, वार्ता**

दूरसंचार और पूर्वोत्तर क्षेत्र मामलों के मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने स्वदेशी 4-जी मोबाइल दूरसंचार नेटवर्क प्रौद्योगिकी के विकास को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी और साहसी नेतृत्व का सफल बताते हुए कहा है कि यह केवल तकनीकी सफलता नहीं, बल्कि भारत का 'आत्मनिर्भरता का वैश्विक उद्घोष' है और भारत इसे दूसरे देशों के साथ साझा करेगा।

मोदी ने शनिवार को ओडिशा के एक कार्यक्रम से स्वदेशी 4-जी नेटवर्क प्रौद्योगिकी पर आधारित और देश के दूरद. राज के क्षेत्रों में स्थापित 90 हजार से अधिक मोबाइल टावरों का लोकार्पण किया। सिंधिया ने इस प्रौद्योगिकी पर सार्वजनिक तौर पर साझा किए गए एक लेख में लिखा है, यह प्रौद्योगिकी विक.



सित भारत 2047 की यात्रा में यह उपलब्धि मील का पत्थर साबित होगी। दूरसंच. ार मंत्री ने कहा है कि मोदी द्वारा वर्ष 2020 में लिए गए एक साहसिक निर्णय ने देश के तकनीकी भविष्य की दिशा बदल कर रख दी। इसी निर्णय के चलते देश ने स्वदेशी 4-जीस्टैक विकसित करने का निर्णय लिया जो मोबाइल नेटवर्क का 'मस्तिष्क और रीढ़' है, जो सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर के माध्यम से कॉल और इंटरनेट को सुरक्षित, तेज और निर्बाध बनाता है। उन्होंने कहा कि 4-जी स्टैक के लिए भारत विदेशी कंपनियों पर निर्भर था, लेकिन महंगा और रणनीतिक रूप से जोखिम भरा था। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, बीएसएनएल ने पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिपमॉडल अपनाकर सी-डॉट, उद्योग, स्टार्टअप्स और शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग से और निजी संस्थान टीसीएस के साथ मिलकर यह स्टैक विकसित किया गया। इसमें सी-डॉट ने कोर नेटवर्क, तेजस नेटवर्क्स ने रेडियो समाधान और टीसीएस ने सिस्टम इंटीग्रेशन संभाला। यह कदम केवल विदेशी निर्भरता कम करने तक सीमित नहीं, बल्कि भविष्य में 5जी और उससे आगे की तकनीक के लिए भी मजबूत आधार तैयार करता है। उन्होंने लिखा है कि चीन, फिनलैंड, स्वीडन और दक्षिण कोरिया के बाद अब भारत स्वदेशी 4-जी एलटीई/आईएमएस स्टैक विकसित करने वाले चुलनदा देशों की इस सूची में शामिल हो गया है। यह केवल तकनीकी प्रगति नहीं, आत्मनिर्भरता, सुरक्षा और डिजिटल संप्रभुता का निर्णायक कदम है।

### सोना और चांदी की कीमतों में बड़ा बदलाव

**नई दिल्ली।** सोना-चांदी की कीमत नवरात्र शुरू होते ही कम हो गई है। दिल्ली, जयपुर, नोएडा, लखनऊ, गाजियाबाद जैसे नॉर्थ इंडिया के शहरों में 10 ग्राम 24 कैरेट गोल्ड का रेट 1,15,040 रुपये के आसपास रहा है। वहीं चांदी का भाव प्रति किलोग्राम 143100 रुपये रहा। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के अनुसार शनिवार और रविवार को बाजार बंद रहता है, इसलिए इन दोनों दिन एक ही कीमत मान्य होगी। यानी आप इसी रेट पर सोना-चांदी खरीद सकेंगे। देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट का भाव 1,15,040 रहा। मुंबई में 1,14,890, अहमदाबाद में 1,14,940, चेन्नई में1,15,100, कोलकाता में1,14,890, लखनऊ में 1,15,040, बेंगलुरु में 1,14,890 तथा जयपुर में 1,15,040 रुपये रहा। चांदी की बात करें तो दिल्ली में 1,43,000 रुपये प्रति किलो, मुंबई में 14,640.36 , कोलकाता में 1,39,000, लखनऊ में 1,44,100 और पटना में 1,44,622 रुपये प्रति किलो रहा। हालांकि शुक्रवार की अपेक्षा शनिवार के दिन सोने के दामों में मामूली अंतर ही देखने को मिला है।

# 4-जी मोबाइल दूरसंचार नेटवर्क प्रौद्योगिकी का अनावरण किया



**मुंबई।** भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स (सी-डॉट) और तेजस नेटवर्क्स लिमिटेड के साथ मिल कर भारत टेलीकॉम स्टैक नाम से 4-जी मोबाइल दूरसंचार नेटवर्क प्रौद्योगिकी का अनावरण किया, जो पूरी तरह से भारत में डिज़ाइन और विकसित एक आधुनिक, सुरक्षित समाधान है।

टाटा कंसल्टेसी ने यहां एक बयान में कहा कि इस शुभारंभ के साथ, भारत दुनिया का पांचवां देश बन गया है, जो 4-जी और उससे आगे के लिए एक आत्मनिर्भर, स्वदेशी दूरसंचार प्रौद्योगिकी स्टैक विक. सित किया है। टीसीएस ने कहा है कि उसने युद्धस्तर पर काम कर के डेटा सेंटर स्थापित किया। कंपनी ने सी-डॉट के ईपीसी कोर एप्लिकेशन, तेजस के बेस स्टेशन और 1,00,000 से अधिक साइटों पर रेडियो इंफ्रास्ट्रक्चर स्थापित और चालू करके और सातों दिन चौबीसो घंटे नेटवर्क प्रबंधन के लिए अपने कॉग्निटिव नेटवर्क परिचालन प्लेटफार्म-टीसीएस सीएनओपीएसटीएम का उपयोग कर इस सफलता में अग्रणी भूमिका निभाई है। कंपनी ने कहा है कि इस परियोजना का संचालन टीसीएस, बीएसएनएल, दूरसंचार विभाग, सक्रिय मैकिन्से एंड कंपनी, सी-डॉट, तेजस, आई एंड सी पार्टनर्स आदि द्वारा 'मिशन-मोड' में किया जा रहा है। यह काम दो वर्ष के भीतर पूरा हुआ। यह बीएसएनएल के मौजूदा 2जी/3जी नेटवर्क इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ पूर्ण एकीकरण के साथ सबसे तेज़ 4-जी नेटवर्क परिनियोजनों में से एक बन गया है। बीएसएनएल के सीएमडी ए. रॉबर्ट जे रवि ने कहा कि आज हम राष्ट्रीय गौरव की एक ऐतिहासिक उपलब्धि का जश्न मना रहे हैं। टीसीएस, तेजस नेटवर्क्स और सी-डॉट के सहयोग से निर्मित हमारे स्वदेशी 4-जी नेटवर्क का राष्ट्रव्यापी प्रसार, आत्मनिर्भर भारत की एक शानदार घोषणा है। टीम बीएसएनएल के अथक समर्पण से जीवंत यह 'मेड इन भारत' स्टैक हमारे डिजिटल भविष्य को सुरक्षित करता है और यह सुनिश्चित करता है कि कनेक्टिविटी के फल प्रत्येक नागरिक को सशक्त बनाएं।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**तमिलनाडु:...**

में छोड़कर रैली से चले गए। एक्टर विजय की रैली में जुटी भीड़ को कंट्रोल करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया। लाठीचार्ज के बाद भगदड़ मची, जिससे हालात बिगड़ गए। एक्टर विजय ने 2 फरवरी को अपनी पार्टी लॉन्च की थी। इसके बाद 22 अगस्त को उन्होंने पार्टी का फ्लैग और सिम्बल लॉन्च किया था। चुनाव आयोग ने 8 सितम्बर को उनकी पार्टी को राजनीतिक पार्टी के रूप में आधिकारिक मान्यता दी थी। विजय पहले ही ऐलान कर चुके हैं कि राजनीति में आने के बाद वे फूल टाइम सिर्फ लोगों की सेवा करेंगे। 30 अप्रैल 2025 को रिलीज होने वाली थलपति 69 उनकी आखिरी फिल्म होगी। थलपति अपने पेरेंट्स समेत 11 लोगों के खिलाफ अपने नाम का गलत तरीके से इस्तेमाल करने पर शिकायत दर्ज करवा चुके हैं। दरअसल, विजय राजनीति से दूर रहना पसंद करते हैं, हालांकि उनके पिता एस. ए. चंद्रशेखर ने उनके नाम पर राजनीतिक पार्टी आल इंडिया थलपति विजय मक्कल इयक्कम बना ली। इस पार्टी के जनरल सेक्रेटरी भी विजय के पिता ही हैं। जब विजय को पता चला कि उनके नाम का इस्तेमाल कर लोगों को पार्टी से जोड़ा जा रहा है, तो उन्होंने पेरेंट्स समेत 11 अन्य लोगों के खिलाफ केस दर्ज करवा दिया। बता दें कि पार्टी के कार्यालय में विजय का एक विशाल स्टेच्यू भी बनाया गया था। एक्टर विजय थलापति ने 22 अगस्त को अपनी पार्टी का फ्लैग और सिम्बल जारी किया था। विजय थलापति 420 करोड़ रुपये के मालिक हैं साउथ एक्टर विजय फिल्मों और ब्रांड एंडोर्समेंट से सालाना 120 करोड़ रुपये कमाई करते हैं। उनकी कुल नेटवर्थ 420 करोड़ रुपए है। विजय अपने परिवार के साथ चेन्नई स्थित बीच होम में रहते हैं। वहीं उनके कार कलेक्शन में रोल्स रायस घोस्ट भी शामिल है, जिसकी कीमत करीब 2.6 करोड़ रुपए है। ये गाड़ी उन्होंने इंग्लैंड से इम्पोर्ट करवाई है।

**वांगचुक का...**

शक हुआ। बाद में गिरफ्तारी की खबर मिली। इसके बावजूद प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई। आयोजकों ने माना, हिंसा उन युवाओं से हुई जो 'काबू से बाहर' हो गए थे, लेकिन इसमें किसी विदेशी ताकत का हाथ नहीं है। लेह एपेक्स बॉडी (एलएबी) के सह-अध्यक्ष चेरिंग दोरजे ने गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि पुलिस और सीआरपीएफ ने न तो पानी की बौछारों का इस्तेमाल किया और न ही चेतावनी के लिए गोलियां चलाईं, बल्कि सीधे अंधाधुंध फायरिंग की। सोनम वांग. चुक को पहले से अंदेशा था कि सरकार उन्हें गिरफ्तार कर सकती है। एक दिन पहले ही उन्होंने कहा था कि इस मुद्दे पर कभी भी गिरफ्तार होना पड़े तो मुझे खुशी होगी, लेकिन अब उनकी गिरफ्तारी से माहौल शांत होने के बजाय और बिगड़ सकता है। माना जा रहा है कि इससे लद्दाख के प्रतिनिधियों और केंद्र सरकार के बीच चल रही बातचीत पर भी असर पड़ सकता है। वांगचुक पिछले पांच साल से लद्दाख के अधिकारों की लड़ाई का बड़ा चेहरा रहे हैं। उनकी गिरफ्तारी से लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। स्थानीय लोग मानते हैं कि वांगचुक हिंसा भड़काने वाले व्यक्ति नहीं हैं, बल्कि शांतिपूर्ण आंदोलन का नेतृत्व कर रहे थे।

**उप्र में...**

महसूस करता था। सीएम योगी ने कहा कि हर जिले के अंदर एक माफिया दे दिया था और हर माफिया को जिले के अंदर समानांतर सरकार चलाने की पूरी छूट दे दी थी। उत्तर प्रदेश न केवल बीमारू राज्य था, बल्कि उत्तर प्रदेश के नागरिकों के सामने पहचान का संकट भी था। हर व्यक्ति अपनी पहचान के लिए मोहताज था, न बेटी सुरक्षित न व्यापारी सुरक्षित। खेतीबाड़ी चौपट किसान आत्महत्या करता था, नौजवान की नौकरी पर सेंध लगती थी। उसकी नीलामी होती थी, चाचा-भतीजा दोनों वसूली के लिए निकल पड़ते थे। वसूली का गैंग चलता था, ट्रांसफर पोस्टिंग में इनके दलाल बोली लगाया करते थे और आप भी देखते होंगे जब हम ट्रांसफर पोस्टिंग करते हैं, तो आज भी उनकी पीड़ा झलक उठती है। हम लोगों ने उनके उस अनैतिक अवैध व्यापार पर कैसे प्रहार किया है? उनके सभी चेले चपाटे किस प्रकार से चिल्लाते हुए दिखाई देते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हम वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट और वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज दे रहे हैं। उन लोगों ने वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया दिया था। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब बेईमान और भ्रष्ट लोग सत्ता में आते हैं, तो वे उस सत्ता का शोषण और दुरुपयोग करेंगे, ठीक वैसे ही जैसे उत्तर प्रदेश के सामने पहचान का संकट पैदा हो गया था। हमने बुलडोजर उन्हीं लोगों के लिए बनाया है, जो जाति के नाम पर लोगों को भड़काते हैं और परिवार के नाम पर उनका शोषण करते हैं। सीएम योगी उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती में एक कार्यक्रम में पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कुछ लोग हैं, जिनको शांति अच्छी नहीं लगती। जब भी कोई हिन्दू पर्व आता है इनको गर्मी लगने लगती है और इनकी गर्मी शांत करने के लिए हमें डेंटिंग पेंटिंग करनी पड़ती है। सबको अपनी आस्था से शांति से त्योहार मनाने का हक है, लेकिन आस्था की आड़ में तोड़ फोड़ करोगे, तो ये सही नहीं है। हमें छेड़ोगे, तो हम छोड़ेंगे नहीं। आई लव मुहम्मद कहकर तोड़ फोड़, आगजनी करते हैं अगर ऐसे आतंक फैलाओगे, तो मां चंडी छोड़ेंगी नहीं, ये मां चंडी का पर्व है। सीएम योगी ने कहा कि अगर किसी ने प्रदर्शन करने का दुस्साहस किया और वो लोग जो कायरों की तरह बच्चों और महिलाओं को आगे किया, तो उन्हें भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। हमने किसी से भेदभाव नहीं किया। सबका साथ सबके विकास के लिए सरकार काम कर रही है, लेकिन कुछ लोगों को विकास अच्छा नहीं लगता। वो लोग तालिबान व्यवस्था पर विश्वास करते हैं, लेकिन ये उनकी मंशा जन्नत में भी पूरी नहीं होने वाली है, उनको पहले जहन्नुम में जाना होगा। देश विकास कर रहा है, लेकिन कुछ लोग विकास नहीं तालिबानी और दारुल इस्लाम की व्यवस्था चाहते हैं, जो चलेगी नहीं, उन्हें जन्नत नहीं जहन्नुम भी नसीब नहीं होगी।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिसीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# भू-उपयोग परिवर्तन के मामले निपटाने को चलेगा अभियान

## प्रदेश में लंबे समय से अटके हैं धारा 34 और 143 के कई केस

### कर्मियों को डीएम तत्काल करें कार्यमुक्त



शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** राज्य में भू-उपयोग परिवर्तन के कई मामले एक वर्ष से भी ज्यादा समय से लंबित हैं। अब उत्तराखंड राजस्व परिषद के अध्यक्ष एवं मुख्य सचिव आनंद वर्धन ने ऐसे पुराने मामलों के निपटारे के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव एवं अध्यक्ष राजस्व परिषद आनंद वर्धन ने शनिवार को राजस्व परिषद सभागार में जिलाधिकारियों के साथ राजस्व वादों की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने कहा कि धारा 34 एवं 143 से सम्बन्धित एक वर्ष से अधिक समय से लंबित वादों को अगले तीन माह में निपटारा कर लिया जाए।

**गंभीर अनियमितताओं पर हो कार्रवाई:** मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों को धारा - 34 और 143 से सम्बन्धित वादों में गंभीर अनियमितताओं पर तत्काल विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने तहसीलदार विकास नगर को वादों के निस्तारण में धीमी गति पर कारण बताओ नोटिस जारी किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वादों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की कोताही न की जाए।

मुख्य सचिव ने सभी जनपदों में ऑनलाइन म्यूटेशन प्रक्रिया लागू किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि आरसीएमएस पोर्टल शीघ्र ही पूर्णत: संचालित होने लगेगा। इससे रजिस्ट्री होते ही तत्काल म्यूटेशन की प्रक्रिया पूर्ण हो सकेगी। मुख्य सचिव ने जिलाधिकारियों को तहसील मुख्यालयों एवं एसडीएम कार्यालयों में भी ई-ऑफिस शीघ्र लागू किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां नेटवर्क एवं हार्डवेयर की अनुपलब्धता है, शीघ्र उपलब्ध कराए जाएं।

मुख्य सचिव ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि सेवा का अधिकार के अंतर्गत समस्त प्रमाणपत्रों के निर्गत किए जाने की समय सीमा का उल्लेख सम्बन्धित कार्यालयों के सम्मुख अनिवार्य रूप से चस्पा की जाए, ताकि आवेदकों को, उनके द्वारा आवेदित प्रमाण पत्र कब तक उपलब्ध हो जाएंगे, इसकी जानकारी मिल सके। इस अवसर पर सचिव एवं आयुक्त राजस्व परिषद रंजना राजगुरु सहित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनपदों से जिलाधिकारी एवं आयुक्त कुमाऊं दीपक रावत उपस्थित थे।

मुख्य सचिव ने जनपदों में कार्मिकों के स्थानान्तरण हो जाने के बावजूद जनपदों से कार्यमुक्ति न दिए जाने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बैठक समाप्ति के तत्काल बाद सभी स्थानान्तरित कार्मिकों को कार्यमुक्त किया जाए एवं जनपदों द्वारा आज शाम तक कार्यमुक्ति से सम्बन्धित प्रमाण पत्र उपलब्ध करा कर अवगत कराया जाए। मुख्य सचिव ने राजस्व वसूलियों से सम्बन्धित समितियों की बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जाएं। उन्होंने दोनों मंडलों के आयुक्तों को भी अपनी मासिक बैठकों में राजस्व वादों एवं राजस्व वसूली से सम्बन्धित मामलों की समीक्षा किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने रेवेन्यू रियलाइज. ेशन कमिटी, वन, वाणिज्य, रजिस्ट्रेशन और आरसीएस से सम्बन्धित बैठकों को भी नियमित रूप से आयोजित किए जाने के निर्देश दिए।

### एक वर्ष से पूर्व के मामले 3 माह में हो निस्तारित

मुख्य सचिव ने आपदा से क्षतिग्रस्त पटवारी चौकियों एवं तहसील भवनों का आंकलन शीघ्र भेजे जाने की बात कही है। उन्होंने कहा कि प्रमोशन के पदों के लिए पात्र कार्मिकों की प्रमोशन की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण की जाए, ताकि पटवारी, कानूनगो, नायब तहसीलदार आदि के पदों को शीघ्र भरा जा सके और वादों के निस्तारण में तेजी आए।

### राज्य के शैक्षणिक संस्थानों मे एवीवीपी का परचम शुभ संकेत: भट्ट

**देहरादून ।** भाजपा ने प्रदेश छात्र संघ चुनाव में एबीवीपी को मिली 90 प्रतिशत से अधिक जीत पर खुशी जताते हुए कहा कि कालेज कैंपस मे युवाओं की यह सफलता पार्टी के लिए शुभ संकेत और विपक्षियों के मंसूबों पर करारी चोट है। छात्रों की जीत को बड़ी उपलब्धि बताते हुए प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि उन्हे जीत के इस सिलसिले को बनाये रखने की जरूरत है। उन्होंने छात्र संघ चुनाव के सभी मतदाताओं को भी अपने लोकतांत्रिक अधिकार के उपयोग पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि जिस तरह राज्य के अधिकांश शिक्षण संस्थानों, विश्वविद्यालय मे एवीवीपी के उम्मीदवारों ने एक तरफ जीत दर्ज की है, वह प्रदेश की युवाओं की राष्ट्रवादी सोच को उजागर करता है।

# लापता डिजिटल पत्रकार की उच्च स्तरीय जांच हो : मनोज कोहली

### पालिकाध्यक्ष चिन्यालीसौड़ ने पुलिस महानिदेशक को लिखा खत

शाह टाइम्स संवाददाता

**उत्तरकाशी।** पालिकाध्यक्ष चिन्यालीसौड़ मनोज कोहली 'श्याम' ने पुलिस महानिदेशक, उत्तराखण्ड पत्र लिखकर 18 सितंबर को उत्तरकाशी से रहस्यमयी परिस्थितियों में लापताडिजिटल पत्रकार राजीव प्रताप उच्च स्तरीय जांच की मांग उठाई है।

उन्होंने शनिवार को गृहमंत्री मुख्यमंत्री एवं पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखकर अवगत करवाया है कि उत्तरकाशी के स्वतंत्र पत्रकार राजीव प्रताप 18 सितंबर को रात से रहस्यमयी परिस्थितियों में लापता है ये घर से निकले थे और अगले दिन उनकी कार भागीरथी नदी के किनारे मिली लेकिन आज तक उनका कोई पता नहीं चल पाया है। इस घटना के बाद परिवार और स्थानीय जनता गहन चिंता एवं असमंजस में है,। उन्होंने कहा कि कि राजीव प्रताप निरंतर जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाते रहे हैं, हाल ही में उन्होने जिला अस्पताल जनपद उत्तरकाशी में व्याप्त अनियमितताओं, दवाओं की कमी और मरीजों की दयनीय स्थिति का एक वीडियो जारी किया था, जो व्यापक रूप में प्रसारित हुआ इसके साथ ही वे विभिन्न विभागों की कार्यप्रणालियों और क्षेत्रीय स्तर पर हो रही गड़बड़ियों को भी उजागर करते रहे हैं, परिवार. जनों द्वारा बताया गया है कि इन सब कारणों से उन्हें धमकियाँ मिल रही थी और साजिश की आंशका व्यक्त की है। दुर्भाग्यवश जनपद उत्तरक. ाशी पुलिस की कार्यवाही अभी तक अपेक्षित स्तर की नहीं रही है जिसके कारण राजीव प्रताप का कोई ठोस सुराग नहीं मिल पाया है, यह स्थिति क्षेत्रीय जनता में आक्रोश पैदा कर रही है साथ ही आन्दोलन के लिए बाध्य हो रही है। यह प्रकरण केवल एक गुमशुदगी नहीं है बल्कि पत्रकारिता की स्वंतत्रता और जनहित के मुद्दों को उजागर करने वालो की सुरक्षा से भी सीचा संबंध रखता है, क्षेत्र के लोग इस घटना के अत्यंत विचलित है और चाहते है कि शीघ्ता से सच्चाई समाने आए तथा परिवार को न्याय मिले। उन्होंने मामले में उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच की मांग की है।

# पेपर लीक व अग्निपथ योजना के खिलाफ कांग्रेस ने खोला मोर्चा

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** उत्तराखंड में हाल ही में संपन्न यूके ट्रिपल-एससी परीक्षा में पेपर लीक की गूंज अब तेज होती जा रही है। कांग्रेस ने इस गंभीर मामले की सीबीबाई से जांच हाईकोर्ट के सिटिंग जज की निगरानी में करवाने की मांग को लेकर आंदोलन तेज कर दिया है।

शनिवार को प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने प्रेस वार्ता में ऐलान किया कि 3 अक्टूबर को कांग्रेस कार्यकर्ता मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार इस मामले को गंभीरता से लेने की बजाय रिटायर्ड जज से जांच का ढोंग कर रही है, जो बेरोजगार युवाओं और कांग्रेस दोनों को स्वीकार नहीं है। धस्माना ने स्पष्ट किया कि यह लड़ाई भ्रष्टाचार, नकल माफिया और सरकार की उदासीनता के खिलाफ है। जो लोग आज आजादी के नारे से डरते हैं, वे वही हैं जो 1942 और 1947 में भी आजादी के खिलाफ थे। कहा कि 4 अक्टूबर से अग्निपथ योजना के खिलाफ रथ यात्रा व हस्ताक्षर अभियान शुरू किया जाएगा। कांग्रेस पूर्व सैनिक विभाग के अध्यक्ष कर्नल राम रतन सिंह नेगी के नेतृत्व में 4 अक्टूबर से प्रदेशव्यापी रथ यात्रा शुरू होगी। इस यात्रा का उद्देश्य है अग्निपथ योजना को रद्द कर पुरानी सेना भर्ती प्रक्रिया को बहाल करना। यात्रा तीन चरणों में देहरादून से शुरू होकर गढ़वाल, कुमाऊं और फिर हरिद्वार-उधमसिंह नगर तक पहुंचेगी। इसके अंतर्गत रैलियां, गोष्ठियां, पदयात्राएं और हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा।

# दहेज के लिए बहू की निर्मम हत्या: पति को 7 साल, सास को 3 साल की कैद

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** दहेज की बलि चढ़ी एक विवाहिता के मामले में अदालत ने कठोर निर्णय सुनाते हुए ससुराल पक्ष के तीन सदस्यों को कारावास की सजा सुनाई है। अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर मारपीट, तीन तलाक और फिर पेट्रोल डालकर जलाने के सनसनीखेज मामले में एडीजे फर्स्ट की कोर्ट ने पति को 7 साल की कठोर कैद की सजा दी है, जबकि सास और देव. रानी को भी सलाखों के पीछे भेजा गया है। यह फैसला दहेज उत्पीड़न और घरेलू हिंसा के खिलाफ एक कड़ा संदेश है।

**जानलेवा हमला और तीन तलाक:** सहायक अधिवक्ता अरविंद कपिल ने बताया कि 22 अगस्त 2019 को स्थिति तब बिगड़ गई जब सीमा के पति अमजद अली, सास रईसा, देवरानी अल्फिया, ननद यासमीन और जेठ आबिद ने मिलकर उसे बुरी तरह पीटा। घटना के दौरान, पति अमजद अली ने पीड़िता को सबके सामने तीन तलाक दिया और कहा कि जो तुझसे व तेरी मोदी सरकार से हो वह कर लेना, कपिल ने कोर्ट में बताया। इसके तुरंत बाद, पति सहित अन्य आरोपियों ने मिलकर सीमा पर मिट्टी का तेल डाला और आग लगा दी। गंभीर रूप से झुलसी सीमा को कोरोनेशन अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### कोर्ट का फैसला



क्लेमनटाउन थाने में दर्ज मुकदमे की सुनवाई एडीजे फर्स्ट की कोर्ट में चली। कोर्ट ने सभी साक्ष्यों पर विचार करते हुए मुख्य आरोपी पति अमजद अली को दोषी पाया और उसे 7 साल की कैद तथा 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। पीड़िता की सास रईसा को 3 साल की कैद और 10 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया है। वहीं, देवरानी अल्फिया को 2 साल की साधारण कैद और 5 हजार रुपये जुर्माना देना होगा। हालांकि, कोर्ट ने साक्ष्यों के अभाव में अन्य आरोपियोंख्रसबिना, यासमीन और आबिदख्रको बरी कर दिया।यह निर्णय उन परिवारों के लिए एक महत्वपूर्ण न्यायिक हस्तक्षेप है जो आज भी दहेज की क्रूर परंपरा के शिकार हो रहे हैं। सीमा के परिजनों को अब उम्मीद है कि इस फैसले से उन्हें न्याय मिलेगा।

### क्या था मामला ?

यह घटना 22 अगस्त 2019 की है, जब सीमा अहमद नामक विवाहिता को उसके ससुराल वालों ने दहेज और गाड़ी की मांग को लेकर प्रताड़ित किया। सीमा का विवाह अमजद अली के साथ फरवरी 2019 में हुआ था। विवाह के एक माह बाद से ही पति, सास रईसा और अन्य परिजन उसे दहेज के लिए ताने मारते और मारपीट करते थे।अभियोजन पक्ष के अनुसार, ससुराल वालों ने पहले सीमा को मारपीट कर घर से निकाल दिया था, लेकिन बाद में रिश्तेदारों की मध्यस्थता से समझौता हुआ और वह वापस लौट आई। हालांकि, समझौते के बाद भी प्रताड़ना बंद नहीं हुई।

# थारकोट और कालानाग पर्वतारोहण अभियान का शुभारंभ

### विश्व पर्यटन दिवस पर उत्तराखंड से नई ऊंचाइयों की ओर बढ़े कदम



**देहरादून।** विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर उत्तराखंड ने एक और साहसिक अध्याय जोड़ते हुए युवाओं को हिमालय की गोद में नई चुनौती के लिए रवाना किया। उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को देहरादून स्थित उत्तरी सीमांत मुख्यालय से माउंट थारकोट (6099 मी.) व माउंट कालानाग (6387 मी.) पर्वतारोहण अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उत्तराखंड के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने अभियान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस पर्वतारोहण दल में उत्तराखंड के 12-12 युवा छात्र-छात्राएं और आईटीबीपी के 8-8 अनुभवी पर्वतारोही शामिल हैं। कुल 40 सदस्यीय दल को दो भागों में विभाजित कर, एक दल को बागेश्वर स्थित माउंट थारकोट, तथा दूसरे को उत्तरकाशी स्थित माउंट कालानाग की चढ़ाई के लिए रवाना किया गया। यह अभियान आगामी 20 से 25 दिनों में पूरा होगा।

**आईटीबीपी का मजबूत सहयोग**

आईटीबीपी के महानिरीक्षक संजय गुंज्याल ने जानकारी दी कि अभियान की सुरक्षा के लिये विशेष चिकित्सा दल तैनात किया गया है, साथ ही 24 घंटे हवाई एम्बुलेंस सुविधा भी मुहैया कराई गई है, ताकि आपात स्थिति में त्वरित सहायता दी जा सके।

# पेपर लीक प्रकरण: न्यायमूर्ति यूसी ध्यानी की अध्यक्षता में जांच आयोग गठित

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** राज्य सरकार ने स्नातक स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा-2025 में कथित नकल के आरोपों की जांच के लिए सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति यू.सी. ध्यानी (उच्च न्यायालय, नैनीताल) की अध्यक्षता में एक एकल सदस्यीय जांच आयोग के गठन की घोषणा की है। यह निर्णय जनहित एवं लोक महत्व को ध्यान में रखते हुए सम्यक् विचारोपरांत लिया गया है।

ज्ञात हो कि 21 सितम्बर 2025 को आयोजित परीक्षा के दौरान नकल की शिकायतें सामने आई थीं। इन आरोपों की गंभीरता को देखते हुए राज्य सरकार ने जांच आयोग अधिनियम, 1952 की धारा 3 के तहत न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं। सरकार ने प्रारंभ में यह जिम्मेदारी न्यायमूर्ति बी. एस. वर्मा (सेवानिवृत्त) को सौंपने का प्रस्ताव दिया था, लेकिन उन्होंने समयाभाव और निजी कारणों से असमर्थता जताई। इसके बाद राज्य सरकार ने न्यायमूर्ति यू.सी. ध्यानी को आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया। जारी आदेश के अनुसार, आयोग को अन्य अधिकारियों व विशेषज्ञों का सहयोग लेने की स्वतंत्रता होगी। आयोग का कार्यक्षेत्र सम्पूर्ण राज्य रहेगा तथा वह विभिन्न स्रोतों से प्राप्त शिकायतों, सूचनाओं और तथ्यों का परीक्षण करेगा। इसके अतिरिक्त आयोग, 24 सितम्बर 2025 को गठित विशेष जांच दल (SIT) की आख्या का संज्ञान लेकर आवश्यकतानुसार उसे विधिसम्मत मार्गदर्शन भी प्रदान करेगा।

# चमोली में बच्चों से कार धुलवाने पर सहायक अध्यापक निलंबित

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून/ चमोली।** चमोली जनपद के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय जूनीधार में छात्रों से अपनी कार धुलवाने वाले सहायक अध्यापक घनश्याम तिवाड़ी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। साथ ही इस प्रकरण की जांच उप शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक शिक्षा थराली को सौंप दी है, जो एक सप्ताह के भीतर जिला शिक्षा अधिकारी बेसिक शिक्षा को विस्तृत जांच रिपोर्ट से सौंपेगी।

सूबे के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे छात्रों से कार धुलवाने वाले वीडियो का तत्काल संज्ञान लेते हुये आरोपी शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये। जिसके क्रम में चमोली जनपद के जिला शिक्षा अधिकारी (बेसिक) ने अनुशासनात्मक कार्रवाई कर राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय जूनीधार के सहायक अध्यापक घनश्याम तिवाड़ी को तात्कालिक प्रभाव से निलंबित कर उनको मुख्यालय उप शिक्षा अधिकारी कार्यालय थराली अटैच कर दिया गया है। साथ ही इस प्रकरण की जांच उप शिक्षा अधिकारी बेसिक शिक्षा थराली को सौंप दी है। जांच अधिकारी प्रकरण की ठोस जांच कर एक सप्ताह के अंदर अपनी रिपोर्ट जिला शिक्षा अधिकारी बेसिक को सौंपेंगे।



सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो जिसमें राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय जूनीधार में छात्रों से गाड़ी धुलवाई जा रही, बड़ा पीड़ादायक है। छात्रों को पढ़ने की जगह निजी कार्य करवाना कर्मचारी आचरण नियमावली का उल्लंघन है। ऐसी हरकतों को कतई भी बर्दाश्त नहीं किया जायेगा... **डॉ धन सिंह रावत, विद्यालयी शिक्षा मंत्री, उत्तराखंड।**

# पर्यटन अब रोजगार की राह बना रहा आसान

पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा, कि प्रदेश में साहसिक पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए जल व वायु खेलों के अंतर्गत विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। पहली बार महिलाओं के लिए राफ्टिंग एवं गाइड प्रशिक्षण, गाइडों को फर्स्ट एड प्रशिक्षण और पर्वतारोहण के लिए बेसिक व एडवांस कोर्स के लिये छात्रवृत्तियाँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। शीतकालीन चारधाम यात्रा को इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप भव्य रूप से संचालित किया जाएगा। साथ ही, वर्ष 2025 के लिए घोषित ट्रेक ऑफ दे इयर में शामिल बनकटिया ग्लेशियर ट्रेक (पिथौरागढ़), गुलाबी कांठा ट्रेक (उत्तरक. ाशी), चेणाप वैली ट्रेक (चमोली) को शीतकालीन सत्र में भी आयोजित किया जाएगा, जिससे पर्यटक हिमालय की अद्भुत बर्फीली खूबसूरती का अनुभव कर सकें।

### ट्रेकिंग के लिए होगा डिजिटल प्लेटफॉर्म: धीरज

पर्यटन सचिव धीरज गर्ब्याल ने जानकारी दी कि, राज्य के सभी ट्रेक रूट्स की मैपिंग की जा रही है और एक विशेष मोबाइल एप विकसित हो रहा है, जिससे पर्यटकों को संपूर्ण जानकारी एक क्लिक में उपलब्ध हो सकेगी। उत्तराखंड की 25वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में हाई-एल्टीट्यूड मैराथन-परिक्रमा रन का आयोजन पिथौरागढ़ स्थित गुंजी में पहली बार किया जाएगा। 2 नवम्बर को होने वाली हाई-एल्टीट्यूड मैराथन के लिए आज व कल (27-28 सितम्बर) रजिस्ट्रेशन नि:शुल्क किया गया है।

# सैन्यधाम राज्य सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट : जोशी

**सैनिक कल्याण मंत्री ने किया निर्माणाधीन सैन्यधाम का निरीक्षण**

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने शनिवार को देहरादून स्थित गुनियाल गांव में निर्माणाधीन सैन्यधाम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोकार्पण से पूर्व सभी अंतिम चरण के कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण किया जाए।

सैनिक कल्याण मंत्री जोशी ने कहा कि सैन्यधाम राज्य सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट है, जो उत्तराखंड की वीरभूमि की भावना और शहीदों के सम्मान को समर्पित है। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही तिथि तय कर यह धाम प्रदेश की जनता को समर्पित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस भव्य धाम में उत्तराखंड के 1734 शहीदों के आंगन की मिट्टी और गंगा, यमुना सहित कई पवित्र नदियों का जल सम्मिलित किया गया है, जिससे यह स्थल आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण बनता है।



उन्होंने विश्वास जताया कि जिस प्रकार श्रद्धालु चारधाम के दर्शन के लिए आते हैं, उसी प्रकार लोग सैन्यधाम में भी आकर शहीदों को नमन करेंगे। इस अवसर पर निदेशक सैनिक कल्याण (से.नि.) ब्रिगेडियर अमृतलाल लाल, उपनिदेशक कर्नल (से.नि.) योगेन्द्र कुमार, उपनिदेशक विंग कमांडर (से.नि. ) निधि बधानी, परियोजना निद. ेशक रवींद्र कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### उत्तराखण्ड सैनिक कल्याण विभाग को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित करेगा रक्षा मंत्रालय

**देहरादून ।** सैनिक कल्याण विभाग के निदेशक ने विभागीय मंत्री गणेश जोशी को जानकारी दी गई कि राष्ट्रीय स्तर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा आगामी नेशनल कॉन्क्लेव 2025 में उत्तराखण्ड सैनिक कल्याण विभाग को सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उत्तराखण्ड द्वारा पूर्व सैनिकों के कल्याण, पुनर्वास तथा सैनिक-केंद्रित कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन में प्रस्तुत किए गए अनुकरणीय उदाहरण के लिए प्रदान किया जाएगा। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान केवल उत्तराखण्ड सरकार का नहीं, बल्कि हमारे वीर सैनिकों और उनके परिजनों की अदम्य भावना का सम्मान है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सदैव पूर्व सैनिकों एवं शहीद परिवारों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध रही है और आगे भी इस दिशा में नये आयाम स्थापित करती रहेगी।



# धारा-34 के वाद तीन माह में निस्तारित करने के निर्देश

■ मुख्य सचिव आनंद वर्धन ने तहसीलदारों पर कड़ा रुख अपनाने की दी चेतावनी जिलाधिकारी ने पटवारी चौकियों के पुनर्निर्माण और नए प्रस्तावों की दी जानकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** उत्तराखंड राजस्व विभाग की प्रमुख गतिविधियों की समीक्षा हेतु मुख्य सचिव और अध्यक्ष, राजस्व परिषद आनंद वर्धन की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभागीय कार्यों की प्रगति, लंबित मामलों के निस्तारण और अधोसंरचना से जुड़े प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा हुई।

मुख्य सचिव आनंद वर्धन ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि धारा-34 के अंतर्गत लंबित वादों का निस्तारण आगामी तीन माह के भीतर हर हाल में किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि निर्धारित समयावधि में निस्तारण पूरा नहीं हुआ तो संबंधित तहसीलदारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

आयुक्त एवं सचिव, राजस्व परिषद रंजना राजगुरु ने सभी जनपदों के तहसील और जिला कार्यालयों में एर्मढिछवदमझ-वपबम के अधिकतम प्रयोग पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यदि किसी जनपद में तकनीकी या अन्य समस्या आ रही है तो तुरंत सूचित किया जाए। साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सभी जिलों से ऑडिट आपत्तियों के उत्तर शीघ्र प्रेषित किए जाएं, ताकि कार्यवाही समय पर पूरी की जा सके।

बैठक में सभी जिलों के जिलाधिकारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अपनी-अपनी स्थितियों की जानक. ारी साझा की। टिहरी गढ़वाल से जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल ने अवगत कराया कि तहसील बालगंगा का कार्य प्रगति पर है, जबकि तहसील नैनबाग का कार्य पूर्ण कर वहां शिफ्टिंग भी की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त तहसील कीर्तिनगर का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है।

उन्होंने यह भी बताया कि हाल ही में आई आपदा में जनपद की कई पटवारी चौकियों को क्षति पहुंची है। इस संबंध में 26 पटवारी चौकियों के पुनर्निर्माण तथा 6 नए वाहनों के प्रस्ताव शासन को भेज दिए गए हैं।

बैठक में अपर जिलाधिकारी अवधेश कुमार, राजस्व विभाग के प्रशासनिक अधिकारी वाई.के. धीमान, अजय पल नेगी, लेखवार नेगी, भारत भंडारी, विनोद लाल, गोदम्बरी डबराल, धीरज शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# निर्माणाधीन पुल टूटने के दोष में दो लोगों को सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** बद्रीनाथ हाईवे पर नरकोटा में निर्माणाधीन पुल दुर्घटना में दो आरोपियों को न्यायालय ने दोषी पाते हुए सजा सुनाई है। पुल का निर्माण आरसीसी कम्पनी द्वारा किया जा रहा था। वर्ष 2022 में कंपनी के खराब प्रबंधन की वजह से पुल टूट कर गिर गया, जिसमे कई मजदूर गंम्भीर रूप से घायल हो गए, जबकि कुछ मजदूरों की मृत्यु हो गई। पुलिस के समक्ष पीड़ित पक्ष द्वारा मुकदमा पंजीकृत करने के बाद अभियुक्तगणों के विरूद्ध विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में विचारण के लिए पहुंचा, जहां दोनों दोषियों को सजा सुनाई गई।

शनिवार को मामले मे मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अशोक कुमार सैनी की अदालत में फैसला सुनाते हुए अभियुक्त ज्योति प्रकाश शर्मा एवं मुकेश गुप्ता को आरोपित अपराध के तहत धारा 337,338,304ए भारतीय दण्ड संहिता के आरोप में दोषसिद्ध किया गया। दोनों अभियुक्तणों को प्रत्येक अपराध के तहत धारा 337 भारतीय दण्ड संहिता 1860 के आरोप मे 6-6 माह का कठोर कारावास तथा धनराशि 500-500 रूपये के जुर्माने से भी दण्डित किया गया। जुर्माना अदा ना करने पर प्रत्येक अभियुक्तगण एक-एक सप्ताह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा।

वहीं धारा 338 भारतीय दण्ड संहिता 1860 के आरोप में 2-2 वर्ष के कठोर कारावास की सजा तथा धनराशि 1000-1000 रूपये के जुर्माने से भी दण्डित किया गया, जुर्माना अदा न करने पर प्रत्येक अभियुक्तण एक-एक माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा।

अभियुक्तगणों को धारा 304ए भारतीय दण्ड संहिता 1860 के आरोप में 2-2 वर्ष के कठोर कारावास से तथा धनराशि 10000-10000 दस हजार रूपये के जुर्माने से भी दण्डित किया गया। जुर्माना अदा ना करने पर प्रत्येक अभियुक्तगण एक-एक माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना पड़ेगा। सभी सजाएं पृथक-पृथक चलेंगी। राज्य सरकार की ओर से प्रभावी पैरवी अभियोजन अधिकारी प्रमोद चन्द्र आर्य ने की। उक्त मामला लोक महत्व एवं जनहित का है, जिसमे निर्माणधीन पुल टूट कर नीचे गिरने से जान-माल की अपूर्णनीय हानि हुई है।

## छात्रों ने निकाली प्रेरक रैली, प्रधानाचार्य ने दिया संदेश

**कोटद्वार ।** नवयुग पब्लिक स्कूल, मोटाढांक में स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता पखवाड़े की रैली का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया और स्वच्छता का संदेश आम जनता तक पहुँचाया। रैली की शुरुआत स्कूल की प्रधानाचार्या नीलम नेगी के प्रेरक संबोधन से हुई। उन्होंने छात्रों को स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया और भारत सरकार की स्वच्छ भारत मुहिम में सक्रिय भागीदारी करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रधानाचार्या ने कहा कि स्वच्छता न केवल स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता के लिए आवश्यक है, बल्कि यह हमारे देश की सुंदरता और गौरव को भी दर्शाती है।

# देव डोली नृत्य के साथ मनाया विश्व पर्यटन दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भटवाड़ी** (उत्तरकाशी): पर्यटक स्थल दयारा बुग्याल के तलहटी में बसे अति रमणीक स्थल नटीन गांव में विगत वर्षो की भांति इस बार भी विश्व पर्यटन दिवस मनाया गया। ग्रामीणों और पर्यटकों ने देव डोली नृत्य और पौराणिक रासों नृत्य किया है। इस आयोजन का उद्देश्य क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देना और स्थानीय संस्कृति का प्रदर्शन करना है । दयारा विश्व पर्यटन समिति के अध्यक्ष राजकेन्द्र थनवाण ने बताया गया कि बीतें माह तीर्थाटन व पर्यटन के क्षेत्र में देश दुनिया प्रसिद्धि धराली गांव में आई त्रासदी जिसमें दो माह का समय होने वाले हैं और वहां लोगों के शव दबे पड़े हैं जिस घटना को हम इस कार्यक्रम के माध्यम से आपदा में लापता लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुऐ दो मिनट का मौन रखकर शोक व्यक्त किया है। इस कार्यक्रम को सुक्ष्म रूप में स्थानीय देव डोली व पारम्परिक रासों नृत्य के साथ मनाने का फैसला लेते हुए इस बार यह कार्यक्रम सूक्ष्म रूप में मनाया ध्है । अगली बार हम इसे वृहद रुप में मनाने का प्रयास करेंगे।



इस भी पूर्व की भांति इस क्षेत्र को पर्यटन के रुप में पहचान दिलाने वाले पूर्व ब्लाक प्रमुख स्व० चन्दन सिंह राणा को याद करते हुए उनकी प्रतिमा के सामने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई और देव डोली पुजन , रासो नृत्य एवं बुग्यालों से आये देव पुष्प पर समेश्वर देवता नृत्य आदि कार्यक्रम की सौभा रही । और अतिथियों को देव पुष्प आदि स्वागत भेंट के रुप में दिये गये ।

इस दौरान ग्राम प्रधान नटीन सोना देवी, ग्राम प्रधान रैथल बुद्धि लाल, ग्राम प्रधान बन्द्राणी अंतर रमोला, ग्राम प्रधान भटवाड़ी विवेक नौटियाल, ग्राम प्रधान द्वारी सज्जन सिंह नेगी,क्षेत्र पंचायत सदस्य मोहन कुशवाह, पूर्व ग्राम प्रधान कमला देवी,पूर्व ग्राम प्रधान नटीन महेन्द्र पोखरियाल, पूर्व ग्राम प्रधान क्यार्क विपिन राणा,पंच मालगुजार नटीन बचन सिंह रावत, मालगुजार रैथल किशन सिंह राणा, मालगुजार बन्द्राणी सुन्दर सिंह भण्डारी, युवक मंगलदल अध्यक्ष रविन्द्र सिंह, महिला मंगलदल अध्यक्षा उष्मा देवी, बलवन्त राणा,जगेन्द्र थनवाण, विरेन्द्र सिंह रावत, ,पंचगाई यज्ञ समिति अध्यक्ष जगमोहन सिंह रावत,शिव सिंह पौखरियाल,मनवीर रावत, सहेन्द्र राणा, सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहें।

**एक नजर .......**

## प्रतापनगर में 29 और 30 सितम्बर को लगेगा बहुउद्देशीय स्वास्थ्य शिविर

नई टिहरी। स्वस्थ नारी सशक्त परिवार योजना के तहत विकासखंड प्रतापनगर में दो दिवसीय बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रतापनगर के चिकित्सा प्रभारी डॉ. कुलभूषण त्यागी ने बताया कि 29 सितम्बर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापनगर में और 30 सितम्बर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौंड (लंबगांव) में ये शिविर आयोजित होंगे। शिविरों में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों की जांच और उपचार किया जाएगा। इसके साथ ही महिला स्वास्थ्य और परिवार कल्याण से जुड़ी कई सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। डॉ. त्यागी ने बताया कि इन शिविरों में आने वाले लाभार्थियों को विभिन्न लोककल्याणकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी भी दी जाएगी, ताकि अधिक से अधिक लोग सरकारी सुविधाओं का लाभ उठा सकें।

## पर्यटन विभाग द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के लिए निशुल्क धार्मिक यात्रा की शुरुआत

**कोटद्वार।** उत्तराखण्ड सरकार पर्यटन विभाग द्वारा कोटद्वार क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों के लिए निशुल्क धार्मिक यात्रा की शुरूआत की गयी है। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए सहायक पर्यटन अधिकारी मुकुल राठी ने बताया कि कोटद्वार क्षेत्र के 60 साल से अधिक आयु के लोगों के लिए दीन दयाल उपाध्याय मात्र पितृ तीर्थाटन योजना शुरू की गई है, जिसमें श्री बद्रीनाथ धाम की निशुल्क यात्रा का आयोजन किया जा रहा है, इस यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन भी शुरू हो चुके है। इस यात्रा में वरिष्ठ नागरिकों का आना -जाना, आवास और भोजन पर्यटन विभाग द्वारा किया जाएगा। वहीं, कोटद्वार विधायक व विधानसभा अध्यक्ष ऋतु भूषण ने बताया कि कोटद्वार क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान में यह धार्मिक यात्रा आयोजित की गई है। इसके लिए इच्छुक व्यक्ति किसी भी कार्य दिवस में 10 से 5 बजे तक पर्यटन कार्यालय कोटद्वार, जिला उद्योग केंद्र के पीछे संपर्क कर सकते है। इस यात्रा को लेकर अब तक 25 से अधिक वरिष्ठ नागरिक रजिस्ट्रेशन करा चुके है। ये यात्रा 4 दिन 3 रात की होगी, जिसमें कोटद्वार से बद्रीनाथ तक आना जाना आवास और भोजन सभी कुछ पर्यटन विभाग द्वारा किया जाएगा।

## पेपर लीक के खिलाफ आज कोटद्वार में गूंजेगी युवा आक्रोश रैली

**कोटद्वार ।** प्रदेश में पेपर लीक प्रकरण को लेकर युवा और छात्रों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। बेरोजगारी और धांधली के खिलाफ प्रदेशभर में छात्र-युवा सड़कों पर उतर आए हैं। इसी क्रम में उत्तराखंड बेरोजगार संघ के नेतृत्व में और विभिन्न संगठनों के समर्थन से रविवार, 28 सितंबर को सुबह 11 बजे देवी मंदिर, कोटद्वार में एक विशाल युवा आक्रोश रैली का आयोजन किया जा रहा है। इस रैली का उद्देश्य बेरोजगार युवाओं की आवाज को और मजबूत करना तथा पेपर लीक प्रकरण की सीबीआई जांच की मांग को तेज करना है।

# मेले को लेकर सीडीओ ने की अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक

■ मेले की व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा, समितियों को समन्वय बनाकर समय पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश सांस्कृतिक कार्यक्रमों से लेकर सुरक्षा और स्वच्छता तक सभी पहलुओं पर बनी कार्ययोजना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** सरस मेला-2025 को सफल और आकर्षक बनाने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी वरूणा अग्रवाल ने अपने कार्यालय कक्ष में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर मेले की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में गठित विभिन्न समितियों द्वारा अब तक किए गए कार्यों की जानकारी ली गई और आगे की कार्ययोजना पर दिशा-निर्देश दिए गए।

सीडीओ ने कहा कि सरस मेला सिर्फ एक आयोजन नहीं बल्कि स्थानीय कला, संस्कृति, शिल्प और ग्रामीण उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का अवसर है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं आपसी समन्वय और समयबद्ध ढंग से पूरी की जाएं ताकि मेले के दौरान किसी प्रकार की कमी न रह जाए।

बैठक में पंडाल और स्टॉल की व्यवस्था, साज-सज्जा, आमंत्रण पत्र वितरण, प्रतिभागियों का पंजीकरण, वीआईपी प्रबंधन, आवास, प्रचार-प्रसार, जलपान, स्वच्छता, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, स्वास्थ्य सुविधाएं, परिवहन, हैलीपैड की तैयारी, अग्निशमन और सामान्य सुरक्षा जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। सीडीओ ने कहा कि सभी समितियां अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से निभाएं और समन्वय के साथ कार्य करें।

उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम, रोजगार मेला, गोष्ठियां, सम्मेलन और साक्षरता शिविर जैसे आयोजन भी समय पर तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी संबंधित अधिकारियों को प्रतिभागियों को दिए जाने वाले प्रमाणपत्रों हेतु मंगलवार तक डेटा उपलब्ध कराने को कहा गया।

इस अवसर पर पीडी डीआरडीए पी.एस. चौहान, डीडीओ मो. असलम, डीटीडीओ एस.एस. राणा, अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई बृजेश गुप्ता, जिला सेवायोजन अधिकारी लक्ष्मी यादव, एआरटीओ सत्येंद्र राज, एएमए जिला पंचायत भागवत पाटनी समेत अन्य अधिकारी भौतिक एवं वर्चुअल माध्यम से बैठक में मौजूद रहे।

## छात्र संघ चुनाव संपन्न सभी पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए

**नई टिहरी।** फूल सिंह बिष्ट राजकीय महाविद्यालय लंबगांव में छात्र संघ चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गए। इस चुनाव में सभी पदों पर उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हुए। अध्यक्ष पद पर सचिन कलूड़ा, उपाध्यक्ष पद पर दीया, सचिव पद पर रजिता वर्तवाल, सहसचिव पद पर शालू, कोषाध्यक्ष पद पर किरण और विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पद पर सुलभ सिंह राणा ने निर्विरोध जीत हासिल की।महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. राकेश कुमार ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

# यात्रियों के न पहुंचने से स्थानीय व्यवसायी काफी परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** द्वितीय चरण की केदारनाथ धाम यात्रा में भक्तों की संख्या में भारी कमी आने से स्थानीय लोग काफी परेशान हो गये हैं। स्थानीय व्यवसायियों का कहना है कि सरकार की कमियों के कारण यात्रा नहीं चल पा रही है।

यात्रा से जुड़े लोगों का कहना है कि प्रदेश सरकार की ओर से भी यात्रा पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। पहली बार देखा जा रहा है कि मानसून सीजन पूरी तरह से समाप्त होने के बाद बेहद कम संख्या में यात्री पहुंच रहे हैं। गौरीकुंड-केदारनाथ मजदूर संघ यूनियन के पदाधिकारियों ने कहा कि इस वर्ष केदारघाटी आपदा से बची रही।

केदारनाथ धाम सहित पैदल यात्रा मार्ग व केदारघाटी में आपदा का प्रकोप देखने को नहीं मिला। इस वर्ष का यात्रा सीजन पहले से ही निराशाजनक रहा। यात्रा के शुरूआती चरण में यात्रा में संचा. लित होने वाले घोड़े-खच्चर बीमार हो गये। बीमारी के कारण कई घोड़े-खच्चरों की मौत भी हो गई। जिस कारण कई दिनों तक यात्रा में घोड़े-खच्चरों की आवाजाही पर रोक लगी। किसी तरह घोड़े-खच्चर ठीक हुये, उसके बाद हेली हादसों ने यात्रियों की चिंताएं बढ़ा दी। बाद में मानसून सीजन शुरू होने पर यात्रा चौपट हो गई। बाकी असर उत्तराखंड में आई आपदाओं ने पूरी कर दी। आपदाओं के बाद तो यात्रियों की संख्या अत्यधिक गिर गई है। मात्र दस प्रतिशत यात्री ही केदारनाथ धाम पहुंच रहे हैं। यात्रियों के नाम पहुंचने से सबसे अधिक नुकसान होटल, लॉज, ढ़ाबा, डंडी-कंडी, घोड़ा खच्चर संचालक सहित अन्य लोगों को हो रहा है।

# सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर दर्ज समस्याओं का त्वरित हो निराकरण

■ शिकायतों के निराकरण में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त शिकायतकर्ताओं से सीडीओ ने की सीधी वार्ता, विभागीय कार्यवाही पर लिया फीडबैक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** शनिवार को सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर पंजीकृत शिकायतों के निस्तारण के लिये की जा रही विभागवार कार्यवाही की समीक्षा की गई। इस दौरान सभी अधिकारियों को शिकायतों का शीघ्र निराकरण करने और की गई कार्यवाही से शिकायतकर्ता को जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये।

समीक्षा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र सिंह रावत ने विद्युत विभाग, कृषि विभाग, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, लोक निर्माण, स्वास्थ्य, शिक्षा, आबकारी, पेयजल आदि विभागों से संबंधित शिकायतों का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को त्वरित समाधान सुनिश्चित करने एवं शिकायतकर्ता को की गई कार्यवाही की जानकारी उपलब्ध कराने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं सीएम हेल्पलाइन पोर्टल की प्रगति की निरंतर समीक्षा कर रहे हैं। सभी विभाग लंबित शिकायतों का शीघ्र निस्तारण करें तथा प्राप्त शिकायतों का समाधान निर्धारित समयावधि में करना सुनिश्चित करें। सीडीओ ने बैठक के दौरान प्रत्यक्ष तौर पर विभिन्न शिकायतकर्ताओं से टेलीफोन पर वार्ता भी की और विभागीय कार्यवाही पर फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ताओं को समय पर जानकारी देना एवं पारदर्शिता बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर दर्ज होने वाली शिकायतों में मुख्य रूप से विद्युत कटौती, खेतों में रखे ट्रांसफार्मर को हटाना, बिजली बिल समय पर न पहुंचना, राशन कार्ड संबंधी शिकायतें, सड़क मार्ग मरम्मत, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पेंशन आदि से जुड़े प्रकरण सामने आए हैं। बैठक में एसडीएफओ देवेंद्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामप्रक. ाश, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष रावत, मुख्य कृषि अधिकारी लोकेंद्र बिष्ट, जिला पूर्ति अधिकारी केएस कोहली सहित अन्य मौजूद थे।

# हर गांव को सड़क से जोड़ना सरकार की प्राथमिकता: दुर्गेश्वर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी :** पुरोला विधायक दुर्गेश्वर लाल ने विकास खण्ड पुरोला के कंडियाल गांव - गुंदियाट गांव मोटर मार्ग के किमी 7 से का डामरीकरण का शुभारंभ किया है।

विधायक ने राज्य सेक्टर मद 2 करोड़ 44 लाख 78 हजार की स्वीकृत लागत से कंडियाल गांव (पुरोला) में पुरोला गुंदियाट गांव मोटर मार्ग के किमी 7 से कंडियाल गांव मोटर मार्ग का किमी 1 से 4 तक मोटर मार्ग का डामरीकरण कार्य का शरादीय नवरात्र में भूमि-पूजन करके कार्य का शुभारंभ किया।



बता दें कि लम्बे समय से इस मोटर मार्ग के डामरीकरण की मांग की जा रही थी विधायक दुर्गेश्वर लाल ने कहा कि हर गांव को सड़क मार्ग से जोड़ना हमारी प्राथमिकता है पुरोला विधानसभा के प्रत्येक गांव को सड़क मार्ग से जोड़ने की प्रक्रिया गतिमान है वर्तमान में बहुत ही कम गीने चुनें गांव सड़क मार्ग से वंचित हैं लेकिन प्रत्येक गांव के लिए सड़क स्वीकृत की गई है इस मोटर मार्ग के सुदृढ़ीकरण से सरबडियार पट्टी एवं बनाल पट्टी तक पहुंचना आसान होगा और आवागमन सुलभ होगा।

इस मौके पर मण्डल अध्यक्ष पुरोला रामचन्द्र पंवार, ओबीसी आयोग के सदस्य मोहब्बत नेगी, मण्डल महामंत्री शिशपाल रावत, पूर्व जिलापंचायत सदस्य गोविन्द राम नौटियाल, प्रधान कंडियाल गांव गोविन्द ज्याड़ा, निवर्तमान प्रधान बीजू पंवार, जयवीर सिंह रावत, नागराजा मंदिर समिति पुरोला अध्यक्ष मदन नेगी, ओडारू जखण्डी मटिया महासू के पुजारी ओम प्रकाश नौडियाल आदि मौजूद रहे।

## कोटद्वार में धान क्रय केन्द्र की स्थापना, 1 अक्टूबर से होगी खरीद प्रारम्भ

**कोटद्वार ।** शासन द्वारा खरीफ-खरीद विपणन सत्र 2025-26 में मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत धान खरीद की व्यवस्था हेतु समय सारणी जारी की गयी है। उप सम्भागीय विपणन अधिकारी वरुण कुमार ने बताया कि इसके तहत 01 अक्टूबर, 2025 से क्रय केन्द्रों पर धान की खरीद प्रारंभ की जाएगी। उन्होंने बताया कि जनपद में किसानों की सुविधा हेतु धान क्रय केन्द्र राजकीय खाद्य गोदाम लकड़ी पड़ाव, गाड़ीघाट कोटद्वार में स्थापित किया जा रहा है।

# 3 इंटर कॉलेज बनेंगे क्लस्टर विद्यालय

■ पहले चरण में 2.90 करोड़ रुपये स्वीकृत, घुमेटीधार, भरेटीधार और भल्ले गांव के स्कूल होंगे लाभान्वित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** प्रदेश सरकार ने टिहरी जिले के शिक्षा ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। जिले के तीन इंटर कॉलेजों को क्लस्टर विद्यालयों के रूप में विक. सित करने के लिए पहले चरण में 2.90 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। यह धनराशि स्वीकृत विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) का 40 प्रतिशत हिस्सा है। इस संबंध में सचिव विद्यालयी शिक्षा रविनाथ रमन द्वारा शासनादेश जारी किया गया।

घनसाली विधायक शक्ति लाल शाह ने जानकारी दी कि उनकी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज घुमेटीधार के लिए 278.15 लाख की डीपीआर तैयार की गई थी। इसके सापेक्ष 111.26 लाख रुपये की पहली किस्त स्वीकृत हुई है। यहां भूतल और प्रथम तल पर चार-चार नए कक्ष निर्मित होंगे, साथ ही शौचालय और पुराने भवनों की मरम्मत भी की जाएगी।इसी प्रकार टिहरी विधानसभा क्षेत्र के जीआईसी भरेटीधार (जाखणीधार) को 241. 56 लाख की डीपीआर पर 96.62 लाख रुपये की धनराशि जारी की गई है। वहीं देवप्रयाग विधानसभा के अंतर्गत जीआईसी भल्ले गांव के लिए 205.62 लाख के सापेक्ष 82. 24 लाख रुपये की पहली किस्त स्वीकृत हुई है। यहां तीन प्रयोगशालाओं के साथ प्रधानाचार्य और स्टाफ के लिए कक्ष बनाए जाएंगे।

विधायक शक्ति लाल शाह ने बताया कि कार्यदायी संस्था सिंचाई विभाग, परियोजना खंड ऋषिकेश को शीघ्र कार्य शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि इन विद्यालयों को क्लस्टर मॉडल के रूप में विकसित करने से छात्रों को आधुनिक और बेहतर शैक्षिक वातावरण मिलेगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की गुणवत्ता और सुदृढ़ होगी।



# भ्रष्टाचार के विरोध में बढ़ता जा रहा है युवाओं में आक्रोश

## यूकेएसएसएससी परीक्षा निरस्त, सीबीआई जांच और अध्यक्ष के इस्तीफे की मांग पर अड़े बेरोजगार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूकेएसएसएससी) की स्नातक स्तरीय परीक्षा में हुई कथित अनियमितताओं के विरोध में उत्तराखंड बेरोजगार संघ के नेतृत्व में सैकड़ों युवाओं का धरना प्रदर्शन परेड ग्राउंड में लगातार छठवें दिन भी जोर-शोर से जारी रहा। युवाओं ने दिन भर सरकार और आयोग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

बेरोजगार संघ की मुख्य मांगों में परीक्षा निरस्त करने, मामले की सीबीआई जांच करवाने, आयोग के अध्यक्ष जी.एस. मर्तोलिया का इस्तीफा और आरक्षी सेवा नियमावली में संशोधन करना शामिल है। परेड ग्राउंड स्थित सड़क पर बैठे बेरोजगारों ने जमकर भाजपा के विरुद्ध नारेबाजी की साथ ही पेपर लीक मामले में सीधा सा मुख्यमंत्री को कटघड़े में रख कर जांच की मांग करने पर अड़े हैं। वहीं धरने पर बैठे लोगों का कहना था कि जब तक उन्हें इंसाफ नहीं मिलेगा तब तक सड़क पर ही बेरा. `जगार संघ के लोग अपने धरने पर बैठे रहेंगे।

### बड़े आंदोलन की चेतावनी

उत्तराखंड बेरोजगार संघ के अध्यक्ष राम कंडवाल ने स्पष्ट कहा कि जब तक उनकी मांगों पर पूर्ण कार्यवाही नहीं हो जाती, तब तक परेड ग्राउंड में धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। कंडवाल ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि मांगों पर शीघ्र कार्यवाही नहीं हुई तो जल्द ही पूरे प्रदेश के युवाओं से देहरादून कूच का ऐलान कर एक बड़ा आंदोलन शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर से युवा लगातार देहरादून आने के लिए संपर्क कर रहे हैं, जो युवाओं के बढ़ते आक्रोश की झलक है।

### आंदोलन को बदनाम करने की साजिश?

संघ के उपाध्यक्ष सुरेश सिंह ने सरकार पर आंदोलन को बदनाम करने की साजिश रचने का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि तरह-तरह के षड्यंत्र रचे जा रहे हैं, जिसमें धार्मिक आस्था के नाम पर भड़कावे और स्वपोषित यूट्यूबरों व पत्रकारों को भेजकर युवाओं को भड़काने की कोशिश शामिल है। सुरेश सिंह ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से गंभीरता दिखाते हुए तत्काल परीक्षा निरस्त करने और आयोग के अध्यक्ष से इस्तीफा लेने की मांग की है।बेरोजगार संघ के आंदोलन को कई सामाजिक और राजनीतिक दलों का भी समर्थन मिल रहा है। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष एवं संरक्षक बॉबी पंवार, महासचिव संजेंद्र कठैत सहित सैकड़ों युवा उपस्थित रहे।

# छात्रों की व्यवहारिक मांगों को मानेगी सरकार : भाजपा

## युवा राजनैतिक एजेंडे में फंसने के बजाय सीधे सरकार के सामने रखें मांग : मुन्ना सिंह

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा ने पेपर नकल मामले में युवाओं को भरोसा दिलाया है कि उनकी युक्तिसंगत और व्यवहा. रिक मांगों पर सरकार गंभीरता से लेते हुए उचित निर्णय लेगी। पार्टी के वरिष्ठ नेता और विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने छात्रों से किसी राजनैतिक एजेंडे में नहीं फंसने का आग्रह किया हैं। धामी सरकार युवा हितों के लिए समर्पित ढंग से कार्य कर रही है, इस मुद्दे पर भी जांच के बाद जो भी दोषी पाया जाएगा, उसपर कठोरतम कार्रवाई तय है।



पार्टी मुख्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि, हमारी सरकार युवाओं के सुरक्षित और सफल भविष्य निर्माण के प्रति कटिबद्ध है। इसी क्रम में यूकेएसएससी परीक्षा में सम्मिलित प्रत्येक छात्र हमारे परिवार के सदस्य हैं, जिनकी चिंता पार्टी और सरकार दोनों को है। चूंकि हाल में जो प्रकरण सामने आया है उसे ध्यान से समझने की जरूरत है। पहली बात कि ये पेपर लीक नहीं केवल एक परीक्षा सेंटर में एक कमरे में एक व्यक्ति द्वारा नकल का मामला था। जिस पर मामला संज्ञान में आते ही आरोपियों को गिरफ्तार भी किया गया है और एसआईटी बना कर एक माह में रिपोर्ट बनाने के निर्देश दिए गए हैं। जांच अवधि तक परीक्षा परिणाम जारी नहीं किया जायेगा। और जो भी रिपोर्ट में तथ्य सामने आयेंगे उसपर नकल कानून के अनुसार कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने युवाओं से आग्रह करते हुए कहा कि, हम भी चाहते हैं कि यदि कहीं कोई त्रुटि या साजिश हुई है तो वह सामने आए। चूंकि ये सब बिना किसी जांच के संभव नहीं है। लिहाजा सभी को जांच में सहयोग करना चाहिए। यदि किसी छात्र या अभिभावक, या किसी अन्य के पास कोई सबूत, तथ्य या जानकारी हो वे एसआईटी को बताएं। फिर भी संतुष्ट न हों तो इसी मुद्दे पर गठित न्यायिक आयोग के सामने रखें। जांच की रिपोर्ट आने तक किसी भी नतीजे पर पहुंचना उचित नहीं है। इस दौरान युवाओं को चेताया कि किसी भी तरह उन तमाम लोगों की साजिश में नहीं फंसना चाहिए जो इसमें अपना राजनैतिक उल्लू सीधा करना चाहते हैं।क्योंकि हमारी सरकार की मंशा युवाओं के भविष्य की सुरक्षा और सफलता को लेकर बिल्कुल स्पष्ट है। उन्होंने आग्रह किया कि युवा, छात्रऔर अभिभावक अपनी युक्तिसंगत और व्यवहारिक मांग को सरकार और मुख्यमंत्री के सामने रखें। साथ ही भरोसा दिलाया कि हमारी संवेदनशील सरकार ऐसी तमाम मांगों पर उचित निर्णय लेगी, लेकिन उसमें राजनैतिक मंशाओं की घालमेल से बचें। इस दौरान पत्रकार वार्ता में पार्टी के प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार, प्रदेश मीडिया संयोजक मनवीर चौहान, सह संयोजक राजेंद्र सिंह नेगी मौजूद रहे।

# युवाओं के सपनों से खिलवाड़ नहीं होने देंगे: सुरेश भट्ट

## युवाओं से की अपील, षड्यंत्रकारी ताकतों के इस्तेमाल होने से खुद को बचाएं

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राज्य स्तरीय राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य एवं अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष सुरेश भट्ट ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर स्नातक स्तरीय परीक्षा नकल प्रकरण की जांच स्पेशल टास्क फोर्स बेहद गंभीरता और संवेदनशीलता से कर रही है। अब तक सेक्टर मजिस्ट्रेट, असिस्टेंट प्रोफेसर और सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी को निलंबित किया जा चुका है। किस घटनाक्रम को अंजाम देने वाले नकल जिहादी खालिद और साबिया की भी गिरफ्तारी हो चुकी है इसके साथ ही हाईकोर्ट के रिटायर न्यायाधीश की अध्यक्षता में जांच आगे बढ़ रही है।

भट्ट ने युवाओं से अपील की कि सरकार किसी भी कीमत पर नकल माफियाओं को बख्शेगी नहीं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री धामी ने न केवल सख्त नकल विरोधी कानून बनाया है बल्कि अब तक के कार्यकाल में सबसे अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया है। उन्होंने कहा कि कुछ तत्व आंदोलन की आड़ में देवभूमि की फिजा बिगाड़ने और युवाओं को भटकाने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे में युवाओं को चाहिए कि वे किसी के हाथों का मोहरा बनने से खुद को बचाएँ। मुख्यमंत्री ने साफ कहा है कि युवाओं के हित में जो भी निर्णय आवश्यक होगा, वह लिया जाएगा। दायित्वधारी सुरेश भट्ट ने युवाओं से अपील की है कि वह षड्यंत्रकारी ताकतों से खुद को बचाएं जो युवाओं के आंदोलन में नेपाल क्रांति और आजादी जैसे नारे लगाकर इस देवभूमि की फिजा को खराब करने का षड्यंत्र रच रहे हैं। भट्ट ने कहा कि युवाओं को राजनीतिक ताकतों से इस्तेमाल होने से बचना चाहिए क्योंकि उनके हितों के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## जीएसटी बचत उत्सव पहल को मिली सराहना

**देहरादून।** अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल, जो 22 सितंबर को प्राइम मेंबर्स और 23 सितंबर को सभी ग्राहकों के लिए शुरू हुआ, ने अमेजन डॉट इन पर सेलर्स और ब्रांड पार्टनर्स के लिए अब तक की सबसे बड़ी ओपनिंग दर्ज की है. इस फेस्टिवल ने 38 करोड़ से ज्यादा ग्राहक विजिट्स आकर्षित किए, जिनमें से 70 फीसदी से अधिक टॉप 9 मेट्रो शहरों से बाहर से थे। ग्राहकों ने जीएसटी लाभ के साथ बचत का आनंद लिया, अमेजन डॉट इन पर 1 लाख से ज्यादा प्रोडक्ट्स सबसे कम कीमत पर पाए और 30,000 से ज्यादा नए प्रोडक्ट्स का लॉन्च भी देखा। अमेजन इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट सौरभ श्रीवास्तव ने कहा, ष्अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2025 की शुरुआत रिकॉर्ड तोड़ रही है।

# अभिनंदन-2025 कार्यक्रम में जमकर झूमे छात्र

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** गुरु रामदास इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, राजपुर में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के स्वागत के उपलक्ष में अभिनंदन 2025 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जीआरडी कॉलेज के वाइस चेयरमेन इंद्रजीत सिंह, मेनेजिंग डायरेक्टर डॉली ओबेरॉय, डायरेक्टर जनरल डॉक्टर पंकज चौधरी, प्रभजी ओबेरॉय दीप प्रज्वलन के साथ किया।



इस मौके पर सांस्कृतिक संध्या में छात्र-छात्राओं ने गढ़वाली, कुमाऊनी, जौनसारी नृत्य एवं लोक संगीत के साथ - साथ बॉलीवुड डांस ष मै निकला गढ़ी ले के, मेरे ढोलना सुन, गढ़वाली और पंजाबी का फ्यूजन डांस प्रस्तुत किए गए।

वहीं बॉलीवुड के मशहूर सिंगर इशिका सहगल ने अपने गानों से कॉलेज प्रांगण में मौजूद सभी लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने अपनी पहली प्रस्तुति में अल्लाह दुहाई हो गाया, उसके बाद उन्होंने इश्क इश्क करना है करले, धूम मचाले धूम, क्रेजी किया रे के साथ - साथ अन्य हिंदी एवं पंजाबी गाने गए। इशिका सहगल ने छात्र-छात्राओं के फरमाइश पर कई मशहूर गाना गए। डीजे हैरी ने भी अपनी प्रस्तुति से छात्रों को खूब झुमाया। वहीं इस पूरे आयोजन में मिस्टर फ्रेशर्स अवनजीत एवं मिस फ्रेशर्स निशा को चुना गया।

## जीएसटी की नई दरों के जनजागरूकता कार्यक्रम में शामिल हुए कृषि मंत्री

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून के राजपुर स्थित जाखन बाजार में जीएसटी की नई दरों के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए जनजागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत बाजार भ्रमण किया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने दुकानदारों और स्थानीय नागरिकों से बातचीत कर उन्हें कर प्रणाली में हाल ही में लागू की गई नई दरों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही उन्होंने स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने की भी अपील की।

# सीएम हेल्पलाइन पर लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** जिलाधिकारी सविन बसंल ने सीएम हेल्पलाईन की लंबित शिकायतों के निस्तारण में ढिलाई पर कड़ा रुख अपनाया है। कलेक्ट्रेट में हुई समीक्षा बैठक में उन्होंने स्पष्ट कहा कि सीएम हेल्पलाईन मायने मेरी, हम सब अफसरों की विभागों की हेल्पलाईन है और कोई व्यथित व्यक्ति ही यहाँ का रुख करता है, इसलिए अधिकारी संवेदनशीलता रखें।



**■ लंबित शिकायतों का दो दिन में करें गुणवत्तापूर्ण समाधान ■ जनसुनवाई में ढिलाई पर तय होगी अधिकारी की जवाबदेही:डीएम**

डीएम ने लंबित मामलों को टाइम बाउंड करते हुए सभी विभागों को दो दिन के भीतर शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण समाधान करने का सख्त निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि जनसुनवाई प्रणाली राज्य सरकार की प्राथमिकता है और इसमें लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं होगी। जिलाधिकारी ने चेतावनी दी कि शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण में हीलाहवाली होने पर संबंधित विभागीय अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को समाधान के बाद फीडबैक पर भी विशेष ध्यान देने को कहा ताकि वास्तविक राहत मिल सके।डीएम ने लंबित मामलों की विभागवार समीक्षा की, जिसमें पुलिस विभाग (368), नगर निगम (358), यूपीसीएल (361), और जल संस्थान (276) जैसी बड़ी संख्या में शिकायतें लंबित पाई गईं। उन्होंने सभी को पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# पीएचसी रायवाला में विशेषज्ञ स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** स्वास्थ्य मंत्री उतराखंड सरकार के निर्देशों के अनुपालन में स्वास्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अन्तर्गत शनिवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रायवाला में बहुउददेशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उदघाटन आराधना पटनायक आईएएस, अपर सचिव, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भारत सरकार, डॉ रश्मि पन्त निद. `शक चिकित्सा स्वास्थ्य, डॉ निधि रावत अपर मुख्य चिकित्साधिकारी देहरादून एवं जिला पंचायत सदस्य दिव्या बेलवाल, ग्राम प्रधान सविता देवी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। इस अवसर पर डॉ केएस भंडारी चिकित्सा अधीक्षक डोईवाला, डॉ अमित बहुगुणा प्रभारी चिकित्साधिकारी रायवाला, शिविर लाभार्थी एवं स्टाफ की उपस्थिति में किया गया।



मुख्य अतिथि आराधना पटनायक ने शिविर के प्रत्येक काउन्टर का गहनता से निरीक्षण कर जानकारी प्राप्त की तथा मरीजों से उनकी बीमारियों की जानकारी लेते हुए उन्हे भारत सरकार के कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। शिविर में दिव्यांगता एवं रक्तदान के शिविर भी लगाये गए। शिविर में एम्स ऋषिकेश के चिकित्सकों एवं स्टॉफ ने विशेष सहयोग प्रदान किया। आराधना पटनायक शिविर की समस्त व्यवस्थाओं से संतुष्ट नजर आई और उन्होंने मरीजों को विशेषज्ञ सेवायें प्रदान किये जाने पर शिविर संचालकों की भूरि -भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कैम्प में पोर्टेबल एक्स-रे मशीन की उपलब्धता होने पर सराहना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शिविरों का उददेश्य जनमानस को एक ही स्थान पर विशेषज्ञ सेवायें उपलब्ध कराना है। मुख्य अतिथि ने हेल्थ वेलनेस सेंटर बापूग्राम का भी निरीक्षण किया, वहॉ पर समस्त चिकित्सा व्यवस्थायें चाक-चौबंद पायी गयी। शिविर में 198 मरीजों का पंजीकरण किया गया। शिविर में 22 आयुष्मान कार्ड बनाये गए राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत 198 बच्चों को लाभ दिया गया, परिवार कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत 32 महिलाओं को सुविधायें प्रदान की गई। रक्तदान शिविर में 01 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया तथा 31 पंजीकरण किये गए। दिव्यांग शिविर में 0.9 दिव्यांगो को प्रमाण पत्र जारी किये गए। शि. विर के समापन पर डॉ केएस भंडारी चिकित्सा अधीक्षक डोईवाला, डॉ अमित बहुगुणा प्रभारी चिकित्साधिकारी रायवाला द्वारा समस्त अतिथिगणों का आभार प्रकट किया गया।

# बार एसोसिएशन अध्यक्ष मनमोहन काण्डवाल बोले, नशा नहीं, खुशी अपनाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** बार एसोसिएशन, देहरादून ने उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में ष्नशा नहीं खुशी अपनाएँष विषय पर एक महत्वपूर्ण जागरूकता शिविर का आयोजन किया। यह कार्यक्रम देहरादून जिला न्यायालय परिसर में स्थित गाँधी पार्क तक आयोजित किया गया। इस अवसर पर नशामुक्ति से सम्बंधित कानूनी प्रावधानों, सामाजिक जागरूकता और संबंधित साहित्य पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में नशामुक्ति केंद्र और सामा. जिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी अपनी उपस्थिति और प्रस्तुति दर्ज कराई।शिविर को सफल बनाने के लिए बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनमोहन काण्डवाल और सचिव राजबीर सिंह बिष्ट सहित अन्य पदाधिकारियों और अधिवक्तागण की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही। एसोसिएशन ने इस प्रकार के सामा. जिक सरोकार के कार्यक्रमों में सभी की उपस्थिति को सहयोग और समर्थन का प्रतीक बताया।



# चार राज्यों में पूर्व सैनिकों को मिला अतिरिक्त नौकरी का अवसर

## उपनल एमडी ने विभागीय मंत्राी जोशी को दी जानकारी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उपनल के प्रबंध निदेशक ब्रिगेडियर जेएनएस बिष्ट (से.नि.) ने सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी को एक बैठक के दौरान जानकारी दी कि पूर्व सैनिकों के लिए रोजगार अवसरों का दायरा और विस्तृत हो गया है। उन्होंने बताया कि डीजीआर (डायरेक्टोरेट जनरल रीसैटलमेंट) द्वारा चार राज्यों ख्र मणिपुर, पश्चिम बंगाल, हरियाणा और दिल्ली में अतिरिक्त कॉन्ट्रैक्ट स्वीकृत किए गए हैं।



ब्रिगेडियर बिष्ट ने जानकारी दी कि इन कॉन्ट्रैक्ट्स से पूर्व सैनिकों को अधिक रोजगार अवसर उपलब्ध होंगे और उनकी आजी. विका को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि उपनल लगातार यह सुनिश्चित करने के प्रयास में है कि राज्य और देशभर में अधिक से अधिक पूर्व सैनिकों को रोजगार उपलब्ध कराया जा सके। विभागीय मंत्री जोशी ने इस पहल पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह पूर्व सैनिकों के हित में एक सराहनीय कदम है, जिससे उन्हें बेहतर भविष्य और सम्मानजनक जीवन जीने में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर उपनिदेशक विंग कमांडर (सेनि.) निधि बधानी भी उपस्थित रहीं।

## जीएसटी सुधारों से बीमा अब और भी हुआ किफायती

**देहरादून।** जैसे ही भारत दशहरा और दीवाली के त्योहार के मौसम में प्रवेश करता है, बजाज कैपिटल ने देखा है कि परिवार अब सोना, उपहार और उत्सव के साथ वित्तीय सुरक्षा पर भी ध्यान दे रहे हैं। जीएसटी 2.0 के बाद जीवन और स्वास्थ्य बीमा अब अधिक किफायती और आसानी से उपलब्ध हैं, जिससे परिवार अपने वित्तीय सुरक्षा जाल को मजबूत कर सकते हैं। संजिव बजाज, संयुक्त अध्यक्ष और एमडी, बजाज कैपिटल ने कहा "त्योहार का मौसम जश्न, खुशी और देने का समय है, लेकिन यह अपने परिवार के भविष्य को सुरक्षित करने का भी सही समय है। जीएसटी के बाद बीमा अब सरल और किफायती हो गया है। परिवार अब जीवन और स्वास्थ्य बीमा को अपने त्योहार की योजना में शामिल कर सकते हैं।

# युवक की हत्या करने वाले दोनों हत्यारोपी गिरफ्तार

## मामूली विवाद में चाकू से गोदकर की गई थी डालनवाला मे हत्या

**■ आरोपी गिरफ्तार फिर भी परिजनों ने किया हंगामा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** डालनवाला थाना क्षेत्र की नालापानी चौकी के अंतर्गत डीएल रोड पर पड़ोस के ही दो युवकों ने शुक्रवार की शाम मामूली सी कहानी के बाद दूसरे युवक को चाकू से गोदकर मौत के घाट उतार दिया था। बताया गया है कि मृतक के पड़ोसियों ने ही इस घटना को अंजाम दिया।

सूत्रों के अनुसार, यह वारदात तब हुई जब मामूली कहासुनी ने बड़ा रूप ले लिया। आरोपियों की पहचान डीएल रोड निवासी अमन और निखिल के रूप में हुई है।जिन्होंने अचानक धारदार हथियारों से हमला कर युवक की हत्या कर दी थी। नालापानी पुलिस चौकी क्षेत्र के डीएल रोड पर हुई इस घटना के बाद पुलिस विभाग में भी हड़काम मच गया था। आनंन-फानन में क्षेत्राधिकारी डालनवाला अनुज आर्य सहित पुलिस चौकी प्रभारी रीना वर्मा दलबल के साथ मौके पर पहुंचे थे और जहां मृतक का पंचायत नामा भर परीक्षण के लिए भिजवाया था। वही इस घटना के मुख्य आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया था। इसके बाद भी क्षेत्र में मामला शांत नहीं हुआ और मृतक परिवार के साथ मिलकर कुछ लोगों ने बीती देर शाम जहां पुलिस चौकी नालापानी का घेराव कर हमलावरों को अपने समक्ष पेश करने की धमकी देने लगे।

वही पुलिस कर्मियों के साथ भी खुलकर अभद्रता की। यही नहीं उक्त लोगों ने मृतक के परिवार जनों के साथ मिलकर आरोपियों के घर पर धावा बोल दिया और वहां तोड़फोड़ तथा आगजनी शुरू कर दी जिसके बाद क्षेत्राधिकारी अनुज आर्य के निर्देशन में नालापानी चौकी प्रभारी रीना वर्मा ने पुलिस टीम के साथ मिलकर मामले को संभाला। पुलिस ने दोनों हत्या आरोपियो को शनिवार को जेल भेजा।

### नालापानी चौकी प्रभारी का तुरंत एक्शन

घटना की सूचना मिलते ही नालापानी चौकी प्रभारी रीना वर्मा ने तत्काल अपनी पुलिस टीम के साथ कार्रवाई की और महज कुछ घंटों के भीतर ही दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने दोनों अमन व निखल को हिरासत में लेकर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### तोड़फोड़ के मामले में कई लोगों ने दी तहरीर

मृतक के परिजनों के साथ मिलकर सैकड़ो लोग नालापानी पुलिस चौकी पर जमा हो गए और घेराव किया।गुस्साए लोगों ने बाद में आरोपियों के घर की ओर भी रुख किया। आक्रोशित भीड़ ने आरोपियों के घर पर धावा बोलकर तोड़फोड़ और अन्य घटनाओं को अंजाम दिया। नालापानी चौकी प्रभारी रीना वर्मा की कार्यवाही के बाद भी लोगों ने घरों में तोड़फोड़ की। जिसके बाद घर मालिकों ने आरोपियों के विरुद्ध पुलिस चौकी में कई लोगों ने शिकायती पत्र देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की।

### मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पवित्र छड़ी यात्रा का किया शुभारंभ

# अनुष्ठान ही नहीं, हमारी सनातन संस्कृति की व्यापकता का जीवंत प्रमाण

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को तीर्थ नगरी हरिद्वार से पवित्र छड़ी यात्रा को अधिष्ठात्री माया देवी मंदिर के प्रांगण से वैदिक विधि विधान और मंत्रोच्चार के साथ उत्तराखंड के चारों धामों के लिए रवाना किया। मुख्यमंत्री ने पवित्र छड़ी को रवाना करने से पूर्व पवित्र छड़ी का अभिषेक करते हुए माया देवी मंदिर में महामाया देवी की पूजा अर्चना भी की तथा सभी संतगणों का माल्यार्पण कर सम्मान किया तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने आदि गुरू शंकराचार्य द्वारा प्रारंभ की गई पवित्र छड़ी यात्रा में सम्मिलित होना अपना सौभाग्य बताया। उन्होंने कहा आठवीं शताब्दी में आदि गुरू ने संपूर्ण भारतवर्ष में अद्वैत वेदांत का संदेश फैलाने का जो महान कार्य किया, उसकी गूंज आज भी हमें अपनी जड़ों से जोड़ती है। उन्होंने कहा पवित्र छड़ी की पूजा-अर्चना केवल एक धार्मिक अनुष्ठान भर नहीं बल्कि ये हमारी सनातन संस्कृति की व्यापकता का जीवंत प्रमाण है। मुख्यमंत्री ने कहा ये यात्रा उत्तराखंड की अद्‌भुत विविधता और एकता का भी प्रतीक है क्योंकि कुमाऊं से गढ़वाल तक, ऊंचे हिमालय से लेकर गंगा-यमुना के तराई क्षेत्रों तक, हर जगह यह पवित्र छड़ी हमें जोड़ती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लगभग 70 वर्ष पूर्व कतिपय कारणों से पवित्र छड़ी यात्रा का संचालन अवरूद्ध हो गया था, परन्तु 2019 में श्रीमहंत हरिगिरि महाराज के अथक प्रयासों से ये यात्रा पुन: प्रारंभ हुई। उन्होंने कहा कि हरिद्वार-ऋषिकेश कॉरिडोर के निर्माण के बाद धर्मनगरी हरिद्वार भी काशी और अयोध्या की भांति



अपने भव्य स्वरूप में नजर आएगी। वर्ष 2027 में हरिद्वार में कुंभ का आयोजन भी होना है, इसकी अभी से तैयारियां शुरू कर दी हैं। हरिद्वार में आयोजित होने वाले कुंभ को भव्य व दिव्य रूप से आयोजित किया जायेगा। इस अवसर पर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री महन्त हरि गिरि ने बताया कि जूना अखाड़े से पवित्र छड़ी यमुनोत्री, गंगोत्री होते हुए केदारनाथ और बद्रीनाथ जाएगी। बद्रीनाथ से यह छड़ी कुमाऊं मंडल के विविध तीर्थ स्थलों से होते हुए हरिद्वार जूना अखाड़े में वापस आएगी और माया देवी के मंदिर में प्रतिष्ठित की जाएगी। निरंजनी आखाड़ा के पीठाधीश्वर कैलाशानंद गिरी ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री संतो का आदर करते हुए सनातन के लिए कार्य कर रहे है। कार्यक्रम का संचालन अखाडा परिषद के अध्यक्ष रविन्द्र पुरी महाराज द्वारा किया गया। इस अवसर पर ललितानंद गिरी, प्रेमगिरी, विधायक हरिद्वार मदन कौशिक, रूड़की विधायक प्रदीप बत्रा, विधायक रानीपुर आदेश चौहान, मेयर नगर निगम किरण जैसल, जिलाध्यक्ष भाजपा अशुतोष शर्मा, जिलाध्यक्ष लव शर्मा, राज्य मंत्री सुनिल सैनी, देशराज कर्णवाल, जिला महामंत्री भाजपा संजीव चौधरी, जिलाधिकारी मयूर दीक्षित, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र सिंह डोभाल, उपाध्यक्ष एचआरडीए अंशुल सिंह, मुख्य नगर आयुक्त नंदन कुमार सहित साधु संत आदि मौजूद रहे।

# सीएम ने जीएसटी की घटी दरों के लाभ के बारे में व्यापारियों से लिया फीडबैक

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को हरिद्वार के हरकी पैड़ी बाजार में 'जीएसटी बचत उत्सव' के उपलक्ष्य में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान व्यापारियों एवं आम लोगों से भेंट कर जी.एस.टी. की घटी दरों के लाभ के बारे में फीडबैक लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में आर्थिक सुधारों का नया दौर शुरू हुआ है और जीएसटी की दरों में कमी से समाज में सभी वर्गों के जीवन को खुशहाल बनाने की ऐतिहासिक पहल हुई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जीएसटी की नई दरों से उपभोक्ता वस्तुएं सस्ती होने से आम लोगों को काफी लाभ मिलेगा। उन्होंने व्यापारियों से जीएसटी की घटी दरों के बारे में ग्राहकों को पूरी जानकारी देने का आग्रह भी किया। इस दौरान मुख्यमंत्री द्वारा विभिन्न दुकानों से स्वदेशी व स्थानीय उत्पादों को खरीदारी करते हुए स्वदेशी एवं स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देकर प्रदेश एवं देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वदेशी सामान अपनाने से स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा मिलेगा, स्वदेशी उत्पादों एवम् कामगारों को समर्थन मिलेगा, जिससे आयात पर निर्भरता कम होगी और रोजगार के भी नए नए अवसर सृजित होंगे। इस दौरान व्यापारियों और आम लोगों ने जीएसटी दरों को घटाए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि नवरात्रि पर्व पर की गई इस नई शुरूआत से बाजार और खरीददारों में काफी उत्साह है। जीएसटी का यह उत्सव आगामी दीपावली के पर्व के दौरान आम लोगों के जीवन और कारोबार में उल्लास भरेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री द्वारा स्वयं विभिन्न प्रतिष्ठानों पर जनजागरूकता से संबंधित स्टीकर चस्पा किए। इस दौरान विधायक मदन कौशिक, आदेश चौहान, प्रदीप बत्ता, मेयर किरन जेसल, दर्जा राजयमंत्री देशराज कर्णवाल, सुनील सैनी, शोभाराम प्रजापति, डीएम मयूर दीक्षित, एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल, उपाध्यक्ष एचआरडीए अंशुल सिंह, सीडीओ आकांक्षा कोंडे, भाजपा जिलाध्यक्ष आशुतोष शर्मा, पूर्व विधायक स्वामी यतीश्वरानंद, संजय गुप्ता, लव शर्मा, संजीव चौधरी, सहित वाशु पाराशर सहित व्यापारी आदि उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री का विरोध करने पहुंचे कांग्रेसियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** हरिद्वार आए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का विरोध करने पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद सभी को पुलिस लाइन ले जाया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं की पुलिस से तीखी नोंकझोंक भी हुई। जीएसटी बचत उत्सव कार्यक्रम के तहत शनिवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी हरकी पैड़ी के आसपास के बाजारों में व्यापारियों से मुलाकात करने पहुंचे थे। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष अमन गर्ग के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने मुख्यमंत्री का विरोध करते हुए गौ बैंक, कारिडोर पर जवाब दो, जीएसटी की लूट का हिसाब दो के नारे लगाते हुए हरिद्वार मंडी चौक से हरकी पैड़ी की तरफ कूच करने लगे। अचानक हुए विरोध प्रदर्शन के चलते पुलिस प्रशासन के हाथ पांव फूल गए। पुलिस ने कार्यकर्ताओं को रोकने का प्रयास किया। इस दौरान पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में तीखी नोंकझोंक भी हुई। बाद में पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर लिया और पुलिस लाइन ले गयी।

इस दौरान महानगर कांग्रेस अध्यक्ष अमन गर्ग और स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष मुरली मनोहर ने कहा कि धामी सरकार पूरी तरह विफल हो गई है। लगातार पेपर लीक की घटनाएं हो रही है और सरकार तमाशबीन बनी हुई है। उन्होंने कहा कि जब तक धामी सरकार पेपर लीक मामले की हाईकोर्ट के सिटिंग जज की निगरानी में सीबीआई जांच नहीं कराती, कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी। उन्होंने कहा कि आज मुख्यमंत्री धामी जीएसटी छूट के नाम कर हरिद्वार की जनता को गुमराह करने आ गए। लेकिन भाजपा सरकारों द्वारा 2017 से अब तक जीएसटी के नाम पर देश की गरीब जनता से 127 लाख करोड़ की लूट की गई, उसका जवाब और



हिसाब कौन देगा। इतना ही उन्होंने कहा कि कॉरिडोर पर भी सीएम को हरिद्वार के व्यापारियों को जवाब देना होगा।

पूर्व पार्षद राजीव भार्गव और मध्य हरिद्वार ब्लॉक अध्यक्ष विकास चंद्रा ने कहा कि भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। पेपर लीक होने से युवाओं में भारी आक्रोश है। कॉरिडोर को लेकर हरिद्वार के व्यापारियों में भाजपा के खिलाफ आक्रोश व्याप्त है। यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष कैश खुराना और महानगर अध्यक्ष तुषार कपिल ने कहा कि भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। अपराधियों में सरकार का खौफ खत्म हो गया है। पेपर माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। आने वाले विधानसभा चुनाव में उत्तराखंड के नौजवान भाजपा सरकार को सबक सिखाने का काम करेंगे। पार्षद हिमांशु गुप्ता और सोहित सेठी ने कहा कि धामी सरकार में पेपर लीक से युवाओं का भविष्य अंधकारमय है, जीएसटी के नाम पर व्यापारियों को गुमराह किया जा रहा है। पार्षद विवेक भूषण विक्की और पार्षद प्रतिनिधि ऋषभ वशिष्ठ ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी को व्यापारियों के समक्ष जीएसटी की लूट पर जवाब देना होगा। युवा नेता अजय गिरी और पूर्व अध्यक्ष यूथ कांग्रेस नितिन तेश्वर ने कहा कि भाजपा सरकार में हर वर्ग परेशानियों से जूझ रहा है। गिरफ्तारी देने वालों में यूथ कांग्रेस महासचिव शुभम जोशी, अनंत पाण्डेय, मोहित गर्ग, मोहित अरोड़ा, सत्यम शर्मा, राधेश्याम राठौड़, गौरव गोस्वामी, विपुल गोस्वामी आदि कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हैं।

# पेपर लीक का आरोप लगाते हुए कांग्रेसियों ने किया पैदल मार्च

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** उत्तराखंड अधीनस्थ कर्मचारी चयन आयोग की पटवारी भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर पूर्व मेयर अनिता शर्मा के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार और आयोग के खिलाफ पैदल मार्च निकालकर विरोध जताया। शंकराश्रम से चंद्राचार्य चौक तक निकाले गए पैदल मार्च के समापन पर विधायक रवि बहादुर ने कहा कि भाजपा शासन में युवाओं के साथ बहुत धोखा हो रहा है। देश का भविष्य खतरे में है। पूर्व मेयर अनिता शर्मा ने कहा कि सरकार युवाओं का शोषण कर रही है। युवाओं का भविष्य खराब किया जा रहा है। पूर्व राज्यमंत्री डा.संजय पालीवाल, सभासद अशोक शर्मा, महेश प्रताप राणा ने कहा कि भाजपा शासन में किसी का भी भविष्य सुरक्षित नहीं है। हर वर्ग परेशान है। सरकार और आयोग की आपस में गठजोड़ है। बार-बार पीपर लीक होने से युवा अपने भविष्य को लेकर चिंतित है और सरकार उनके सपनों पर पानी फेर रही है।




पैदल मार्च में पूर्व विधायक रामयश सिंह, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष कैश खुराना, पार्षद सुनील कुमार, सुंदर सिंह मनवाल, सतेंद्र वशिष्ठ, राजकुमार ठाकुर, मुकेश कुमार, रमणीक सिंह, वसीम सलमानी, राजेश शर्मा, अंजू द्विवेदी, संजय अग्रवाल, जगत सिंह रावत, प्रेम शर्मा, बृजमोहन बड़थ्वाल, मंजू मिश्रा, तरुण व्यास, ओम पहलवान, सीपी सिंह, दीपक कोरी, बागंबरी शर्मा, जगदीप असवाल, आशुतोष श्रीवास्तव, मीरा रतूड़ी, हरद्वारी लाल, राकेश राजपूत, सूरज पाल, पराग मिश्रा, रचना शर्मा, शशि झा, पवन कुमार, घनश्याम, सदनलाल साहू, विभाष मिश्रा, हिमांशु बहुगुणा, अनिल भास्कर, अंकुर सैनी, दिग्विजय सिंह जेपी, रवि बाबू बंसल, शाहनवाज कुरेशी, मेहरबान खान, आकाश बिरला, करण सिंह राणा, उस्मान, अशोक तेश्वर, सूरजभान शर्मा, हिमांशु राजपूत, महरूफ सलमानी, तनवीर कुरेशी, दीपक पांडे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।

# धार्मिक यात्राओं पर पड़ रहा पाश्चात्य संस्कृति का प्रभाव : राजेंद्रदास

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** अखिल भारतीय वैष्णव अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमहंत राजेंद्रदास ने कहा कि उत्तराखंड देवभूमि है। केदारनाथ, बद्रीनाथ, यमुनोत्री व गंगोत्री चारों धाम उत्तराखंड में स्थित हैं। हरिद्वार से चारधाम यात्रा का शुभारंभ होता है। प्रतिवर्ष लाखों यात्री चारधाम यात्रा करने उत्तराखंड आते हैं। हरिद्वार में लगने वाले कुंभ मेले व हर साल होने वाले विभिन्न स्नान पर्वो पर गंगा स्नान के लिए देश दुनिया से लाखों श्रद्धालु हरिद्वार आते हैं। हरिद्वार में गंगा स्नान कर चारधाम यात्रा शुरू करने की परंपरा प्राचीन काल से चल रही है। लेकिन भौतिकता व पाश्चात्य संस्कृति का प्रभाव धार्मिक यात्राओं और आयोजनों पर भी पड़ने लगा है। श्रीमहंत राजेंद्रदास ने कहा कि पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में आकर श्रद्धालु पवित्र धामों व तीर्थ स्थलों पर पिकनिक मनाने जैसा व्यवहार करने लगे हैं। तीर्थ स्थलों पर अखाद्य पदार्थो व मदिरा आदि का सेवन किया जाने लगा है। जिससे देवी देवता रूष्ट हो रहे हैं। देवी देवताओं के रूष्ट होने की वजह से उत्तराखंड समेत पूरे देश को आपदाओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि देवस्थानों की गरिमा बनाए रखने के लिए संत समाज आगे आना होगा। इस संबंध में पहल करते हुए वैष्णव अखाड़ा परिषद की और से जल्द अभियान शुरू किया जाएगा। परिषद से जुड़े संत अपने भक्तों को तीर्थ की गरिमा के अनुरूप व्यवहार करने के लिए जागरूक करेंगे। श्रीमहंत राजेंद्रदास ने कहा कि जल्द ही संतों के प्रतिनिधि मंडल के साथ प्रधानमंत्री, गृहमंत्री व विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री से मुलाकात कर देवस्थानों की गरिमा बनाए रखने के लिए कड़े कानून लागू करने की मांग की जाएगी।

# स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित करने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** उत्तरांचल (पर्वतीय) कर्मचारी शिक्षक संगठन ने शनिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी से मिलकर दो अलग-अलग मांग पत्र सौंपे। संगठन ने मांग की कि जनपद के शिक्षकों व कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन किया जाए। जिससे कर्मचारी शिक्षक वर्ग लाभान्वित हों और उनमें स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़े। साथ ही जनपद के प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के लिए स्वास्थ्य परीक्षण तथा नशा उन्मूलन जागरूकता अभियान संचालित करने की भी मांग की गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने संगठन के डेलिगेशन के साथ शीघ्र बैठक कर स्वास्थ्य शिविर संचालित कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर डा. अशोक तोमर, डा. एच.के. सिंह, डा. विपिन पोखरियाल, ललित मोहन जोशीआकांक्षा आदि मौजूद रहे।

# आईएमए ने प्रेस क्लब में स्वास्थ्य जांच शिविर का किया आयोजन

**अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी व महामंत्री दीपक मिश्रा ने शिविर का किया उद्‌घाटन**

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के तत्वावधान में प्रेस क्लब सभागार में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने रोगियों की जांच कर दवाएं दी। शिविर का उद्‌घाटन प्रेस क्लब अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी एवं महामंत्री दीपक मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया। आईएमए के अध्यक्ष विकास दीक्षित ने कहा कि भारत सरकार की पहल पर आईएमए अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन करते हुए नि:शुल्क चिकित्सक शिविरों का आयोजन कर रहा है। इसी कड़ी में प्रेस क्लब में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। आईएमए के महामंत्री विमल कुमार ने कहा कि आईएमए समाज को आरोग्य प्रदान करने की दिशा में योगदान करते हुए स्वास्थ्य पखवाड़े के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर सैकड़ों मरीजों को लाभान्वित कर रहा है। प्रेस क्लब अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी ने कहा कि पत्रकार दिन भर भागदौड़ करते हैं। जिसे उनकी दिनचर्या सही नहीं रहती और तरह तरह की बीमारियां उन्हें घेर लेती ऐसे में सभी साथियों के स्वास्थ्य की जांच आरोग्य की दिशा में कदम साबित होगा। महामंत्री दीपक मिश्रा ने आईएमए के प्रयास की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। इस




अवसर पर सभी चिकित्सकों एवं उनकी टीम को गीता भेंट की गई। स्वास्थ्य शिविर के संयोजक डा. शिवा अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर प्रेस क्लब के सदस्यों एवं उनके परिवारों की स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर में काय चिकित्सक डा.विपिन मेहरा, बाल रोग विशेषज्ञ डा. अंजुल श्रीमाली, डा.विकास दीक्षित, त्वचा रोग विशेषज्ञ डा. के. स्वरूप, सर्जन डा.देवव्रत, डा.रुचि गुप्ता, डा.सरिता गुप्ता स्त्री रोग विशेषज्ञ, डा.राकेश सिंहल, डा.अनंत जैन, अस्थि रोग विशेषज्ञ, काय चिकित्सक डा. अखिलेश सिंह सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहे। शिविर में 115 रोगियों की जांच की गई। साथ ही शुगर, ब्लड प्रेशर की जांच की गई तथा रोग अनुरूप दवाओं का वितरण किया गया। इस अवसर पर आदेश त्यागी, बृजेंद्र हर्ष, राजेश शर्मा, प्रदीप गर्ग, काशीराम सैनी, बालकृष्ण शास्त्री, नरेश गुप्ता, अमित शर्मा, आशीष मिश्रा, राहुल वर्मा, दीपक नौटियाल, हिमांशु द्विवेदी, परमजीत राणा, मनोज खन्ना, शैलेन्द्र सिंह, शिवकुमार शर्मा, जहांगीर मलिक, आशीष धीमान, सचिन सैनी, मोना यादव, शाहरुख, प्रतीक सहित विभिन्न लोग उपस्थित रहे।

# वात्सल्य वाटिका में अशोक सिंघल का 99वां जन्मोत्सव मनाया

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** संतों की नगरी मां गंगा के पावन तट पर स्थित अशोक सिंघल सेवा धाम-वात्सल्य वाटिका प्रांगण में विश्व हिंदू परिषद के पूर्व अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष स्व. अशोक सिंघल की 99वीं जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। वात्सल्य वाटिका प्रांगण में उपस्थित सम्मानित अतिथि गणों का स्वागत वात्सल्य वाटिका के बच्चों ने घोष बजाकर किया। कार्यक्रम का प्रारंभ भारत माता के समक्ष मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन करके किया गया। प्रबंधक प्रदीप मिश्रा ने सभी मंचासीन अतिथियों को अशोक सिंघल का चित्र भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जूना अखाड़े के म.मं. साध्वी डा. मैत्री गिरी ने की। मुख्य वक्ता के रूप में पदम (क्षेत्र प्रचार प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) उपस्थित रहे। इस



दौरान मुख्य अतिथि राज्य मंत्री ऋषि कंडवाल, स्वामी विवेकानंद हेल्थ मिशन के सचिव डा. अनुज सिंघल, ऋतुराज, रानीपुर विधायक आदेश चौहान नीता नैय्यर ने अशोक सिंघल के संघर्षशील जीवन पर प्रकाश डाला। सचिव अरुण कुमार ने सभी मंचासीन अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। राष्ट्रगीत के माध्यम से कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर अधीक्षक सुरेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष नरेश वर्मा, पूर्व कोषाध्यक्ष एल.आर. गुप्ता, राजेश कुमार, बसंत चौहान, विमलेश गॉड, मानसी भार्गव, वीर सेन मानव, रवि जोशी सहित अन्य समाजसेवी गण, समस्त कार्यकारिणी सदस्य एवं स्टाफ मौजूद रहे।

# आकाश खत्री चुने गए राजकीय महाविद्यालय के छात्र संघ अध्यक्ष

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** आकाश खत्री राजकीय महाविद्यालय भूपतवाला छात्र संघ के अध्यक्ष चुने गए हैं। शनिवार को महाविद्यालय के प्राचार्य डा.संजीव मेहरोत्रा की देखरेख में संपन्न हुए चुनाव परिणाम की घोषणा करते हुए चुनाव अधिकारी डा. अजय उनियाल ने बताया कि सभी पदों पर अखिल भारतीय विद्यार्थी के प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। उन्होंने बताया कि आकाश खत्री छात्र संघ अध्यक्ष, पायल सैनी उपाध्यक्ष, रचित प्रकाश सचिव, पलक शर्मा सहसचिव, खुशी भार्गव कोषाध्यक्ष, मुस्कान चौधरी विश्वविद्यालय प्रतिनिधि तथा स्नेहा पाण्डेय, तनुज सती, मानसी पुनेठा, ज्योति पाण्डेय कार्यकारिणी सदस्य निर्वाचित हुए हैं। निर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को प्राचार्य प्रो.डा. संजीव मेहरोत्रा ने शपथ दिलाई तथा प्रमाण पत्र वितरित किए। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक



डा.युवराज, डा. सविता कर्नाटक, डा. रूबी तबबस्सुम, डा. शकुंज राजपूत, डा.रूबी ममगाई, डा. किरन त्रिपाठी, डा. सचिन अग्रवाल, डा. गंगोत्री, डा. प्रीतम सिंह, डा. प्रीतम कुमारी, डा. नितिज्ञा सहित समस्त प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### सुभाष घाट व्यापार मंडल की नई कार्यकारिणी घोषित

# व्यापारियों का शोषण नहीं किया जाएगा बर्दाश्त : राजू वधावन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** सुभाष घाट स्थित एक होटल में आयोजित बैठक के दौरान सुभाष घाट व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजू वधावन ने मंडल की नई कार्यकारिणी की घोषणा की। इस अवसर पर उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल मालाओं से स्वागत किया और संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। घोषित कार्यकारिणी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में धीरज अरोड़ा, उपाध्यक्ष के तौर पर राजू मल्होत्रा, राम गोपाल बंसल और राम किशोर अग्रवाल को शामिल किया गया है। मंत्री का दायित्व पंकज अरोड़ा उर्फ लाली को सौंपा गया, जबकि संगठन मंत्री जितेंद्र खन्ना और मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी शम्मी अरोड़ा को दी गई है। संरक्षक मंडल में रमेश चंद शर्मा, सरदार हर्ष वर्धन, वेद प्रकाश बत्रा, सचिन गौतम, सुधीर अरोड़ा, आशीष शर्मा और सुनीता शर्मा शामिल हैं। वहीं कार्यकारिणी सदस्यों में नरेश वेदी, सोनल गर्ग, नीतीश मल्होत्रा, मोनू शर्मा, राजीव खत्री, आकाश अरोड़ा, पंकज वशिष्ठ, दीपक, बाबू राम, नानक चंद अग्रवाल, नंद किशोर, संदीप अग्रवाल, मधसूदन और मंगल वर्मा के नाम शामिल हैं। कार्यक्रम में अध्यक्ष राजू वधावन, महामंत्री सुमित शर्मा और कोषाध्यक्ष गौरव बंसल ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन की मजबूती पर बल दिया। इस मौके पर अध्यक्ष राजू वधावन ने कहा कि व्यापारियों का शोषण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कॉरिडोर निर्माण के नाम पर व्यापारियों को परेशान किया जा रहा है, जिसका सभी व्यापारी एकजुट होकर विरोध करेंगे। राजू वधावन ने



सरकार द्वारा जीएसटी दरों में कमी किए जाने पर आभार जताया और इसे व्यापारियों के हित में बताया। महामंत्री सुमित शर्मा ने कहा कि कॉरिडोर को लेकर व्यापारियों में भय का माहौल बना हुआ है। सरकार को इस विषय पर स्पष्ट नीति के साथ सामने आना चाहिए।

# आपदा से प्रभावितों को राहत सामग्री भेजने से मिलेंगी राहत : यतीश्वरानंद

### मंडी समिति और व्यापारियों के सहयोग से चमोली जिले के लिए प्रभावितों को भेजी दो गाड़ी भरकर राहत सामग्री

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** शनिवार को कृषि उत्पादन मण्डी समिति यूनियन हरिद्वार सचिव लवकेश गिरि व सचिव पंकज राज शाह, कृषि उत्पादन मण्डी समिति यूनियन रुडकी एवं स्थानीय थोक व्यापारियों की तरफ से उत्तराखण्ड राज्य के चमोली जनपद में आयी आपदा सहायता हेतु दो ट्रक खाद्य सामग्री को म.मं. स्वामी रुपेन्द्र प्रकाश व पूर्व मंत्री स्वामी यतीश्वरानन्द के द्वारा झण्डी दिखाकर चमोली के लिये रवाना किया गया। कार्यक्रम में लवकेश गिरि द्वारा बताया गया कि जनपद चमोली में आयी आपदा के दृष्टिगत मण्डी समिति एवं व्यापारियों के सहयोग से एक ट्रक खाद्य सामग्री भेजी जा रही है जिसमें चावल, आटा, दालें, तेल एवं अन्य आवश्यक खाद्य सामग्री है। इस अवसर पर स्वामी यतीश्वरानन्द व महामण्डलेश्वर स्वामी रुपेन्द्र प्रकाश द्वारा मण्डी सचिव एवं स्थानीय व्यापारियों के सहयोग की प्रंशसा करते हुये कहा कि प्रदेश में कही भी कोई आपदा आती है तो सभी लोगों का आपदा प्रभावित लोगों की हर सम्भव मदद करनी चाहिये, यही एक अच्छे समाज की पहचान है तथा हरिद्वार एक तीर्थ नगरी है और आपदा प्रभावित प्रदेश वासियों के दु:ख में हमेशा उनके साथ खड़ी है। इस अवसर पर कुलदीप नौटियाल, मण्डी निरीक्षक वर्षा गुप्ता,




शिवमूर्ति सिंह, मण्डी सहायक अजय कुमार, राजीव कुमार, जितेन्द्र कुमार तथा व्यापारियों में से मुख्य रुप से निशान्त तनेजा, कमल दरगन, हिमांशु सैनी, देवेन्द्र, इमरान मंसूरी, पप्पू मंसूरी व शौकीन आदि उपस्थित रहे।

# आचार्य बालकृष्ण ने होटल गार्डन व्यू का किया शुभारंभ

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण ने सिडकुल में गार्डन व्यू होटल का शुभारंभ किया। इस दौरान कई संत महापुरूष और अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। होटल संचालक संजीव गुप्ता, प्रदीप शर्मा और विकास गोयल को शुभकामनाएं देते हुए आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि हरिद्वार धार्मिक नगरी होने के साथ अब सामाजिक और कॉर्पोरेट गतिविधियों का केंद्र बन रहा है। उन्होंने कहा कि आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होटल सिडकुल क्षेत्र की व्यापारिक गतिविधियों को गति प्रदान करेगा और देश व प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने का माध्यम भी बनेगा। स्वामी रविदेव शास्त्री ने कहा कि हरिद्वार मुख्यत: धार्मिक नगरी है। लेकिन बदलते समय के साथ हरिद्वार देश की अर्थिक गतिविधियों के प्रमुख केंद्र के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। नवरत्न संस्थान भेल के बाद सिडकुल ने हरिद्वार को



देश के आर्थिक नक्शे में स्थान दिलाया है। उन्होंने कहा कि आधुनिक सुविधाओं से युक्त होटल का निर्माण कर संजीव गुप्ता, प्रदीप शर्मा और विकास गोयल ने हरिद्वार को नई पहचान देने का कार्य किया है। स्वामी सुतिक्ष्ण मुनि ने भी संजीव गुप्ता, प्रदीप शर्मा और विकास गोयल को शुभकामनाएं दी। संजीव गुप्ता, प्रदीप शर्मा एवं विकास गोयल ने सभी संत महापुरूषों और अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर उत्तराखंड संस्कृत विवि के कुलपति प्रो.दिनेश चंद्र शास्त्री, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप गोयल, वरिष्ठ भाजपा नेता डा.विशाल गर्ग सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
सिटी कार्यालय दैनिक
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कमरा न. 103, द्वितीय तल, भगवती कॉम्पलेक्स, रानीपुर मोड, हरिद्वार
**डी. एस. वर्मा**
**ब्यूरो चीफ/जिला प्रभारी**
मो.: 9411100741

# महिडांडा में स्वास्थ्य शिविर लगाया

### ■ 239 हिम वीरों ने करवाया स्वास्थ्य जांच




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी:** शनिवार को सेवा पर्व के अवसर पर स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत आई टी बी पी महिडांडा में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बी एस रावत की अध्यक्षता में स्वास्थ्य शि. विर का आयोजन किया गया।

आई टी बी पी वाहिनी चिकित्सालय एवं स्वास्थ्य विभाग के शिविर में 239 आई टी बी पी जवानों की स्वास्थ्य जांच की गई। स्वास्थ्य शिविर में 70 लोगों की उच्च रक्तचाप, 70 लोगों की मधुमेह, 15 लोगों की ब्रेस्ट कैंसर, 39 लोगों की ओरल कैंसर, 01 महिला की ए एन सी जांच, 30 लोगों की हीमोग्लोबिन जांच, 02 लोगों का टीकाकरण जबकि आई टी बी पी जवानों द्वारा 12 यूनिट रक्तदान किया तथा 40 रक्तदाताओं द्वारा रक्तदान हेतु पंजीकरण कराया गया। रक्तदान के उपरांत मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा सभी रक्तदाताओं को सम्मान स्वरूप प्रमाण पत्र प्रदान कर शुभकामनाएं प्रेषित की गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया गया कि स्वास्थ्य सेवा पखवाड़े के अवसर पर जनपद की समस्त चिकित्सा इकाइयों एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में नियमित रूप से स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा 29 सितंबर को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धौंतरी में दून मेडिकल कॉलेज के बाल रोग विशेषज्ञ, अस्थि रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, जनरल मेडिसन, जनरल सर्जन द्वारा आम जनता को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी। उनके द्वारा क्षेत्र के सभी नागरिकों से अपील की गई कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर स्वास्थ्य शिविर से लाभान्वित हो।

इस अवसर पर जीतराम 2 आई-सी, द्वित्तीय कमान, अमित कुमार डी0सी0/जी0डी0 उप कमांडेट/सेनानायक, डॉ0 अर्चना, चिकित्सा अधिकारी, सूबेदार मेजर सुरजीत सिंह, चिकित्साधिकारी डॉ0 अनुवेष सेमवाल, डॉ0 अनंत सेमवाल, डॉ0 यशी बहुगुणा, डॉ0 श्रुति, डॉ0 जागृति, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक हरदेव सिंह राणा, ज्ञानेंद्र पंवार, वरिष्ठ लैब टैक्नीशिन मनोज नौटियाल, प्रदीप चौहान, नर्सिंग अधिकारी कुलदीप सुमाड़ी, कुरयन जॉय, धर्मेन्द्र, ए0एन0एम0 मिनाक्षी, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी मनीष नौटियाल, आदि मौजूद रहे।

# बिगड़ी मेरी बना दे ओ शेरोवाली भजनों पर झूमे भक्तजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** नवरात्र पर्व के अवसर पर मां शाकुम्भरी देवी झंडा सेवा समिति के तत्वावधान में छावनी बाजार स्थित शाकुम्भरी देवी मंदिर में 39वां विशाल जागरण धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ ही आसपास के क्षेत्रों से आए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

जागरण में यमुनानगर से पहुंचे प्रसिद्ध भजन गायक व टीवी कलाकार विक्की चंचल एंड पार्टी ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। "बिगड़ी मेरी बना दे ओ शेरोवाली", "मेला चिंतपूर्णी दा", "झंडे वालिए नी झंडे तेरे लाल" जैसे भजनों ने जहां भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया, वहीं "सत्यम शिवम सुंदरम" और



"मानो तो गंगा मइया" जैसे गीतों ने भावुक वातावरण बना दिया।

कार्यक्रम के दौरान झांकी कलाकारों ने राधा-कृष्ण, माता शेरावाली, शिव-पार्वती और काली माता की मनमोहक झांकियां प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। तड़के तारा रानी की कथा के साथ जागरण का समापन हुआ। श्रद्धालुओं ने मां के झंडे पर माथा टेक मन्नतें मांगी और जयकारों से पूरा माहौल गुंजायमान हो उठा।

इस अवसर पर पंकज जैन, सुनील जैन, एस.पी. चड्ढा, गुरचरण सिंह, मनीष कुकरेजा, दिनेश चांदना, अंकित मोहल, आशीष कुकरेजा, जागृत चड्ढा, शशांक जैन, अनूप चौरसिया, सन्नी आनंद, जिशान्त, प्रदीप जोशी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# छात्र संघ पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** श्री गुलाब सिंह राजकीय महाविद्यालय में छात्र संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह विधिवत संपन्न हुआ। इस दौरान सभी निर्विरोध निर्वाचित पदाधिकारियों ने महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आशुतोष शरण के समक्ष शपथ ग्रहण कर अपने उत्तरदायित्वों के प्रति निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करने का संकल्प लिया।




निर्वाचित पदाधिकारियों में अध्यक्ष पद पर रितेश कुमार, उपाध्यक्ष पद पर कुमारी अंजली, सचिव पद पर रोहन सिंह, सह सचिव पद पर कुमारी अमीषा, कोषाध्यक्ष पद पर कुमारी प्रिया तथा विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पद पर अंश रावत शामिल रहे। वहीं महाविद्यालय द्वारा कुमारी खुशी वर्मा, मानसी चौहान, बबिता, लक्ष्मी, रिया पंत एवं सानिया को कार्यकारिणी सदस्य नामित किया गया।

प्राचार्य डॉ. आशुतोष शरण ने सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाते हुए कहा कि छात्र संघ महाविद्यालय में अनुशासन और शैक्षिक वातावरण बनाए रखने में सकारात्मक भूमिका निभाए। उन्होंने अपेक्षा जताई कि सभी पदाधिकारी छात्र हितों और महाविद्यालय के विकास के लिए मिलकर कार्य करेंगे।

इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. सुमेर चंद सुमन भी मौजूद रहे। विदित हो कि विश्व. विद्यालय द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सत्र 2025-26 के छात्र संघ चुनाव में आपसी सहमति से सभी पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए थे। तय समय के मुताबिक 27 सितंबर को शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के प्राध्यापक, छात्र-छात्राएं एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# छात्र संघ चुनाव विनय मोहन अध्यक्ष, शुभं चमोली बने महासचिव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी:** रामचन्द्र उनियाल राजकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय उत्तरकाशी के छात्र संघ चुनाव संपन्न हो गये है। छात्र संघ अध्यक्ष पद पर विनय मोहन और महासचिव पद पर शुभं चमोली ने जीत दर्ज की है। शनिवार को महाविद्यालय में सुबह से दोपहर एक बजे रात मतदान संपन्न हुआ। देर सायं मतगणना के के बाद विजय प्रत्याशियों को निर्वाचित प्रमाण पत्र जारी कर शपथ भी दिलाई गई है।चुनाव प्रभारी डॉ बच्चन लाल ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए विनय मोहन को 750,आशीष कुमार 445 और सौरभ पंवार को 366 मतों से संतुष्ट होना पड़ा। वहीं उपाध्यक्ष पद पर रोहित राणा 764, रितीक पंवार 567 और संगीत को 196 मतों पड़े। वहीं वहीं महासचिव पद पर शुभं चमोली 656 और बृजेश 584 मत पड़े।वहीं कोषाध्यक्ष पद पर शालीन को 880, भूमि को 548, वहीं सहसचिव संतोषी निर्विरोध निर्वाचित घोषित की गई। इस मौके पर प्राचार्य डॉ एम पी एस परमार ने सभी निर्वाचित छात्र संघ पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी।

## एक नजर .......

### किशोरावस्था व यौन शिक्षा पर सेमिनार का आयोजन

**सेलाकुई।** शंकरपुर स्थित गंगा दर्शन पब्लिक स्कूल में किशोरावस्था व यौन शिक्षा पर आधारित सेमिनार का आयोजन किया गया, सेमिनार का शुभारंभ स्कूल के डायरेक्टर अनुराग रावत व प्रिंसिपल संगीता रावत द्वारा किया गया। सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में साइकोलॉजी के असिस्टेंट प्रोफेसर रियासत खान रियाज द्वारा किशोरावस्था व यौन शिक्षा पर जानक. ारी प्रदान की गई, जिसमें रियाज द्वारा किशोरावस्था में किशोरों में होने वाले शारीरिक, मानसिक, व्यवहारिक परिवर्तनों के विषय में जानकारी प्रदान की गई व यौन शिक्षा के विषय पर अलग-अलग तरह के भ्रमों से दूर रहने की जानकारी प्रदान की गई, साथ ही नशे और गलत संगत से दूर रहने की बात कही। इस मौके पर अन्य सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

### सरस्वती इंटर कालेज में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया

**विकासनगर।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज डाकपत्थर में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया, स्वयंसेवियों ने पूरे विद्यालय परिसर और उसके आसपास जाकर स्वच्छता अभियान चलाया। एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी अखिलेश कुमार ने छात्र छात्रों को बताया की जीवन में स्वच्छता का विशेष महत्व है और होना चाहिए। इस अवसर पर.विद्यालय के प्रधानाचार्य अनुसूया प्रसाद जखमोला, विद्यालय के समस्त आचार्य अवधेश, तपेंद्र, कमलेश, चंदन, दिवाकर, अनिल, फकीर, विशाल, नीरज, पंकज, मुकेश, विजेता, शकुंतला, पूजा, रिंकी, कवि आदि सभी उपस्थित रहे।

### केदार सिंह सरस्वती शिशु मंदिर में स्वच्छता जनजागरूकता अभियान आयोजित

**चकराता।** केदार सिंह सरस्वती शिशु मंदिर में शुक्रवार को स्वच्छता जनजागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक व बच्चों ने स्वच्छता शपथ ली और परिसर एवं आस-पास के रास्तों की साफ-सफाई, झाड़ी कटान तथा जनजागरूकता रैली जैसे कार्यक्रमों में भाग लिया। यह अभियान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मोत्सव (17 सितम्बर) से लेकर गांधी जयंती (2 अक्टूबर) तक मनाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित किया गया। इसी कड़ी में 26 सितम्बर को स्वच्छोत्सव के तहत विद्यालय परिवार ने सक्रिय भागीदारी निभाई। प्रधानाचार्य केशर सिंह चौहान ने इस अवसर पर कहा कि "यदि हम स्वयं के साथ-साथ अपने सामाजिक परिवेश की स्वच्छता पर ध्यान दें, तो पूरा समाज स्वस्थ व सशक्त बनेगा।" कार्यक्रम में आचार्या वनिता तोमर, रिंकल सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएँ भी उपस्थित रहे।

### सेपियंस के योगेश ने राज्य स्तरीय खो खो प्रतियोगिता में प्राप्त किया तृतीय स्थान

**विकासनगर।** एक बार फिर से सेपियंस विद्यालय विकासनगर के छात्र योगेश रावत ने खो खो प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। उत्तराखंड क्षेत्र खो खो एसोसिएशन की तरफ से 21 एवं 22 सितंबर को ग्यारहवीं सीनियर राज्य स्तरीय खो खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सेपियंस स्कूल विकासनगर के योगेश रावत ने देहरादून जिले की तरफ से प्रतिभाग करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय के साथ साथ क्षेत्र का भी नाम रोशन किया। इस प्रदर्शन पर विद्यालय अध्यक्षा इंदिरा रानी, प्रबंधक रविकांत सपरा, विद्यालय निदेशिका रश्मि गोयल सहित प्रधानाचार्य नवीन तनेजा, रशिता सपरा ने प्रशिक्षक बीएस राय, संजय चौहान, सतीश चौहान, सूरज चौहान ने भविष्य में भी इसी प्रकार आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

### विधायक ने जीएसटी की घटी दरों व लाभ के संबंध में व्यापारियों से किया संवाद

**विकासनगर।** जीएसटी बचत उत्सव" के अवसर पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में सहसपुर विधानसभा के विधायक सहदेव सिंह पुंडीर ने स्थानीय व्यापारियों और आमजन से भेंट कर जीएसटी की घटी दरों और उनके लाभ के संबंध में विस्तार से संवाद किया। विधायक पुंडीर ने लोगों से आग्रह किया कि वे स्वदेशी और स्थानीय उत्पादों को अपनाएं और बढ़ावा दें, ताकि क्षेत्रीय उद्योगों को नई ऊर्जा मिले और हमारी अर्थव्यवस्था और मजबूत बने।पुंडीर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में आर्थिक सुधारों का नया दौर शुरू हुआ है। जीएसटी दरों में की गई यह ऐतिहासिक कमी व्यापारियों और उपभोक्ताओं दोनों को लाभ पहुंचाने वाली पहल है, जिससे बाजार में पारदर्शिता और विश्वास बढ़ा है।

# कॉलेज व छावनी परिषद में 'स्वच्छोत्सव' कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** राजकीय इंटर कॉलेज नगऊखेत में आज 'स्वच्छोत्सव' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत 'स्वच्छता शपथ' के साथ हुई, जिसके बाद एक घंटे तक ग्रामवासियों, शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं ने मिलकर स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान रास्तों की सफाई, झाड़ी कटान और जन-जागरूकता रैली जैसी गति. विधियाँ संचालित की गईं।

इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाचार्या सीमा सक्सेना (प्रवक्ता समाजशास्त्र) ने कहा कि दैनिक स्वच्छता न केवल बौद्धिक विकास में सहायक है, बल्कि इससे शारी. रिक स्वास्थ्य भी सुदृढ़ होता है। वरिष्ठ प्रवक्ता सैय्यद मोहम्मद अहसन और प्रवक्ता हिन्दी संजीव कुमार ने भी स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला। स्वच्छोत्सव में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सीना सिंह, प्रभारी आनंद सिंह चौहान और ग्राम प्रधान नगऊखेत भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रवक्ता संगीता सनी, जूही सिंह, योगेन्द्र किशोर, व्यायाम शिक्षक दिनेश सिंह, किशोरीलाल बिजल्वाण, अनिल कुमार सैनी, प्रकाशचन्द्र अंथवाल, कुलदीप सिंह, नूरसैद अली, विरेन्द्र सहित अनेक शिक्षक-कर्मचारी और छात्र-छात्राएँ शामिल हुए। वहीं दूसरी ओर छावनी परिषद चकरात द्वारा भी स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत विशेष सफाई अभियान चलाया गया।

# अध्यक्ष पद पर एबीवीपी के महिपाल काबिज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि के बिड़ला परिसर श्रीनगर में छात्रसंघ अध्यक्ष पद पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रत्याशी महिपाल बिष्ट ने जीत हासिल की है। उन्होंने निकटतम प्रतिद्वंदी जय हो छात्र संगठन के 664 मतों से पराजित किया। उपाध्यक्ष पद पर आइसा के शिवांक नौटियाल ने बाजी मारी है।

सचिव पद पर आर्यन छात्र संगठन के अनुरोध पुरोहित ने एनएसयूआई के मोहित राणा को 226 वोटों से पराजित किया। सह-सचिव पद पर अभिषेक सिंह और कोषाध्यक्ष पद पर आयुष निर्विरोध निर्वाचित हुए। गढ़वाल विवि के बिड़ला परिसर श्रीनगर में छात्रसंघ चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हो गए हैं। शनिवार को सुबह आठ बजे




छात्रसंघ चुनाव के लिए मतदान शुरू हुआ। मतदान प्रक्रिया दोपहर दो बजे तक जारी रही। इसके बाद सात टेबलों पर दो राउंड की मतगणना शुरू हुई जो शाम साढ़े छह बजे संपन्न हुई। मुख्य चुनाव अधिकारी प्रो. एचसी नैनवाल ने चुनाव परिणाम घोषित किए। उन्होंने बताया कि छात्रसंघ अध्यक्ष पद पर एबीवीपी के महिपाल बिष्ट को 2584 मत मिले। जबकि जय हो छात्र संगठन के प्रत्याशी शिवांस डोभाल को 1920 मत प्राप्त हुए। एबीवीपी ने 664 मतों के अंतर से जीत हासिल की। उपाध्यक्ष पद आइसा के शिवांक नौटियाल को 2603 मत प्राप्त हुए। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी छात्रम के अभिषेक घिल्डियाल को 749 मतो से पराजित किया। प्रो. नैनवाल ने बताया कि सह-सचिव पद अभिषेक सिंह और कोषाध्यक्ष पद पर आयुष एवं कार्यकारिणी सदस्य पद पर पीयूष नौटियाल, सुधांशु कुमार झा निर्विरोध निर्वाचित हुए। सचिव पद पर आर्यन छात्र संगठन के अनुरोध पुरोहित को 2307 मत प्राप्त हुए। उन्होंने एनएसयूआई के मोहित राणा को 226 मतों से पराजित किया। विश्वविद्यालय प्रतिनिधि (यूआर) पद पर निर्दलीय प्रत्याशी अनमोल जयाडा को 2430 मत प्राप्त हुए। जबकि शौर्य विकास उपाध्याय को 1652 मत प्राप्त हुए। अनमोल सिंह जयाडा ने 778 मतों से जीत अपने नाम कि। वहीं छात्रा प्रतिनिधि में एबवीपी विदिशा सिंह को 2504 मत प्राप्त हुए। जबकि निकटतम प्रतिद्वंद्वी डीएसओ की निशा को 1858 वोट मिले। विदिशा ने 646 मतों से जीत दर्ज कि। गढ़वाल विवि में इस बार पांच पदों पर ही चुनाव संपन्न हुआ। मुख्य चुनाव अधिकारी प्रो. नैनवाल ने बताया कि 4602 छात्र-छात्राओं ने अपने मत का प्रयोग किया।

# विद्यालय ने रावण के पुतले का किया दहन

### ■ बुराई का अंत सदैव ही होता है बुराः खुशीराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** वीर अर्जुन स्कॉलरशिप एकेडमी हनुमत धाम रोड, विकासनगर में रावण के पुतले का दहन किया गया।



बुराई पर अच्छाई के प्रतीक दशहरे पर्व से पूर्व विद्यालय में रावण का पुतला बनाकर बुराइयों के प्रतीक रूप में जलाया गया। सभी बच्चों ने जय श्री राम, जय श्री राम के जय घोष के बीच प्रभु राम की भूमिका में छात्र द्वारा रावण का बध करने के साथ रावण के पुतले के दहन का उत्साह पूर्वक आनंद लिया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य खुशीराम दत्त ने कहा कि बुराई का अंत सदैव बुरा ही होता है। एक बुराई अपने साथ कई बुराइयों को संकलित कर स्वयं को, समाज को विषाक्त कर देती है। अतः हमें सदैव सत्य, न्याय और धर्म का पालन करना चाहिए।

रावण दहन के उपरान्त प्रभु श्री राम, लक्ष्मण जी, माता सीता एवं हनुमान भूमिका में छात्र छात्राओं की पुष्प वर्षा के साथ पूजा आराधना की गई। इस अवसर पर रुचि ठाकुर, कुसुम भट्ट, शिवांशी बग्गा, संतोषी, अलका, स्नेहा तमांग, अनुराग, नरेंद्र, अर्चना, भारती, बंदना, पूजा, वंशिका राणा, निकिता आदि मौजूद रहे।

# धैंतरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगेगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** ग्रामीण और सीमांत क्षेत्रों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाने के उद्देश्य से दून मेडिकल कॉलेज, देहरादून एवं उत्तरकाशी स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 29 सितम्बर 2025 (सोमवार) को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धौंतरी (डुंडा) में एक दिवसीय विशेष निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में न केवल धौंतरी क्षेत्र से लगे ग्रामीण बल्कि पड़ोसी जिला टिहरी के प्रतापनगर और बूढ़ाकेदार के मरीजों को भी लाभ मिलेगा। उत्तरकाशी का धौंतरी क्षेत्र टिहरी जिले की सीमा से लगा हुआ और काफी हद तक बांध प्रभावित है। ऐसे में यहां स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर ग्रामीणों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है।

इसी को ध्यान में रखते हुए दून मेडिकल कॉलेज और जिला स्वास्थ्य विभाग ने यहां विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाने का निर्णय लिया है। यह पहला अवसर होगा जब दून मेडिकल कॉलेज के बड़े विशेषज्ञ चिकित्सक सीधे धौंतरी पहुँचकर स्थानीय जनता का निःशुल्क परामर्श और स्वास्थ्य परीक्षण करेंगे।

# सभी रोगों की एक दवाई, घर में रखो साफ सफाईः बीपी भट्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** नगर पालिका परिषद विकासनगर के तत्वाधान में चल रहे 'स्वच्छता सेवा पखवाड़ा' के अंतर्गत आज पालिका द्वारा नगर में 'स्वच्छता जागरूकता रैली' का आयोजन किया गया।

स्वच्छता अपनाओ-रोग भगाओ, स्वच्छ विकासनगर, सुन्दर विक. ासनगर, स्वच्छता ही सेवा है, गंदगी जानलेवा है, कूड़ा कचरा ना फैलाएं, अपने नगर को स्वच्छ बनाएं, सभी रोगों की एक दवाई घर में रखो साफ सफाई, जन-जन ने यह ठाना है भारत को स्वच्छ बनाना है आदि नारों के साथ रैली में सम्मिलित विभिन्न विद्यालयों के सैकड़ो बच्चों और नागरिकों ने नगरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। टाऊन हॉल में वॉरियर गर्ल्स फाउंडेशन ने स्वच्छता संबंधी एक प्रेरक नाटिका प्रस्तुत की। सभी को स्वच्छता हेतु शपथ दिलाई गई। अधिशासी अधिकारी बी.पी. भट्ट ने कहा कि पालिका प्रशासन नगर को स्वच्छता में अग्रणी श्रेणी में लाने हेतु संकल्पित है। इसके लिए सभी नगरवासियों के सहयोग की आवश्यकता है।रैली में अधिशासी अधिकारी बी.पी.भट्ट, पालिका अध्यक्ष धीरज बॉबी नौटियाल, सुरेश रावत ब्रांड एम्बेसडर, राज. कुमार जैन, नवनीत गुप्ता, सचिन कुमार, पवन कुमार, जगमोहन रावत, विनोद चौहान, अनिल गुप्ता, रविकांत, सुनील टांक, सुभाष कुमार, सुरेंद्र कुमार, सेंट मेरी कॉन्वेंट स्कूल, रा. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सरस्वती विद्या मंदिर, होशियार सिंह जैन बालिका विद्यालय, आशा राम वैदिक इंटर कॉलेज, एनफील्ड स्कूल के सैंकड़ों बच्चों सहित अनेकों पर्यावरण मित्र सम्मिलित रहे।

# खेल से ही समाज व राष्ट्र को आगे बढ़ाया जा सकता : मनोज

### ■ प्रतियोगिता में न्याय पंचायत धारकोट प्रथम , खांलसी द्वितीय स्थान पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिन्यालीसौड़।** ब्लॉक चिन्यालीसौड़ की सभी न्याय पंचायतों की तीन दिवसीय शीतक. ालीन मिनी क्रीडा प्रतियोगिता का शनिवार को समापन हो गया। इसमें न्याय पंचायत बड़ीथी प्रथम धारकोट द्वितीय व खांलसी तृतीय स्थान पर रही। वही इस खेल प्रतियोगिता में प्रिंस चौंपियनशिप रहा।



शनिवार को पीएम श्री राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज चिन्यालीसौड़ के प्रांगण में प्रारंभिक स्तरीय मिनी खेल प्रतियोगिता का समापन हुआ। इस दौरान दौड़, कबड्डी लंबी कूद, ऊंची कूद एवं खो-खो आदि प्रतियोगिताएं हुई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष मनोज को. हली व ब्लॉक प्रमुख रणवीर सिंह महंत मौजूद रहे।

बतौर मुख्य अतिथि मनोज कोहली ने खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमें विवेकानन्द जी के जीवन से सीख लेना होगा कि हमें दूसरे को हराना नहीं है बल्कि स्वयं को जिताना है।

हमें खेल के द्वारा ही समाज और राष्ट्र को आगे ले जाना है, हम जब स्वयं संयमित और अनुशासित रहेंगे तभी तो प्रेरणा स्रोत बनेंगे। वही रणवीर महंत ने कहा की जो खिलाड़ी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे उन्हें उनके द्वारा ड्रेस पुरस्कार के रूप में दी जाएगी। खंड शिक्षा अधिकारी जीएस ने कहा कि खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन को लेकर बच्चे खासा उत्साहित हैं। विजेता व उपविजेता टीमों को मुख्य अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र व पुरस्कार वितरण किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस मौके पर ब्लॉक समन्वयक बृजमोहन बिष्ट ,उत्तम सिंह राणा, बिजेंद्र पंवार, सामाजिक कार्यकर्ता सुमन बडोनी लोकेंद्र पैन्यूली , राजेंद्र गुसाई, गीता नेगी, अनीता नेगी, अरविंद बडोनी सहित बड़ी संख्या में क्रीड़ा अधिकारी उपस्थित रहे।

# अवैध निर्माण और प्लॉटिंग पर चला एमडीडीए का ताबड़तोड़ बुलडोजर

## मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण की नियम विरुद्ध निर्माण एवं अवैध प्लॉटिंग पर कड़ी कार्रवाई जारी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** शहर और आसपास अवैध प्लॉटिंग एवं अनधिकृत निर्माण करने वालों के खिलाफ मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एम.डी.डी.ए.) का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। शनिवार को प्राधिकरण की संयुक्त टीम ने कई क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए दर्जनों बीघा अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त कर दिया और कई व्यावसायिक निर्माणों को सील कर दिया।

एम.डी.डी.ए. उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि शहर को अव्यवस्थित और अवैध तरीके से फैलने नहीं दिया जाएगा। नियम विरुद्ध निर्माण और प्लॉटिंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। जनता को भी संदेश दिया कि वे किसी भी अवैध कॉलोनी में निवेश कर अपने पैसे और भविष्य को खतरे में न डालें।संयुक्त सचिव गौरव चटवाल, सचिव मोहन सिंह बर्निया



के आदेश पर यह कार्रवाई की गई। कार्रवाई में सहायक अभियंता अभिषेक भारद्वाज, सुरजीत सिंह रावत, निशांत कुकरेती, अवर अभियंता हर्षित मौठानी, जयदीप राणा, नेहा बर्थवाल, सुपरवाइजर एवं पुलिस बल मौजूद रहे।

### इन स्थानों पर हुई कार्रवाई

1. शिमला बाईपास रोड

मानवेन्द्र पुण्डीर की ग्राम हिन्दुवाला साभावाला में लगभग 40 बीघा भूमि पर की जा रही अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त की गई।

2. सेलाकुई (सेरपुर क्षेत्र)

गुलशेर की हाईवे और आसान नदी के बीच लगभग 10 बीघा अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त की गई।

3. चकराता रोड (शंकरपुर, सेलाकुई)

डी.सी. बंसल की लगभग 20 बीघा में की जा रही अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त की गई।

4. कल्याणपुर धर्मावाला चौक

राशिद की लगभग 08 बीघा भूमि में अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त किया गया।

5. अट्टूवाला, शिमला बाईपास रोड

नेरन्द्र चौहान की अवैध रूप से निर्मित फार्म हाउस एवं 08 व्यावसायिक हट्स सील।

किया गया।

6. धर्मावाल रोड, हरबटपुर

राकेश अग्रवाल के पेट्रोल पंप के निकट अवैध व्यावसायिक निर्माण सील कर दिया गया।

7. मुख्य चकराता रोड, खुशहालपुर सहसपुर

सलमान के अवैध व्यावसायिक निर्माण सील किया गया।

8. 75 राजपुर रोड, देहरादून

मौ. अशरफ खान व गर्ग के किए जा रहे अवैध निर्माण को सील किया गया।

9. संस्कृति लोक कॉलोनी, देहरादून

शाकिर के निर्मित दो अवैध भवन सील किए गए।

10. चांचक चौक, बंजारावाला

मो. साजिद के टिन शेड का अस्थायी व्यावसायिक निर्माण ध्वस्त किया गया।

### अनुमोदित प्लान व मानचित्र की जानकारी लेकर ही संपत्ति क्रय करें: तिवारी

उपाध्यक्ष एम.डी.डी.ए. बंशीधर का बयान- मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण का उद्देश्य शहर में व्यवस्थित एवं नियोजित विकास सुनिश्चित करना है। किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण या प्लॉटिंग नियमों के खिलाफ है और ऐसे मामलों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आम जनता को भी अपील है कि वह किसी भी अवैध कॉलोनी या निर्माण में निवेश न करें और हमेशा अनुमोदित प्लान व मानचित्र की जानकारी लेकर ही संपत्ति क्रय करें।

# वाहन की खरीद पर ऑटो गैलरी में निशिचत उपहार

## आईफोन समेत कई उपहार खरीदार कर चुके हासिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ऋषिकेश।** नवरात्र में दूनमार्ग स्थित दोपहिया वाहन शोरूम ऑटो गैलरी होंडा में निश्चित उपहार स्कीम चल रही है। इसमें हर वाहन की खरीदारी पर निश्चित उपहार दिया जा रहा है।

स्क्रैच कूपन में टाटा डियागो कार, स्कूटी और आईफोन समेत कई कीमती उपहार मिल रहे हैं। गैलरी में दोपहिया की खरीद में न सिर्फ हर खरीदार को दो हेलमेट दिए जा रहे हैं, बल्कि कंपनी बाइक साइन-100 पर निश्चित एचडी एलईडी टीवी तक दे रही है।

गैलरी में खरीदारी के दौरान ऋषिकेश के गंगानगर निवासी ख्र तिदा आईफोन उपहार के रूप में प्राप्त कर चुकी हैं। जबकि, पौड़ी के विपिन सिंह बिष्ट, मेहरबान सिंह और नितिन दोनों निवासी टिहरी को



भी उपहार मिला। गैलरी के संच. ालक अलक्षेंद्र सिंह ने बताया कि ग्राहकों के विश्वास पर खरा उतरने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। उन्हें आकर्षक योजनाओं के रूप में वाहन की खरीद पर लाभ दिया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राहक लगातार खरीदारी पर लाभ उठा रहे हैं। नवरात्र में दोपहिया वाहनों की खरीदारी में गैलरी पहुंचे ग्राहकों ने निर्धारित स्कीमों को लाभ उठाया है। बताया कि ग्राहकों का यह प्यार है कि इस तरह की आकर्षक योजनाएं उनके लिए लगातार लाई जा रही हैं।

## सामाजिक कार्यकर्ता हरीश चंद्र पंत नहीं रहे



**नैनीताल।** नैनीताल के सूखाताल निवासी एवं वन विभाग से सेवानिवृत कर्मी तथा सामाजिक कार्यकर्ता हरीश चन्द्र पन्त (मुन्ना दा) शनिवार को प्रात: काल निधन हो गया। वह पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे और उपचार के दौरान उन्होंने हल्द्वानी स्थित सुशीला तिवारी चिकित्सालय में अंतिम सांस ली। बता दें हरीश चन्द्र पन्त अपने सौमय स्वभाव एवं सामाजिक कार्यों में सक्रिय योगदान के लिए जाने जाते थे। उन्होंने सूखाताल आदर्श रामल. ीला समिति, श्री राम सेवक सभा नैनीताल के सक्रिय कार्यकर्ता सहित नगर की अनेक सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से समाज सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हरीश पंत लोक पारंपरिक कलाकारों के रूप में श्री नंदा देवी मूर्ति निर्माण में कई वर्षों तक योगदान किया तथा इस वर्ष राम बारात भी शामिल हुए। उनकी अंतिम यात्रा सूखाताल स्थित आवास से निकलने के बाद उनका पाइंस श्मशान घाट में अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# नैनीताल की आस्था अब डाक टिकट पर अमर: पाषाण देवी मंदिर की तस्वीर वाला पोस्टकार्ड होगा जारी

**अफजल हुसैन फौजी**

**नैनीताल।** सरोवर नगरी की धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को अब राष्ट्रीय पहचान मिलने जा रही है। नैनीताल के ऐतिहासिक मां पाषाण देवी मंदिर को डाक विभाग अपनी स्मृतियों में संजोने जा रहा है। आगामी 11-12 अक्टूबर को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय डाक प्रदर्शनी में मां पाषाण देवी की तस्वीर वाला विशेष पिक्चर पोस्टकार्ड औपचारिक रूप से जारी किया जाएगा। मंदिर के पुजारी जगदीश चंद्र भट्ट ने बताया कि हाल ही में भारतीय डाक विभाग की एक टीम केंद्र सरकार से अनुम. ति लेकर मंदिर पहुंची थी. टीम ने मंदिर का निरीक्षण किया और तस्वीर को पोस्टकार्ड में शामिल करने के लिए सहमति मांगी। मंदिर समिति की सहमति के बाद अब यह निर्णय लिया गया है।



### धरोहर को मिला राष्ट्रीय मंच

डाक विभाग का यह कदम न केवल नैनीताल की धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को सम्मान देने वाला है, बल्कि पर्यटकों और श्रद्धालुओं के लिए एक विशेष स्मृति भी बनेगा. स्थानीय लोगों ने इस पहल पर खुशी जताते हुए कहा कि इससे मां पाषाण देवी की महिमा पूरे देश में प्रचारित होगी और आने वाली पीढ़ियों तक यह धरोहर संजोई जा सकेगी।

### प्राचीन आस्था का केंद्र है पाषाण देवी मंदिर

नैनीताल का पाषाण देवी मंदिर सदियों से आस्था और श्रद्धा का प्रतीक रहा है। माना जाता है कि यह मंदिर मां दुर्गा के पाषाण स्वरूप का प्रतीक है। यहां मां की मूर्तियां एक ही पत्थर में बनी हुई हैं, इसी कारण इस स्थान का नाम पाषाण देवी पड़ा। जनश्रुतियों के अनुसार मां पाषाण देवी ने नैनीताल की रक्षा और सुरक्षा के लिए यहां विराजमान होकर नगरवासियों की रक्षा का संकल्प लिया। कहा जाता है कि मां को स्नान कराए गए पानी के सेवन से हकलाने, चर्म रोग समेत कई बीमारियां दूर हो जाती हैं। ठंडी सड़क स्थित इस मंदिर में मां दुर्गा के नौ स्वरूप एक साथ विराजमान हैं। यही कारण है कि हर तीज-त्योहार और पर्व पर यहां श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है।

## नैनीताल में गांधी जयंती पर होंगे कई कार्यक्रम

**नैनीताल।** जिलाधिकारी कार्यालय सभागार नैनीताल में शनिवार को अपर जिलाधिकारी विवेक राय की अध्यक्षता शनिवार को 2 अक्टूबर (गांधी जयंती) समारोह के कार्यक्रमों की रुपरेखा तैयार किए जाने के संबंध बैठक आयोजित की गयी।

अपर जिलाधिकारी ने बताया कि गांधी जयंती के अवसर पर जिले के समस्त विद्यालय के छात्र-छात्राओं, राजनैतिक व धार्मिक व समाजिक संस्थाओं आदि द्वारा सुबह प्रभात फेरी का आयोजन किया जाएगा उसके बाद राजकीय भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फरहाना साथ ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी और लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर अनावरण एवं माल्यापर्ण किया जाएगा। साथ ही विद्यालयों में गीत नाट्य व सफाई अभियान, वाद विवाद प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, सादा जीवन उच्च विचार, पंथ निरपेक्षता, गांधी जी सिद्धांत, साक्षरता को बढ़ावा आदि पर गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने पर्याप्त पुलिस व्यवस्था कराने के निर्देश दिए।

# उत्तरकाशी आपदा: लापता 67 लोगों को 'मृत' घोषित करने को गृह मंत्रालय की हरी झंडी

**शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड के उत्तरक. ाशी जिले में अगस्त माह में आई विनाशकारी आपदा ने कई परिवारों की खुशियाँ छीन लीं। धराली और हर्षिल क्षेत्र में खीर गंगा में आए भीषण मलबे के कारण लापता हुए 67 लोगों का 51 दिनों के अथक प्रयासों के बावजूद कोई पता नहीं चल पाया है। इन अनिश्चितताओं के बीच, केंद्र सरकार ने पीड़ितों के परिवारों को बड़ी राहत देते हुए, इन लापता व्यक्तियों का मृत्यु पंजीकरण प्रमाण पत्र जारी करने की मंजूरी दे दी है। यह निर्णय राज्य सरकार द्वारा जन्म एवं मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1969 के प्रावधानों में छूट देने के लिए भेजे गए प्रस्ताव के बाद आया है। इस मंजूरी के बाद, लापता लोगों के परिजनों को आपदा राहत के तहत आवश्यक आर्थिक सहायता मिल सकेगी, जो अब तक प्रमाण पत्र न होने के कारण रुकी हुई थी।

### राहत की सांस: तत्काल सहायता का मार्ग प्रशस्त

राज्य सरकार ने तुरंत इस प्रक्रिया को अमल में लाते हुए संबंधित अधिकारियों को नामित कर दिया है। सचिव स्वास्थ्य, डॉ. आर. राजेश कुमार ने पुष्टि करते हुए बताया कि मृत्यु पंजीकरण की प्रक्रिया के लिए उप जिलाधिकारी (एसडीएम) को श्अभिहित अधिकारीश और जिलाधिकारी को श्अपीलीय अधिकारीश नामित किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सामान्य परिस्थितियों में, जन्म एवं मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 के तहत किसी लापता व्यक्ति को मृतक घोषित करने के लिए सात साल तक प्रतीक्षा करनी पड़ती है। लेकिन प्राकृतिक आपदाओं की गंभीरता को देखते हुए केंद्र ने इस नियम में छूट दी है।

# ग्राम पंचायत के जनप्रनिधियों की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** जिले के भीमताल विकास खंड के तहत न्याय पंचायत खुर्पाताल तथा न्याय पंचायत ज्योलीकोट के सभी ग्राम प्रधानों एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों तथा पूर्व जन प्रतिनिधियों की बैठक ग्राम प्रधान खुर्पाताल हंसी नेगी की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवकी बिष्ट मौजूद रहीं। बैठक में बिष्ट ने कहा कि दोनों न्याय पंचायतों की समस्याओं के साथ साथ पूरे जिले की जो भी प्रमुख समस्याएं होंगी, उन्हें आगामी जिला पंचायत की बोर्ड बैठक में वह प्राथमिकता से उठाएंगी ताकि उनका हर संभव समाधान हो सके। इससे पूर्व बैठक में राज्य आंदोलनकारी डा. सुरेश डालाकोटी ने सभी जन प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए बैठक के बारे में बताया। डा. डालाकोटी ने कहा कि पंचायत एक्ट में ग्राम प्रधान को जो अधिकार मिले हैं उनका पूर्ण रूप से पालन होना चाहिए।

बैठक में बोलते हुए सरिताताल के ग्राम प्रधान हरगोविन्द सिंह रावत ने कहा कि नए ग्राम प्रधान जो भी बने हैं उन्हें कहीं पर भी हमारी सहायता की जरूरत पड़े तो हम पुराने ग्राम प्रधान हमेशा उनकी सहायता करने को तैयार रहेंगे। बैठक में ज्योली के ग्राम प्रधान शेखर भट्ट ने कहा कि हमें अपने क्षेत्र में मौन पालन का प्रोग्राम भी स्वरोजगार के लिए शुरू करना चाहिए जिसमें सरकार द्वारा 80 प्रतिशत छूट मिलती है तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण को भी अपनी योजनाओं में शामिल करना चाहिए। बैठक में सामाजिक कार्यकर्ता जीवन नेगी ने ग्रामसभा खुर्पाताल की तरफ से जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवकी बिष्ट को शॉल ओढ़ाकर सममानित किया। बैठक में देवीधुरा के क्षेत्र पंचायत सदस्य हिमांशु पाण्डेय ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए सबको मिलकर कार्य करना पड़ेगा। बैठक के आयोजक पूर्व प्रधान गणेश बिष्ट ने सभी का धन्यवाद किया। बैठक में गोविंद सिंह अधिकारी, सूरज अधिकारी, प्रेमा मेहरा, दीपा कोटलिया, कीर्ति आर्या, हिमांशु बिष्ट, प्रेमा बर्गली, बीना जीना, बालम जीना व देवेंद्र नेगी ने अपने क्षेत्र की समस्याओं को रखते हुए कहा कि हमें एकता बनाए रखनी पड़ेगी। बैठक में शिब सिंह, बच्चे सिंह, गोबिंद सिंह, मुकेश महरा, गणेश महरा, हरीश धामी, हीरा सिंह, धर्मेंद्र रावत तथा विनोद कुमार मौजूद रहे।

# मिसाल: 43 साल से सौहार्द का रंग भर रहे सईब अहमद

**अफज़ल हुसैन फौजी**

**नैनीताल।** शारदीय नवरात्र और दशहरे के मौके पर देशभर में होने वाली रामलीलाएं सिर्फ धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि संस्कृति और परंपरा का जीवंत स्वरूप होती हैं। नैनीताल नगर की तल्लीताल रामल. ीला इसी का उदाहरण है, जहां बीते 43 सालों से सईब अहमद रामलीला के पात्रों को मंच पर उतारने से पहले उनके मेकअप की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। सईब अहमद बचपन से ही रंग. मंच से जुड़े रहे। शुरुआत अभिनय से हुई, लेकिन धीरे-धीरे उन्होंने मेकअप को अपनी पहचान बना लिया। वे अकेले ही सभी पात्रों को मंचन के लिए तैयार करते हैं। उनका कहना है कि यह केवल मेकअप नहीं, बल्कि कला और संस्कृति को जीवित रखने



का माध्यम है। सईब बताते हैं कि पिछले चार दशकों में रामलीला का रूप काफी बदल चुका है। पहले लोग इस आयोजन के दौरान सादगी अपनाते और कई तरह के त्याग करते थे। अब समय के साथ मंचन अधिक नाटकीय और आधुनिक हो गया है। इसके बावजूद श्रद्धा और उत्साह आज भी पहले जैसा ही है। सईब अहमद की पहचान केवल रामलीला तक सीमित नहीं है। समाज में अमन और भाईचारे का संदेश देने वाले सईब घर पर कुंडली भी बनाते हैं और जरूरतमंदों की मदद करते हैं। उनका मानना है कि ईश्वर एक है, बस उसे पूजने के रास्ते अलग-अलग हैं। सईब कहते हैं कि छोटा सा नैनीताल हमेशा अमन-शांति का पैगाम देता रहा है। यहां दशहरे पर रावण के पुतले हों या मुहर्रम के ताजिए, हर धर्म के लोग मिलकर तैयारी करते हैं। यही वजह है कि नैनीताल की रामलीला सां. प्रदायिक एकता की जीती-जागती मिसाल बन चुकी है। सईब अहमद की 43 साल के योगदान ने न सिर्फ रामलीला के रंगों को और जीवंत किया है, बल्कि आपसी सौहार्द की अमिट छाप भी छोड़ी है।

## सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी पर रोष

**नैनीताल।** लद्दाख के पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत गिरफ्तारी और जोधपुर जेल भेजे जाने के खिलाफ शनिवार को विभिन्न राजनीतिक दलों, जन संगठन और बुद्धिजीवियों ने विरोध प्रदर्शन किया। तल्लीताल गांधी चौक पर मोमबत्तियां जलाकर और तख्तियां लेकर लोग सोनम के समर्थन में नारेबाजी करते दिखे। उन्होंने उत्तराखंड में पेपर लीक मामले में विरोध कर रहे युवाओं के प्रति भी एकजुटता जताई और मुख्यमंत्री द्वारा घटना को 'नकल जिहाद' बताने की निंदा की। वक्ताओं ने वांगचुक के आंदोलन को हिमालय क्षेत्र की समान समस्या बताया और उनकी तत्काल रिहाई की मांग की।


**सार्वजनिक सूचना**

मेरे ड्राइविंग लाईसेंस नंबर **UK07/DLE/0000601/2017** में मेरा नाम गलती से **SUNIL KUMAR PANCHULI** दर्ज हो गया है, जबकि मेरे सभी डाक्यूमेंट्स में मेरा नाम **SUNIL KUMAR PANCHURI** है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड (नगरीय), हरिद्वार
दूरभाष: 01334-221199 फैक्स: 221199

**विद्युत बन्दी सूचना**

निम्नलिखित क्षेत्र के समस्त उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि इस खण्ड के अधीन 33/11 केवी सबस्टेशन गैण्डीखाता के अन्तर्गत Rectification का कार्य किया जाना प्रस्तावित है जिस कारण निम्नलिखित क्षेत्रो की विद्युत आपूर्ति आंशिक/पूर्णकालिक बाधित रहेगी।
अत: उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि वे उक्त अवधि में पेयजल/विद्युत की वैकल्पिक व्यवस्था कर लें

| दिनांक | समय | 33/11 केवी विद्युत उपसंस्थान/पोषक का नाम | 11 केवी पोषक का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 29.09.2025 | 11:00 AM to 04:00 PM | गौरीशंकर से गैण्डीखाता | गैण्डीखाता | पोषक से सम्बन्धित क्षेत्र |
| | | | गुर्जर बस्ती | |
| 01.10.2025 | | | गैण्डीखाता | |
| | | | गुर्जर बस्ती | |
| 03.10.2025 | | | गुर्जर बस्ती | |
| | | | गैण्डीखाता | |

"विद्युत बिलों के **24x7** ऑनलाईन भुगतान हेतु **www.upcl.org** पर जाए"
पत्रांक: 2550/वि0वि0ख0/ह0/विद्युत बन्दी सूचना दिनांक: 27/09/2025 **अधिशासी अभियन्ता**
(राष्ट्र हित में विद्युत बचायें) टोल फ्री नं0 1800-419-0405



**उत्तराखण्ड पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपकम)
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड ज्वालापुर हरिद्वार। मोबाईल नं0. 9412073716

पत्रांक:- 7059/वि0.वि0.ख0ज्वा0/ह0/शटडाउन/ई0ई0/ दिनांक- 27.09.2025

**विद्युत बन्दी सूचना**

खण्ड के अन्तर्गत आने वाले सम्मानित उपभोक्ताओ को सूचित किया जाता है कि तालिका में वर्णित तिथि व समय में 33/11 के०वी० विद्युत उपसंस्थान, सहदेवपुर के क्षेत्रान्तर्गत TMPO स्थापित का कार्य एवं 33/11 के०वी० विद्युत उपसंस्थान ट्रांसपोर्ट नगर के क्षेत्रान्तर्गत AAAC Covered Conductor का कार्य किया जाना प्रस्तावित है। अत: तालिका में वर्णित क्षेत्रों से सम्बन्धित सम्मानित उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति उल्लिखित तिथि व समय पर आंशिक/पूर्ण रूप से बाधित रहेगी।

| क्रम स0 | उपसंस्थान का नाम | पोषक का नाम | दिनांक व दिन | समय | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 33/11 के०वी० उपसंस्थान, सहदेवपुर। | 11 के0वी0 हरिआश्रय। | 29.09.2025/ सोमवार। | 10:00 बजे से 13:00 बजे तक। | हरि आश्रय, तथा उक्त पोषक से पोषित होने वाले सभी घरेलू, अघरेलू व औद्योगिक उपभोक्ता। |
| | | | 03.10.2025/शुक्रवार। | | |
| | | | 05.10.2025/रविवार। | | |
| 02 | 33/11 के०वी० उपसंस्थान, ट्रांसपोर्ट नगर। | 11 के0वी0 सराय | 29.09.2025/ सोमवार। | 10:00 बजे से 14:00 बजे तक। | सराय, राजलोक कालोनी, गायत्री विहार, एक्कड कलां, एक्कड खुर्द, दुर्गा विहार तथा उक्त पोषक से पोषित होने वाले सभी घरेलू, अघरेलू व औद्योगिक उपभोक्ता। |
| | | | 04.10.2025/शनिवार। | | |
| | | | 06.10.2025/सोमवार। | | |

अत: आपसे अनुरोध है कि उक्त समय में विद्युत एवं पानी की वैकल्पिक व्यवस्था अपने स्तर से करने की कृपा करें। विद्युत बन्दी के समय सम्मानित उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की जाती है।
**अधिशासी अभियन्ता**
**'विद्युत बिलो के 24X7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं'**
**Toll free No- 1800-419-0405**
''राष्ट्रहित में विद्युत बचायें''



**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता अस्थाई खण्ड लोक निर्माण विभाग ऋषिकेश (देहरादून)**
Phone:- 0135-2430660
Website-http://pwd.uk.gov.in
E-Mail- eetdrksh@gmail.com

पत्रांक- 3206 /निविदा **अति अल्पकालीन निविदा सूचना** दिनांक 26/09/2025

महामहिम राज्यपाल, उत्तराखण्ड की ओर से अधेहस्ताक्षरी, द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु सील्ड निविदा आंमत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 29.09.2025** से **दिनांक 06.10.2025 तक** किसी भी कार्य दियस में निम्न कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते है तथा **दिनांक 06.10.2025** दोपहर 11:00 तक इन्ही कार्यालयों में डाले जा सकते है। निविदा दिनॉक 06.10.2025 को 04:00 बजे निविदा खोलने हेतु गठित समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

1- कार्यालय, अधीक्षण, अभियन्ता, 9 वॉ वृत्त, लो0नि0वि0, देहरादून। 2- कार्यालय, अधिशासी अभियन्ताा, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, देहरादून। 3- कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता, अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि0, ऋषिकेश।

| कम सं0 | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (जी0एस0टी0 अतिरिक्त) | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वित्तीय वर्ष 2025-26 में विशेष मरम्मत मद के अन्तर्गत ऋषिकेश-भानियावाला मोटर मार्ग (राज्य मार्ग-24) के किमी0 3 से 15 मे क्रैक सिलिंग तथा पटरी ड्रेसिंग का कार्य। | 75000.00 | 2,000.00+18% GST | 60 दिन | 3 माह | मार्ग निर्माण कार्य में श्रेणी 'डी' एवं उच्चतर |
| 2 | जिला योजना वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत विधानसभा डोईवाला में सनगॉव के मनवाल परिवार मजरे तक सनगॉव नाहीकला मोटर मार्ग के गुल्लर से 300 मी0 लम्बाई में मोटर मार्ग का निर्माण। | 19500.00 | 1,000.00+18% GST | 60 दिन | 2 माह | मार्ग निर्माण कार्य में श्रेणी 'डी' एवं उच्चतर |

निविदा से सम्बन्धित समस्त प्रपत्र (स्टाम्प पेपर, एफ0डी0आर0 आदि) निविदा आमत्रंण की तिथि के पश्चात के ही मान्य होगें। ठेकेदार द्वारा पंजीकरण की प्रति खण्डीय रोकडिया को उपलब्ध कराये जाने के पश्चात ही निविदा प्रपत्र निर्गत किये जायेगें। स्टाम्प पेपर पर निविदा की वैद्यता एवं सम्बन्धित निविदा का विवरण अंकित होना अनिवार्य होगा।

किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

**अधिशासी अभियन्ता**
**अस्थाई खण्ड लो0नि0वि0 ऋषिकेश**

## संक्षिप्त खेल समाचार

### एमसीए नवम्बर में चुनाव कराएगा

**मुंबई, वार्ता।** मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) नवंबर में अपने चुनाव कराएगा। अभी तारीख तय नहीं हुई है, लेकिन शुक्रवार (26 सितम्बर) को हुई शीर्ष परिषद की बैठक में यह फैसला लिया गया। एमसीए ने एक बयान में कहा कि मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन की शीर्ष परिषद ने फैसला किया कि एसोसिएशन के चुनाव नवंबर 2025 में होंगे। यह समय-सीमा अक्टूबर में दिवाली की छुट्टियों को ध्यान में रखते हुए तय की गई है। एमसीए ने चुनाव कराने के लिए जेएस सहारिया को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है।

### इगा ने चाइना ओपन में अपना अपराजित अभियान जारी रखा

**बीजिंग, वार्ता।** विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी पोलैंड की इगा स्वियाटेक ने शनिवार को चाइना ओपन में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। उन्होंने महिला एकल के दूसरे दौर में घरेलू खिलाड़ी युआन यू को 6-0, 6-3 से हराकर नेशनल टेनिस सेंटर में अपना अपराजित रिकॉर्ड कायम रखा। 24 वर्षीय स्वियाटेक पहले सेट में अजेय रहीं और उन्होंने तीन ब्रेक के साथ सभी छह गेम जीतकर बेसलाइन पर अपना दबदबा कायम रखा। यह बीलजग में उनके शानदार रिकॉर्ड का एक और उदाहरण है, क्योंकि उन्होंने 2023 में अपने पहले ही टूर्नामेंट में जीत हासिल की थी। 58वें नंबर की 25 वर्षीय युआन ने दूसरे सेट में कड़ी टक्कर दी। चीनी खिलाड़ी ने शुरुआती गेम में सर्विस ब्रेक करके 1-0 की बढ़त बना ली, लेकिन शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने तुरंत वापसी करते हुए लगातार तीन गेम जीतकर 3-1 की बढ़त बना ली। स्थानीय प्रबल दावेदार ने छठे और आठवें गेम में अपनी सर्विस बचाए रखी।

# विस्फोटक खिताबी मुकाबले को तैयार भारत-पाक

● **भारत टूर्नामेंट में अजेय है और पाक पर दो जीत पहले ही हासिल कर चुका है**

**दुबई, वार्ता।** अपनी सीट बेल्ट बांध लीजिए! क्रिकेट की दुनिया की सबसे बड़ी जंग यहीं है। रविवार रात दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में एशिया कप टी-20 टूर्नामेंट के फाइनल में भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला होगा-इससे बड़ा मुक. ाबला और क्या हो सकता है। भारत इस मुकाबले में पूरी ताकत से उतरेगा, टूर्नामेंट में अजेय है और पाकिस्तान पर दो जीत पहले ही हासिल कर चुका है।

वे एक मिशन पर लगी टीम की तरह दिख रहे हैं। शीर्ष क्रम में, अभिषेक शर्मा का प्रदर्शन बेहद शानदार रहा है-309 रन, 200 से ज्यादा का स्ट्राइक रेट और लगातार तीन अर्द्धशतक। शुभमन गिल का धैर्य, सूर्यकुमार यादव की आतिशी बल्लेबाजी, और तिलक वर्मा व संजू सैमसन का आक्रामक अंदाज-यह बल्लेबाजी विकल्पों से भरी हुई है। और अगर आपको लगता है कि बात यहीं खत्म हो जाती है, तो शिवम दुबे, हार्दिक पांड्या और अक्षर पटेल का निचला क्रम डेथ ओवरों में धमाकेदार प्रदर्शन कर सकता है।

गेंदबाजी? कमाल की। जसप्रीत बुमराह नई गेंद से आग उगल रहे हैं, कुलदीप यादव और अक्षर पटेल बल्लेबाजों को बांधे हुए हैं, और वरुण चक्रवर्ती अपनी रहस्यमयी स्पिन से घातक साबित हुए हैं। भारत के पास विविधता, संतुलन और गहराई है - एक फाइनल में आपको जो कुछ भी चाहिए। हालांकि, पाकिस्तान यहां संयोग से नहीं है। वे लड़खड़ा भी चुके हैं - बांग्लादेश से पूछिए, जिसने 71 रन पर उनका स्कोर 6 विकेट कर दिया था, उसके बाद पाकिस्तान ने वापसी की। लेकिन फाइनल उनके अंदर की लड़ाई को उजागर करता है। फखर जमान एक ऐसे खिलाड़ी हैं जो अगर लय में आ जाएं तो बेकाबू हो सकते हैं।

**एशिया कप-2025 फाइनल मुकाबला आज**



साहिबजादा फरहान एंकर हैं। कप्तान सलमान आगा, मोहम्मद हारिस और मोहम्मद नवाज के साथ मिलकर टीम को संभालने की कोशिश करेंगे। लेकिन असली ताकत उनकी गेंदबाजी में है। **नई गेंद से शाहीन** अफरीदी बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रहे हैं, हारिस रऊफ किसी भी लाइन-अप को तहस-नहस कर सकते हैं, और युवा सैम अयूब ने अपने आठ विकेट लेकर कमाल कर दिया है। नवाज और अबरार अहमद के समर्थन से, यह एक ऐसा आक्रमण है जो भारत को नुकसान पहुंचा सकता है अगर वे अपनी लय हासिल कर लें। **यहां एक दिलचस्प मोड़ है:** भारत अभी ऊंचाइयों पर है, लेकिन फाइनल में इतिहास पाक के पक्ष में झुकता दिख रहा है। इन दोनों के बीच हुए 12 फाइनल मुकाबलों में से पाकिस्तान ने आठ जीते हैं। यही वह आंकघ है जो इस प्रतिद्वंद्विता को जीवंत और जीवंत बनाए रखता है। दुबई की पिच? शुरुआत में तेज गेंदबाजों के लिए थोड़ी मदद की उम्मीद करें, बीच में स्पिनर खेल में आएंगे, और फिर ओस लक्ष्य का पीछा करने वालों के लिए काम आसान कर देगी। 180-190 के आसपास का स्कोर जादुई संख्या होगी। मौसम साफ, नम है, और दूधिया रोशनी में धमाकेदार मैच के लिए एकदम सही है।

**भारत की संभावित एकादश**

**अभिषेक शर्मा**, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, संजू सैमसन (विकेट कीपर), शिवम दुबे, हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुम. राह, वरुण चक्रवर्ती

**पाक की संभावित एकादश**

**सैम अयूब**, साहिबजादा फरहान, फखर जमान, सलमान आगा (कप्तान), हुसैन तलत, मोहम्मद हारिस (विकेट कीपर), मोहम्मद नवाज, फहीम अशरफ, शाहीन अफरीदी, हारिस रऊफ, अबरार

संभावनाएं भारत की ओर इशारा करती हैं। फॉर्म भारत की ओर इशारा करता है। लेकिन भारत-पाक फाइनल में, आप इन सब बातों को नजरअंदाज कर देते हैं। एक बड़ा ओवर, एक तेज स्पेल, और पल भर में कहानी पलट सकती है।

## अभिषेक ने तोड़ा कोहली-रिजवान का रिकॉर्ड



● **एक टी-20 एशिया कप में सबसे ज्यादा रन, भारतीय टीम बनी सुपर ओवर की चैंपियन**

**दुबई, वार्ता।** टीम इंडिया ने एशिया कप में जीत का सिल. सिला कायम रखा। भारत ने शुक्रवार को श्रीलंका के खिलाफ सुपर ओवर में जीत हासिल की। दुबई स्टेडियम में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट खोकर 202 रन बनाए। जवाब में श्रीलंकाई टीम ने भी इतने ही रन बनाए और मैच टाई हो गया। सुपर ओवर में श्रीलंका ने भारत को 3 रन का टारगेट दिया। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पहली ही बाल पर तीन रन बनाकर भारत को जीत दिला दी। भारतीय टीम अब लगातार 6 सुपर ओवर जीत चुकी है। टीम इंडिया दुनिया की इकलौती ऐसी टीम है जो कभी टी-20 का टाईब्रेकर नहीं हारी है। इसके अलावा अभिषेक शर्मा किसी एक टी-20 एशिया कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर बन गए हैं। उन्होंने मोहम्मद रिजवान और विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा है। सुपर ओवर में भारत की लगातार छठी जीत भारतीय टीम ने अब तक का अपना सातवां टाई मैच खेला। इन सभी मैचों के टाईब्रेकर में भारतीय टीम ने जीत हासिल की। एक मैच में बालआउट के जरिए विजेता का फैसला हुआ था। बाकी के 6 मैचों में सुपर ओवर के जरिए। भारत ने अपना पहला टाई मैच 14 सितम्बर 2007 को डरबन में पाकिस्तान के खिलाफ खेला था। तब बाल आउट के जरिए विजेता का फैसला हुआ। भारत ने बाल आउट में जीत हासिल की। इसके बाद भारत ने 6 और मैच टाई खेले और हर बार सुपर ओवर में जीत हासिल की है। भारतीय टीम दुनिया की इकलौती टीम है जो 7 टाई मैच खेली है और एक का भी टाईब्रेकर नहीं हारी है। अभिषेक एक टी-20 एशिया कप के हाईएस्ट स्कोरर टी-20 एशिया कप के एक ही संस्करण में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड अभिषेक शर्मा ने अपने नाम कर लिया है। उन्होंने 6 पारियों में कुल 309 रन बनाए। उनसे पहले 2022 में मोहम्मद रिजवान ने 6 पारियों में 281 रन बनाए थे। इसी साल विराट को. हली ने भी शानदार बल्लेबाज करते हुए 5 पारियों में 276 रन बनाए थे। वहीं अफगानिस्तान के इब्राहिम जादरान ने 2022 में 5 पारियों में 196 रन बनाए थे। अभिषेक ने छठी बार 25 या उससे कम बाल पर फिफ्टी लगाई अभिषेक शर्मा ने टी-20 में भारत के लिए छठी दफा 25 या उससे कम बाल में फिफ्टी लगाई। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ 61 रन बनाए। भारत के लिए यह रिकॉर्ड कप्तान सूर्यकुमार यादव के नाम है। उन्होंने 7 बार यह कारनामा किया है। अभिषेक ने रोहित-रिजवान की बराबरी की टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में लगातार 30 या उससे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड तीन खिलाड़ियों के नाम दर्ज है। 2021 में रिजवान ने लगातार 7 पारियों में 30+ रन बनाए।

## शीतल बनीं पैरा विश्व तीरंदाजी चैंपियन

● **तोमन कुमार ने भी जीता खिताब, शीतल ने तुर्की की ओजनुर को 146-143 से हराया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** 18 साल की भारतीय तीरंदाज शीतल देवी ने इतिहास रच दिया। बिना हाथों के खेलने वाली इस भारतीय खिलाड़ी ने पैरावर्ल्ड आर्चरी चैंपियनशिप में महिलाओं की कंपाउंड व्यक्तिगत स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीत लिया। शीतल ने तुर्की की विश्व नंबर 1 ओजनुर क्योर गिरदी को 146-143 से हराकर यह उपलब्धि हासिल की। शीतल देवी इस प्रतियोगिता में एकमात्र ऐसी खिलाड़ी थीं जो अपने पैरों और ठुड्डी का इस्तेमाल कर तीर चलाती हैं। यह इस चैंपियनशिप में उनका तीसरा पदक था। इसके अलावा तोमन कुमार ने कंपाउंड पुरुष वर्ग का खिताब अपने नाम किया। एक अन्य भारतीय राकेश कुमार को



तकनीकी दिक्कत के कारण हटने के लिए बाध्य होना पड़ा जिससे वह फाइनल में 20-40 से हार गए। पेरिस पैरालंपिक के कांस्य पदक विजेता राकेश को धनुष में 'पुली' की समस्या के कारण चार शॉट के बाद हटना पड़ा। इससे विश्व चैंपियनशिप में डेब्यू कर रहे तोमन ने चार सटीक तीर के साथ खिताब अपने नाम कर लिया। शीतल ने इससे पहले कंपाउंड मिक्स्ड टीम स्पर्धा में तोमन कुमार के साथ मिलकर कांस्य पदक जीता था। भारतीय जोड़ी ने ग्रेट ब्रिटेन की जोड़ी जोडी ग्रिनहैम और नाथन को 152-149 से हराया। महिला कंपाउंड ओपन टीम स्पर्धा में शीतल और सरिता की जोड़ी को फाइनल में तुर्की से हार का सामना करना पड़ा और उन्हें रजत से संतोष करना पड़ा।

## मोर्कल ने हार्दिक और अभिषेक की फिटनेस चिंताओं को किया खारिज



● **हार्दिक श्रीलंका की पारी का पहला ओवर फेंकने के बाद मैदान से बाहर चले गए थे**

**दुबई, वार्ता।** भारत के बॉलिंग कोच मॉर्ने मोर्कल ने हार्दिक पांड्या और अभिषेक शर्मा की फिटनेस को लेकर उठ रहे सवालों को पूरी तरह से नकार दिया है। रविवार को दुबई में पाकिस्तान के खलिाफ एशिया कप फाइनल से पहले हार्दिक और अभिषेक की फिटनेस को लेकर सवाल उठे थे लेकिन गेंदबाजी कोच के बयान के बाद सब कुछ साफ हो गया।

हार्दिक ने शुक्रवार को श्रीलंका की पारी का पहला ओवर फेंकने के बाद मैदान से बाहर चले गए थे। ऐसा प्रतीत हो रहा था कि उनके हैमस्ट्रिंग में समस्या हो रही थी। उसी ओवर में उन्होंने कुसल मेंडिस को आउट किया था। इसके बाद वे पूरी पारी में मैदान पर वापस नहीं आए। मोर्कल ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि हार्दिक को क्रैम्प्स आ रहे थे। आज रात और कल सुबह उनकी जांच होगी, उसके बाद ही निर्णय लिया जाएगा। भारत के बॉलिंग कोच ने वही कहा जो कप्तान सूर्यकुमार यादव ने मैच प्रेजेंटेशन के दौरान कहा था। इस बीच अभिषेक भी श्रीलंका की पारी के दौरान पहले 10 ओवर के बाद मैदान से बाहर रहे। नौवें ओवर में फील्डिंग करते हुए, उन्होंने अपने दाहिने पैर की जांघ को पकड़कर असहजता जताई और 10वें ओवर में मैदान छोड़कर बाहर चले गए। उसी समय पथुम निसंका के एक सिक्सर को डेड बॉल करार दिया गया था, क्योंकि अभिषेक गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती के रन-अप शुरू करने से पहले मैदान से बाहर नहीं गए थे। हार्दिक की तरह अभिषेक का भी बाकी पारी में बर्फ और पिकल जूस से क्रैम्प का इलाज किया गया। रिंकू सिंह, शिवम दुबे और जितेश शर्मा अलग-अलग मौकों पर सब्स्टिट्यूट फील्डर के रूप में मैदान पर आए। एक समय तिलक वर्मा भी थोड़ी देर के लिए बाहर गए, लेकिन हाइड्रेशन ब्रेक लेने के बाद वह मैदान पर लौट आए।

## यह टीम बहुत आगे तक जा सकती है: जयसूर्या

**दुबई, वार्ता।** श्रीलंका के मुख्य कोच सनत जयसूर्या को विश्वास नहीं हो रहा था कि श्रीलंका ने दुबई में भारत के खलिाफ एशिया कप सुपर फोर मैच आखरिी ओवर में गंवा दिया है। उनकी यह हार जुलाई 2024 की यादों को ताजा कर गई, जब उन्होंने भारत के खिलाफ एक आसान सी दिख रही जीत को गंवा दिया था। पल्लेकेल स्टेडियम में खेले गए उस मैच में श्रीलंका को छह विकेट शेष रहते दो ओवरों में सिर्फ नौ रन चाहिए थे। फिर भी वे रिंकू सिंह और सूर्यकुमार यादव की गेंदबाजी के सामने लड़खड़ा गए और मैच सुपर ओवर में चला गया, जहां वे केवल एक रन ही बना पाए, जिसे सूर्यकुमार ने एक ही गेंद में हासिल कर लिया था। शुक्रवार को, श्रीलंका को जीतने के लिए आखरिी ओवर में 12 रन चाहिए थे, जबकि छह विकेट शेष थे और शतकवीर पथुम निसंका क्रीज पर मौजूद थे। लेकिन वह आखिरी ओवर की पहली ही गेंद पर आउट हो गए। इसके बाद दसुन शनाका ने मैच को आगे बढ़ाया और आखरिी गेंद पर तीन रन की जरूरत थी। लेकिन आखिरी गेंद पर वह सिर्फ दो ही रन बना पाए। और मैच सुपर



● **कोई भी कप्तान या कोच सुपर ओवर में नहीं जाना चाहता, दुर्भाग्य से दासुन तीसरा रन पूरा नहीं कर पाए**

ओवर में चला गया, जहां भारतीय टीम ने बाजी मार ली। जयसूर्या ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मैं चाहता था कि हम मैच को सामान्य तरीके से ही जीत लें।

कोई भी कप्तान या कोच सुपर ओवर में नहीं जाना चाहता। दुर्भाग्य से दासुन तीसरा रन पूरा नहीं कर पाए। हालांकि ऐसा नहीं है कि भारत के खलिाफ हम किसी मानसिक अवरोध के साथ खेलते हैं। हमारी बल्लेबाजी लाइन-अप मजबूत है। 200 (203) का पीछा करना कभी आसान नहीं होता, लेकिन हमने लगभग उस स्कोर को हासिल कर लिया था, जो हमारी बल्लेबाजी की गुणवत्ता को दर्शाता है। श्रीलंका की क्लास या गुणवत्ता पर कोई संदेह नहीं है, और निसंका इसका बेहतरीन उदाहरण हैं। 2021 में टेस्ट बल्लेबाज के रूप में पहचान बनाने के बाद, वह अब एक जबरदस्त व्हाइट-बॉल खिलाड़ी बन गए हैं। पिछले ही हफ्ते ग्रुप स्टेज के बाद निसंका ने जयसूर्या के प्रभाव और कोच द्वारा उन्हें एक अलग पहचान विकसित करने की स्वतंत्रता देने की खुलकर प्रशंसा की थी। शुक्रवार को उन्होंने बेहतरीन खेल दिखाया और 58 गेंदों पर 107 रन की शानदार पारी खेली। जयसूर्या ने निसंका और परेरा की पारी के बारे में कहा कि जब आप 202 (203) का पीछा कर रहे होते हैं, तो आपको लगातार बाउंड्री तलाशनी होती है। उनकी साझेदारी काफी महत्वपूर्ण थी। जब हमने विकेट खोना शुरू किया, तो मोमेंटम दूसरी ओर चला गया। चेज में ऐसा होना स्वाभाविक है क्योंकि किसी न किसी को जोखिम लेना पड़ता है। दुख की बात है कि पथुम गलत समय पर आउट हो गए, और बाद में गेंद ज्यादा टर्न होने लगी। फिर भी यह एक बहुत अच्छा मैच था।

## विश्व पैरा एथलेटिक्स में भारतीय धाविका दीप्ति फाइनल में पहुंची

**नई दिल्ली, वार्ता।** इंडियनऑयल नई दिल्ली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 के पहले दिन शनिवार को प्रातकालीन सत्र नीदरलैंड दो स्वर्ण के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर वहीं पोलैंड भी एक स्वर्ण और एक कांस्य सहित दो पदक दूसरे स्थान पर है।

भारतीय धाविका दीप्ति जीवनजी ने महिलाओं की 400 मीटर टी-20 स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई। चीन, कोलंबिया, जापान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने भी एक-एक स्वर्ण पदक अपने नाम किए। चीनी पैरा एथलीट वेन शियाओयान ने महिलाओं की लंबी कूद टी37 फाइनल में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने अपने पांचवें प्रयास में 5-32 मीटर की छलांग लगाई। चैंपियनशिप के पहले दिन के प्रात:कालीन सत्र में कुल सात पदक स्पर्धाएं हुईं। जापान के केन्या करासावा ने पिछले वर्ष के पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता ब्राजील के

● **दो स्वर्ण के साथ नीदरलैंड शीर्ष पर, दीप्ति ने 400 मी. स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई**

येल्तसिन जैक्स को हराकर इस स्पर्धा में अपने देश के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने पुरुषों की 5000 मीटर टी-11 दौड़ 15:23:38 के समय के साथ पूरी की। भारतीय दल के लिए सबसे खास बात महिलाओं की 400 मीटर टी-20 स्पर्धा के फाइनल में धाविका दीप्ति जीवनजी का पहुंचना रहा। उन्होंने दूसरी हीट में प्रथम स्थान प्राप्त कर मेडल राउंड के लिए क्वालीफाई किया। वह पहले दिन शाम के सत्र में फाइनल में प्रतिस्पर्धा करके भारत को इस उच्च-ऑक्टेन स्पर्धा का पहला पदक दिला सकती हैं। महिलाओं की 100 मीटर टी-71 स्पर्धा में, संयुक्त अरब अमीरात की थेकरा अलकाबी ने 19.89 अंक के साथ विश्व रिकॉर्ड और एशियाई रिकॉर्ड बनाया।

## जूनियर महिला हॉकी टीम दूसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया अंडर-21 से 0-5 से हारी

**कैनबरा, वार्ता।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम को शनिवार को कैनबरा के नेशनल हॉकी सेंटर में चल रहे ऑस्ट्रेलिया दौरे के अपने दूसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया अंडर-21 टीम से 0-5 से हार का सामना करना पड़ा। मेजबान टीम के लिए मकायला जोन्स (10वें, 11वें, 52वें मिनट), सामी लव (38वें मिनट), मिगालिया हॉवेल (50वें मिनट) ने गोल किए। भारत, जिसे कल अपने पहले मैच में 2-3 से मामूली हार का सामना करना पड़ा था, वापसी करने के लिए बेताब था, लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने शुरू से ही आक्रामक रुख दिखाया। मेजबान टीम ने मकायला जोन्स के जरिए लगातार दो गोल दागे। ये दोनों मैदानी गोल 10वें और 11वें मिनट में हुए, जिससे भारत मुकाबले की शुरुआत में ही पिछड़ गया। दूसरे क्वार्टर में भारतीय रक्षा पंक्ति ने फिर से संगठित होकर अपनी लाइन को मजबूत किया और हाफ टाइम से पहले ऑस्ट्रेलिया को और मौके नहीं दिए। गोलकीपर और डिफेंडरों ने मिलकर लगातार दबाव बनाए रखा, जबकि भारत ने भी कुछ आक्रामक हमले करके आगे बढ़ने का प्रयास किया, हालांकि वे सर्कल में अपने मौकों को भुना नहीं पाए। दूसरे हाफ में, ऑस्ट्रेलिया ने लगातार दबाव बनाए रखा और मौकों का पूरा फायदा उठाया। सामी लव (38वें मिनट) ने मैदानी गोल करके बढ़त को और मजबूत किया और स्कोर 3-0 कर दिया। भारत ने तेज जवाबी हमले किए लेकन वे विफल रहे। चौथे क्वार्टर में ऑस्ट्रेलिया ने मिगालिया हॉवेल (50वें मिनट) के गोल के साथ मुकाबला अपने नाम कर लिया, जिसके दो मिनट बाद मकायला जोन्स (52वें मिनट) ने अपनी हैट्रिक पूरी करके परिणाम को संदेह से परे कर दिया।

### काउंटी में राहुल चाहर का जलवा एक ही पारी में झटके सात विकेट

**लंदन, वार्ता।** हैम्पशायर काउंटी चैंपियनशिप के डिविजन 1 से बाहर होने की कगार पर पहुंच गया है। यूटिलिटा बाउल में सरे के लेग-स्पिनर चाहर की फरिकी ने हैम्पशायर को एक ऐसी स्थिति पर ला दिया है, जहां होने की उम्मीद वह कभी नहीं करेंगे। भारत के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी चाहर ने स्पिन लेती पिच का पूरा फायदा उठाते हुए 45 रन देकर 7 विकेट लिए और हैम्पशायर की पारी को 61/0 से 148/9 पर पहुंचा दिया। यह चाहर की पहली काउंटी चैंपियनशिप है। दक्षिणी तट की यह टीम डिवीजन वन में बने रहने के लिए हार से बचना चाहती है, लेकिन 181 के लक्ष्य का पीछा करते हुए वह 148/9 तक ही पहुंच पाई है।

## मैदान के बाहर के विवादों से प्रभावित हुआ सूर्या का प्रदर्शन

● **इस साल 10 पारियों में भारत के टी-20 कप्तान ने 110 की स्ट्राइक रेट से तीन शून्य के साथ 99 रन बनाए**

**दुबई, वार्ता।** सूर्यकुमार यादव ने शुक्रवार को श्रीलंका के खिलाफ मैदान पर आखिरी बार कवर्स में पंच मारकर भारत को सुपर ओवर में जीत दिलाई थी। लेकिन अंत में हुए इस नाटक के शुरू होने से बहुत पहले ही, ऐसा लग रहा था कि वह एक छोटे से खराब प्रदर्शन से प्रभावित होने लगे हैं।

भारत के पहले बल्लेबाजी करते समय, जब वह पगबाधा की अपील पर रिव्यू लेने का फैसला किया, तो शायद यह जानते हुए कि वह पगबाधा आउट हो चुके हैं, यह इस बात की पुष्टि करता है कि टी-20 क्रिकेट के सबसे खतरनाक बल्लेबाजों में से एक, एक साधारण बल्लेबाज था, जिसने पिछले तीन मैचों में 12, 5 और 0 के स्कोर बनाए थे। ये स्कोर के एक व्यापक समूह का हिस्सा हैं जो ज्यादा आक्रामक हैं। इस साल दस पारियों में, भारत के टी-20 कप्तान ने 110 की स्ट्राइक रेट से तीन शून्य के साथ सिर्फ



99 रन बनाए हैं। अगर आप थोड़ा और पीछे जाएं, जून 2024 में भारत की टी-20 विश्व कप जीत के ठीक बाद से लेकर अब तक, तो ये आंकड़े थोड़े ही बेहतर होते हैं: 19 पारियों में दो अर्द्धशतकों के साथ 329 रन। सूर्यकुमार के ऊंचे मानक उनके इस फॉर्म को खोखला कर देते हैं। और ऐसा किसी स्पष्ट कमजोरी या बड़ी खामियों की वजह से नहीं है, हालांकि उनकी पूर्व-योजना बनाने की आदत - जैसे कि वह पिक-अप फ्लिक जिसे वह ज्यादातर बेपरवाही से खेलते हैं - इस एशिया कप में ही कई बार उनके पतन का कारण बनी है। सूर्यकुमार के लिए, यह खराब प्रदर्शन ऐसे समय में आया है जब अलग-अलग कारणों से सुर्खियां उन पर बनी हुई हैं-उनके हाव-भाव, टिप्पणियां, प्रेस कॉन्फ्रेंस में चुटकुले और सबसे बड़ी बात, हाथ मिलाने का मामला। इसके अलावा अनुशासनात्मक सुनवाई और बल्लेबाजी क्रम में फेरबदल भी हुए हैं। इसके बावजूद भारत का अजेय रहते हुए फाइनल में पहुंचना उन्हें राहत दे रहा है। सूर्यकुमार के मामले में विरोधाभास साफ दिखाई देता है क्योंकि उन्होंने मैच के दिनों की चकाचौंध से दूर, बल्लेबाजी को कितनी सहजता से किया है। एशिया कप के पहले हाफ में ट्रेनिंग के दौरान, उन्होंने किसी भी बल्लेबाज की तरह ही शानदार बल्लेबाजी की, जिससे यह साबित होता है कि वह एक खतरनाक ऑलराउंड बल्लेबाज क्यों हैं। हालांकि, मैच के दिनों में, उनकी बेरुखी और कभी-कभी, कुछ खास शॉट लगाने की बेताबी साफ दिखाई देती है। शुक्रवार को, सूर्यकुमार को एक बेजान मैदान में अपनी लय हासिल करने का मौका मिला।

### हरिद्वार यूनिवर्सिटी के दो छात्र हादसे का शिकार

# एक की मौत, दूसरा गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** पिरान कलियर कांवड़ मार्ग पर शनिवार को हुए एक भीषण सड़क हादसे ने क्षेत्र को गमगीन कर दिया। हरिद्वार यूनिवर्सिटी आरसीबी कॉलेज के बीटेक के दो छात्र स्कूटी से रुड़की की ओर आ रहे थे। इसी दौरान सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र में उनकी स्कूटी सामने से आ रही एक अल्टो कार से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि स्कूटी पर सवार एक छात्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।

मृतक छात्र की पहचान सौरभ सिंह पुत्र सुनील कुमार निवासी नेपाल के रूप में हुई है। वहीं गंभीर रूप से घायल छात्र आयुष निवासी बिहार को तत्काल विनय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। पुलिस ने मृतक छात्र के शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेज दिया है।

बताया जा रहा है कि दोनों छात्र हरिद्वार यूनिवर्सिटी आरसीबी कॉलेज में बीटेक की पढ़ाई कर रहे थे। इस दर्दनाक घटना की खबर मिलते ही कॉलेज परिसर में शोक की लहर दौड़ गई। छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने गहरा शोक व्यक्त



किया। यह हादसा एक बार फिर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के खतरों की ओर इशारा करता है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि कांवड़ मार्ग पर यातायात व्यवस्था को और सख्त किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।

### लक्सर अस्पताल में दिव्यांग शिविर का आयोजन

# शिविर के जरिये जरूरतमंदों को मिलता है लाभ : शहजाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर के सरकारी अस्पताल में आज एक महत्त्वपूर्ण दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में लक्सर विधायक मोहम्मद शहजाद, नगर पालिका अध्यक्ष संजीव उर्फ नीटू, और एसीएमओ (अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी) अनिल वर्मा सहित कई अधिकारी और जन प्रतिनिधि मौजूद रहे। एसीएमओ अनिल वर्मा ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य दिव्यांगजनों के प्रमाण पत्र एक ही स्थान पर, यानी एक छत के नीचे, बनाना है ताकि उन्हें बार-बार भटकना न पड़े। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे सरकार की तमाम योजनाओं के बारे में जानकारी लें और इन शिविरों का अधिकतम लाभ उठाएँ ताकि भविष्य में उन्हें कोई परेशानी न हो। विधायक हाजी शहजाद ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर लगातार आयोजित किए जाने चाहिए क्योंकि इनसे सीधे तौर पर जरूरतमंदों को लाभ मिलता है। विधायक ने महिलाओं के महत्त्व को रेखांकित करते हुए कहा कि ष्औरत का अधिकार बहुत बड़ा होता है, औरत ही घर को चलाती है समाज व देश की तरक्की में भी औरत का



एक मजबूत किरदार है सहजाद विधायक ने कहा किऐसे शिव लगाकर सीधे तौर पर दिव्यांग जनों की मददकरना है जो जनहित के लिए जरूरी है। नगर पालिका अध्यक्ष संजीव उर्फ नीटू ने भी सरकारी शिविरों को जनहित में बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों का लाभ सबको मिलता है। उन्होंने इच्छा जताई कि उनकी नगर पालिका परिषद क्षेत्र में भी इस तरह के शिविर नियमित रूप से आयोजित होते रहने चाहिए। यह शिविर दिव्यांगजनों को सुविधाएँ प्रदान करने और उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है।

## उकिमो का धरना लाया रंग, शुगर मिल ने सौंपा करोड़ों के भुगतान का चेक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** 34 दिन से चल रहे उत्तराखंड किसान मोर्चे के धरने का बड़ा असर हुआ है। इकबालपुर शुगर मिल ने किसानों की बकाए राशि में करीब साढ़े चार करोड़ का भुगतान कर दिया है। इसके साथ ही किसान मोर्चा ने मुख्यमंत्री आवास पर किए जाने वाले आत्मदाह कार्यक्रम को भी स्थगित कर दिया है।

उत्तराखंड किसान मोर्चा द्वारा पिछले 34 दिनों से गन्ना के बकाया भुगतान,स्मार्ट मीटर एवं किसानों की अन्य मांगों को लेकर तहसील स्थित ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कार्यालय के बाहर धरना दिया जा रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष गुलशन रोड ने बताया कि तीन दिन पूर्व मोर्चा के पदाधिकारियो ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देकर चेतावनी दी थी कि शुगर मिल का बकाया न मिलने के कारण अब 27 सितंबर को मोर्चे से जुड़े दस किसान मुख्यमंत्री आवास पर जाकर आत्मदाह करेंगे। वही उन्होंने बताया कि इस चेतावनी के बाद उनकी जिला प्रशासन के साथ बैठक हुई और उन्हें आश्वासन दिया गया था कि 27 तक कुछ गन्ना भुगतान करवाएंगे। कहा कि आज धरनारत किसानों की मौजूदगी में डीजीएम कैन शिव कुमार सिसोदिया ने जिला गन्ना अधिकारी कपिल मोहन मिश्रा को चार करोड़ 54 लाख का चेक सौंपा है। रोड ने बताया कि चेक मिलने के बाद अब आत्मदाह वाला कार्यक्रम स्थगित किया है। धरना अभी जारी रहेगा और बकाया गन्ना भुगतान की लड़ाई लड़ी जाएगी।

जिला गन्ना अधिकारी कपिल मोहन मिश्रा ने कहा जिलाधिकारी द्वारा आयोजित बैठक में मिल प्रबंधन को निर्देश दिए थे कि भुगतान किया जाए। इसी कड़ी में 20 से 31 दिसंबर 2024 तक 4 करोड़ 54 लाख रुपए का गन्ना भुगतान का चेक मिल से प्राप्त हुआ है जल्द ही पैसा किसानों के खाते में पहुंच जायेगा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष महकार सिंह,पवन त्यागी, सुरेंद्र नंबरदार, दीपक पुंडीर, राव आकिल, समीर आदि मौजूद रहे।

## कुएं को बंद गोशाला बनाने के मामले में टीम ने की पैमाइश

**रुड़की।** जिला अधिकारी हरिद्वार के आदेश के अनुपालन में ग्राम वहाबपुर चंगा माजरी छंगामजरी तहसील भगवानपुर में शिकायतकर्ता अनूप सिंह बनाम सुशील कुमार के संबंध में स्थलीय जांच एवं पैमाइश की गई। जिसमें शिकायतकर्ता के द्वारा ग्राम में सरकारी कुआं के संबंध में सुशील कुमार पर आरोप लगाया गया कि इनके द्वारा कुएं को बंद करके अपने टीन शेड एवं गौशाला बना ली है जिसके संबंध में स्थलीय जांच एवं आवश्यक जानकारी तथा अभिलेखीय जांच की गई साथ में मौके पर शिकायतकर्ता अनूप सिंह विपक्षी सुशील कुमार तथा ग्राम के अन्य ग्रामवासी एवं नायब तहसीलदार अनिल गुप्ता राजस्व निरीक्षक सुभाष चौहान क्षेत्रीय पटवारी सुलक्षणा नेगी मौके पर उपस्थित रहे जांच रिपोर्ट प्रेषित कर दी है।

### रामलीला में सूर्पनखा की नाक कटी, सीता का हरण

## एसपी देहात ने नशा व सोशल मीडिया को बताया आज के युग का रावण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बीटी गंज रामलीला में शुक्रवार रात सूर्पनखा अंग भंग,खर दूषण वध,सीता हरण की लीला दर्शाई गई। लक्षण सूर्पनखा संवाद पर कलाकारों ने दर्शकों की तालियां बटोरी तो सीता हरण के लिए विशेष रूप से तैयार पुष्पक विमान आकर्षण का केंद्र रहा।

श्री रामलीला समिति बीटी रुड़की की ओर से आयोजित रामलीला में पहुंचे पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं हरिद्वार विधायक मदन कौशिक ने कहा कि बड़ी बात है कि रामलीला में इतनी बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर धर्म लाभ कमा रहे हैं उन्होंने कहा कि इसके लिए समिति के प्रत्येक सदस्य बधाई के पात्र है। उन्होंने रामलीला के पात्रों का जिक्र करते हुए उनसे प्रेरणा लेने की बात कही। एसपी देहात शेखर चंद सुयाल ने रामलीला में उपस्थित युवाओं को जागरुक करते हुए कहा कि आज के सबसे बड़े रावण नशाखोरी और सोशल मीडिया है जिससे बचना जरूरी है। उन्होंने केवल जरूरी ऐप ही मोबाइल में इंस्टॉल करने की बात कही उन्होंने कहा कि फालतू के ऐप आपकी प्राइवेसी को भंग करते हैं और अक्सर स्कैम करके युवाओं को फसाते हैं वहीं उन्होंने नशाखोरी से भी बचाव की बात कही। उन्होंने कहा कि अपने बच्चों के अच्छे भविष्य के लिए माता-पिता को निरंतर बच्चों की मॉनिटरिंग करते रहना चाहिए। शुक्रवार शाम कलाकारों ने सूर्पनखा अंग भंग का मंचन किया। सूर्पनखा और लक्ष्मण के संवाद पर जमकर तालियां बजी। वही उसके बाद खरदूषण और राम के बीच युद्ध की लीला भी दिखाई गई। सीता हरण के साथ रामलीला ने विश्राम लिया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री सौरभ सिंघल ने किया। इस अवसर पर धीर सिंह रोड,मनोज अग्रवाल, नवनीत गर्ग,विशाल गुप्ता,वरुण गोयल,शिवम अग्रवाल, प्रदीप परुथी, निखिल तायल, अमन अग्रवाल, नितिन गोयल,विकास त्यागी, विजय अरोड़ा, देशबंधु गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

## नशीला पदार्थ पिलाकर ई-रिक्शा, मोबाइल व नकदी लूटी

**पिरान कलियर।** थाना क्षेत्र के मेंहवड़ कला गांव निवासी एक ई-रिक्शा चालक को तीन लोगों ने कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर ई-रिक्शा, मोबाइल फोन और नकदी लेकर फरार हो गए। मेंहवड़ कलां निवासी साकिब ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि ब्रस्पतिवार को तीन लोग उसकी ई-रिक्शा में सवार हुए। पहले वह दरगाहों पर जियारत करने गए और उसके बाद उसे घुमाने के बहाने बावनदर्रा ले गए। वहां आरोपियों ने उसे कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिला दिया। उसके बेहोश होते ही वह उसका ई-रिक्शा, मोबाइल और लगभग दो हजार रुपये की नगदी लेकर मौके से फरार हो गए। होश आने पर उसने आसपास तलाश की लेकिन उनका कुछ पता नही चल पाया।पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार जांच की जा रही है।

## डिजिटल फ्रॉड रोकने को बैंक अधिकारियों ने दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** मंगलौर विधानसभा के गदरजुड्डा गांव मे यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा मंगलौर एवं डंडेरा के द्वारा वित्तीय समावेश एवं सामाजिक सुरक्षा के प्रचार प्रसार के लिए जन सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया, जिस अवसर पर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया देहरादून से महाप्रबंधक नीता बहरामफ्राम ने विशेष रूप से उपस्थित होकर शिविर की शोभा बढ़ाई। नीता ने भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजनाए प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना आदि के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया आजकल डिजिटल पेमेंट में तेजी आई है। इससे फ्रॉड का खतरा भी बढ़ा है। इस बीच रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने डिजिटल पेमेंट्स को और अधिक सुरक्षित बनाने के लिए कुछ जरूरी बदलाव किए है। ये बदलाव 1 अप्रैल 2026 से लागू होंगे। इसमें ऑनलाइन पेमेंट्स में टू- फैक्टर ऑथेंटिकेशन की तैयारी की जा रही है। एसएमएस ओटीपी के अलावा पासवर्ड, फिंगरप्रिंट और बायोमेट्रिक्स जैसे कई नए तरीकों से ट्रांजैक्शन किए जा सकेंगे। आरबीआई इन तरीको से ऑनलाइन ट्रांजेक्शन को और अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक बनाना चाहती है, ताकि लोगों को धोखाधड़ी और साइबर क्राइम से बचाया जा सके।




उन्होंने बताया रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने सख्त दिशा निर्देश दिए है कि इन ऑनलाइन पेमेंट्स के दौरान इन नियमों का पालन ना करने वाले ग्राहकों को यदि किसी प्रकार का नुकसान होता है, तो ग्राहक को अपने नुकसान की पूरी भरपाई खुद करनी होगी। इस मौके पर अग्रणी जिला प्रबन्धक हरिद्वार डी के गुप्ता पंजाब नेशनल बैंक एवं अग्रणी जिला अधिकारी रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया देहरादून रजनीश सैनी भी उपस्थित रहे। वहीं शिविर मे ग्रामीणों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया तथा शिविर के आयोजन को सफल बनाया, बैंक द्वारा मौके पर ही सभी योजनाओ मे पंजीकरण किया गया शिविर के अंत में उप क्षेत्र प्रमुख आशीष कुमार क्षेत्रीय कार्यालय यूनियन बैंक ऑफ इंडिया देहरादून ने ग्रामीणों को शिविर को सफल बनाने के लिए धन्यवाद किया तथा यूनियन बैंक द्वारा निरंतर उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने का आश्वासन दिया। शिविर मे प्रियम बाजपेई शाखा प्रमुख मंगलौर, किरीट मिश्रा शाखा प्रमुख ढंडेरा, अनन्या श्रेय विपणन अधिकारी, शक्ति सिंह प्रबन्धक, क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून तथा बैंक के बैंक मित्र आदि भी उपस्थित रहे।

## मोटरसाइकिल चोरी मामले मुकदमा दर्ज

**पिरान कलियर।** पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी करने के मामले मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। पिरान कलियर निवासीआबिद ने तहरीर देकर बताया कि 26 सितंबर को उसने अपनी मोटरसाईकिल अपने दोस्त मन्नान को दी थी।उसका दोस्त मोटरसाईकिल रैन बसेरे के अंदर खड़ी कर बाजार में सामान लेने के लिए चला गया था।जब वह वापस आया तो उसकी मोटरसाईकिल वहां नही थी।किसी अज्ञात चोर ने उसकी मोटरसाईकिल को चोरी कर लिया है। उसने अपनी मोटरसाईकिल को काफी तलाश किया लेकिन कुछ पता नही चल पाया है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की हैं।थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

## एक पीआरडी जवान के भरोसे रोडवेज बस स्टैंड की सुरक्षा व्यवस्था

**शाह टाइम संवाददाता**

**मंगलौर।** मंगलौर को रोडवेज बस स्टैंड केवल एक पीआरडी जवान के भरोसे चल रहा है। स्टैंड पर बसें न रुकने के कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताया गया है कि पिछले दिनों एक कर्मचारी की सेवानिवृति के बाद यहां विभाग ने किसी की नियुक्ति नहीं की है। हालांकि अधिकारी से बात करने का प्रयास किया तो उनसे संपर्क नहीं हो पाया। मंगलौर में करोड़ो रूपये की लागत से बना बस स्टैंड फिलहाल लावारिस हालत में पड़ा हुआ है,इस बस स्टैंड पर पिछले कई महीनों से उत्तराखंड परिवहन विभाग की गाड़ियों का स्टॉपेज नही है। जिसको लेकर मंगलौर क्षेत्र के लोगों में भारी रोष है। जबकि यहां विभाग का आदेश है कि यहां से गुजरने वाली उत्तराखंड परिवहन निगम की बस 5 से 10 मिनट तक मंगलौर बस स्टैंड पर रुकेगी। बताया गया है कि उक्त बस स्टैंड पर पिछले कुछ दिनों तक तैनात एक कर्मचारी यहां आने वाली गाड़ियों का नम्बर नोट कर स्लिप पर मोहर लगाकर उनकी रवानगी करते थे। कुछ दिनों पहले वह कर्मचारी रिटायर्ड हो गए। उसके बाद किसी और कर्मचारी की तैनाती यहां नहीं हुई। तबसे यहाँ मात्र एक पीआरडी के जवान की तैनाती रहती है और उत्तराखंड परिवहन निगम की कोई भी गाड़ी रोडवेज में प्रवेश नही करती। बल्कि पीआरडी का जवान परिचालक को बस में ही स्लिप पकड़ा कर मोहर लगाकर दे देता है। जिस कारण मंगलौर से यात्रा शुरू करने वाले यात्रीयों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है कई बार हाईवे उतरने चढ़ने से कई यात्री चोटिल भी हो चुके हैं। इस मामले में जब रूडकी रोडवेज एजीएम अमिता सैनी से जानकारी लेनी चाही तो उन्होंने कुछ भी बताने से इनकार कर दिया

## खालिद को साथ लेकर उसके घर सुल्तानपुर पहुंची एसआईटी की टीम

**शाह टाइम संवाददाता**

**लक्सर।** यूकेएसएसएससी पेपर वायरल मामले में एसआईटी की कार्रवाई तेज हो गई है। शनिवार को एसआईटी टीम आरोपी खालिद के सुल्तानपुर स्थित घर पहुंची। टीम ने घर के अंदर जाकर बारीकी से पूछताछ और जांच-पड़ताल की। यूकेएसएसएससी पेपर लीक मामले में आरोपित खालिद मलिक के घर शनिवार सुबह एसआईटी टीम पहुंची और जांच पड़ताल की। इस दौरान खालिद के घर के बाहर पुलिस बल मौजूद रहे।एसआइटी टीम की एसपी देहात जया बलूनी, सीओ अंकित कंडारी, एसआइ राजेश ध्यानी, पुलिस क्षेत्राधिकारी लक्सर नताशा सिंह और कोतवाली प्रभारी राजीव रोथान पुलिस बल के साथ सुल्तानपुर कस्बे स्थित खालिद मलिक के घर पहुंचे। इस दौरान टीम ने सुबह करीब दो घंटे तक मामले की जांच-पड़ताल की।

## विद्युत पोल से टकराई कार, चार लोग घायल

**शाह टाइम संवाददाता**

**झबरेड़ा।** झबरेड़ा-सहारनपुर मार्ग ग्राम भक्तों वाली के पास शनिवार तड़के सामने से आ रहे ट्रक से बचने के प्रयास में एक कार सड़क किनारे खड़े विद्युत पोल से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई तथा कार मैं सवार चार लोग घायल हो गए। घायलों में 8 वर्ष के बच्चे की हालत गंभीर बताई गई है।।

झबरेड़ा सहारनपुर मार्ग ग्राम भक्तों वाली के पास शनिवार तड़के एक कार जो सहारनपुर की ओर से आ रही थी सड़क किनारे खड़े विद्युत पोल से टकरा गई ।कार विद्युत पोल से टकराने पर उसमें सवार चार व्यक्ति घायल हो गए।वहां से कुछ ही दूरी पर गन्ना कोल्हू में काम कर रहे लोगों द्वारा कार को विद्युत पोल से टकराते देख वह घटनास्थल पर पहुंचे तथा कार में सवार घायलों को कस्बे में स्थित डॉक्टर के यहां भर्ती कराया गया। प्राथमिक इलाज के बाद घायलों को छुट्टी दे दी गई तथा 8 वर्षीय बच्चे की हालत गंभीर देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया । कार सवार उत्तर प्रदेश बिजनौर के निवासी बताए गए हैं।

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र जुग्नू उर्फ शादाब व उसकी पत्नी शायरा का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक न होने के कारण मैंने शादाब व शायरा को अपनी तमाम चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है आज के बाद उक्त दोनों के किसी भी अनैतिक कृत्य व लेनदेन की मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**राजा अहमद पुत्र मुनफैत नि. बडेढी राजपुतान, जिला हरिद्वार।**

## धूमधाम से मनाया ग्रैंड पैरेंट्स डे

**झबरेड़ा।** कस्बे में स्थित एंबीशन पब्लिक स्कूल में ग्रैंड पैरेंट्स डे धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर दादा-दादियों द्वारा अपने छात्र पोते पोतियो के साथ विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। छात्र छात्राओं द्वारा दादा दादियों के सम्मान में नृत्य गीत तथा नाटक प्रस्तुत कार्यक्रम आयोजित किए गए।। एंबीशन पब्लिक स्कूल झबरेड़ा में ग्रैंड पैरेंट्स डे प्रेम पूर्वक धूमधाम से मनाया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा स्कूल में आए दादा दादियों के सम्मान में नाटक गीत तथा नृत्य आदि प्रस्तुति पेश की गई। स्कूल डायरेक्टर विश्वास सिंह पवार ने इस अवसर पर कहा कि वह स्कूल में प्रतिवर्ष दादा दादियों को बुलाकर उनसे मार्गदर्शन प्राप्त करते हैं। सभी बच्चे दादा दादियों का स्नेह प्राप्त कर सके।

### रुड़की ब्लाक में बीडीसी की बैठक का आयोजन

## फर्जी राशन कार्ड पर सख्ती, पेयजल व विकास कार्यों पर जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रुड़की खंड विकास कार्यालय में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे, लेकिन क्षेत्र पंचायत सदस्यों और ग्राम प्रधानों की संख्या कम दिखाई दी।

बैठक में सबसे अधिक समस्याएँ पेयजल से जुड़ी रहीं। पेयजल विभाग और जल जीवन मिशन से जुड़े अधिकारियों ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना। मेहवार कला और अकबरपुर फाजिलपुर में पानी की टंकी में दूषित पानी की शिकायत आई जिसके लिए विभाग को मौके पर भेजा गया और पुराना क्षेत्र में पशुओं की बीमारी को लेकर पशुपालन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि कोई खतरनाक बीमारी नहीं है और पशुओं का उपचार किया जा रहा है। अधिकारियों ने फर्जी बनाए गए राशन कार्ड की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उनके सत्यापन में तेजी लाने और अवैध कार्ड धारकों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख राव लुबना ने कहा कि बीडीसी सदस्यों और ग्राम प्रधानों द्वारा उठाई गई समस्याओं को गंभीरता से लेकर



उनका समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि गांव-गांव का विकास कराना ही सरकार की पहली प्राथमिकता है। भारी बरसात में टूटे नाले और सड़कों को तुरंत दुरुस्त किया जाएगा। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख सुमन दत्ताल, खंड विकास अधिकारी दिलीप कुमार, जिला विकास अधिकारी वेद प्रकाश, लोक निर्माण विभाग, ऊर्जा निगम, पशुपालन, पेयजल, जल संस्थान आदि सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## फसल से पहले नशल बचाओ अभियान शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

लक्सर।लक्सर क्षेत्र की शुगर फैक्ट्री के ग्राउंड में आज फसल से पहले नसल बचाओ की थीम पर एक विशाल मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों व्यक्तियों ने हिस्सा लिया।

इस दौरान आचार्य चंद्र मोहन ने लोगों को नशे के गंभीर परिणामों के प्रति आगाह किया और इस दलदल से अपनी युवा पीढ़ी को बचाने का आह्वान किया। आचार्य चंद्र मोहन ने अपने संबोधन में कहा कि हम सभी को सबसे पहले फसल से पहले नसल (पीढ़ी) बचाने के लिए काम करना चाहिए। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि राजनीति के लोग चुनाव के दौरान नशे का वितरण करते हैं, जिससे यह बुराई हर घर में घुस रही है। उन्होंने कहा, ष्अगर हमने अपने घर को सुधार लिया तो हम अपनी जमीन-जायदाद को बचा सकते हैं। उन्होंने पंजाब का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस तरह से पंजाब नशे की दलदल में फँस गया है, उसी तरह उत्तराखंड भी नशे की गिरफ्त में आता जा रहा है। उन्होंने आगाह किया कि अगर इस पर तुरंत काम नहीं किया गया, तो सभी को बर्बादी का सामना करना पड़ेगा और हमारे बच्चे नशे से बर्बाद हो जाएंगे। आचार्य ने नशे के साथ-साथ चाय से भी परहेज करने की सलाह दी।

आचार्य चंद्र मोहन ने किसानों की एक और बड़ी समस्या आवारा पशुओं को लेकर सरकार से मांग की। उन्होंने कहा कि अगर सरकार



राजाजी पार्क में तरबाड़ (बाड़) और पशुओं के लिए सवारी (ट्रक) मुहैया करा दे, तो वह और किसान संगठन के लोग इन आवारा पशुओं को ट्रकों में भरकर वहीं पहुँचा देंगे, जिससे किसानों की फसल को बचाया जा सकेगा।उन्होंने अपने मुख्य विषय पर जोर देते हुए अंत में कहा कि ष्अगर हमने अपनी नस्ल को बचा लिया, तो फसल तो हमारी खुद-ब-खुद बच जाएगी।ष इस महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम में लगभग 1000 आदमी मौजूद रहे, जिन्होंने इस नसल बचाओ अभियान का समर्थन किया।

# पाक पीएम के यूएन में बयान बेतुके: भारत

## भारतीय राजनयिक पेटल गहलोत ने संयुक्त राष्ट्र में कहा: जले हुए एयरबेस जीत हैं, तो जश्न मनाएं

**वाशिंगटन।** भारत ने पाकिस्तान पर आतंकवाद को बढ़ावा देने और झूठ बोलने का आरोप लगाया है। भारतीय राजनयिक पेटल गहलोत ने शनिवार को संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में कहा कि पाकिस्तान के पीएम ने बेतुके नाटक किए। वे आतंकवाद को बढ़ावा देते हैं, जो उनकी विदेश नीति का हिस्सा है। कोई भी ड्रामा या झूठ सच को नहीं छिपा सकता। गहलोत ने शरीफ के मई संघर्ष के दावों को खारिज किया। उन्होंने कहा कि 9 मई तक पाकिस्तान भारत पर हमले की धमकी दे रहा था।

10 मई को भारतीय सेना ने पाकिस्तान के कई एयरबेस को नष्ट कर दिया। इसके बाद पाकिस्तान ने जंग रोकने की गुहार लगाई। अगर जले हुए हवाई अड्डे जीत हैं, तो पाकिस्तान इसका जश्न मनाए। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने शुक्रवार को यूएन में भारत को दुश्मन बताया। साथ ही दावा किया कि भारत के साथ हुए संघर्ष में पाकिस्तान की जीत हुई थी और भारत के 7 विमान गिराए थे। गहलोत ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच सभी मुद्दे द्विपक्षीय बातचीत से हल होंगे। इसमें किसी तीसरे पक्ष की जरूरत नहीं है। उन्होंने पाकिस्तान के शांति के दावों पर सवाल उठाते हुए कहा कि उनका देश नफरत में डूबा है। भारत ने साफ किया कि वह आतंकवाद के खिलाफ जीरो टालरेंस की नीति अपनाएगा। गहलोत ने ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के बहावलपुर और मुरीदके में मारे गए आतंकियों का जिक्र किया और कुख्यात आतंकवादियों को श्रद्धांजलि और सम्मान देने का भी आरोप लगाया। गहलोत ने आगे कहा कि एक तस्वीर हजार शब्द बयां करती है और हमने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बहावलपुर और मुरीदके के आतंकी परिसरों में मारे गए आतंकवादियों की कई तस्वीरें देखीं। जब पाकिस्तानी सैन्य और अधिकारी खुलकर आतंकवादियों को श्रद्धांजलि देते हैं, तो क्या इससे शासन पर संदेह नहीं होगा? लश्कर के आतंकी ठिकाने मुरीदके में पाकिस्तानी सैनिकों के लोग आतंकियों के नमाज-ए-जनाजा में शामिल हुए थे। तस्वीर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान की है। कोर कमांडरों को जनाजे में शामिल होने और वर्दी में उसकी सुरक्षा करने के लिए कहा गया था।

गहलोत ने जोर देकर कहा कि सच्चाई यह है कि पहले की ही तरह, पाकिस्तान भारत में बेगुनाहों पर आतंकवादी हमले के लिए जिम्मेदार है। हमने अपने लोगों की रक्षा करने और जवाब देने के अधिकार का प्रयोग किया है, साथ ही अपराधियों को न्याय के कटघरे में खड़ा किया है। उन्होंने पाकिस्तान से तुरंत सभी आतंकवादी शिविरों को बंद करने और सभी आतंकवादियों को सौंपने की मांग की। गहलोत ने चेतावनी दी कि भारत 'परमाणु ब्लैकमेल' के आगे झुके बिना आतंकवादियों और उनके प्रायोजकों दोनों को जवाबदेह ठहराएगा। गहलोत ने बताया कि इस साल अप्रैल में पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में एक आतंकी संगठन को बचाया था।



पीएम शरीफ ने कहा था भारत से हुए संघर्ष में पाक की जीत हुई थी, भारत के सात विमान गिराए थे

## पाकिस्तान में सुरक्षा बलों का एक्शन, 17 टीटीपी आतंकवादी ढेर, हथियार भी जब्त

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के करक जिले में सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से जुड़े 17 आतंकवादियों को मार गिराया है। पुलिस अधिकारी शहबाज इलाही के अनुसार, यह कार्रवाई शुक्रवार को फ्रंटियर कॉर्प्स (एफसी) और पुलिस की संयुक्त खुफिया जानकारी पर आधारित ऑपरेशन थी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार करक जिले में मिली विश्वसनीय सूचना के आधार पर यह अभियान चलाया गया था। इलाके में टीटीपी और नजीर ग्रुप से जुड़े आतंकवादी मौजूद थे। ऐसे में जब सुरक्षा बल आतंकवादियों के करीब पहुंचे, तो आतंकवादियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में 17 आतंकवादी मारे गए और उनके कब्जे से बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद हुआ।



हैदराबाद। भारी बारिश के बाद उफनती मुसी नदी पर बना पुल पानी में डूबा हुआ

## अमेरिका की चीन का मुकाबला करने के लिए ड्रोन तैनात करने की योजना लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाई

**वाशिंगटन।** अमेरिका की चीन का मुकाबला करने के लिए हजारों अत्याधुनिक ड्रोन तैनात करने की योजना अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाई है। द वॉल स्ट्रीट जर्नल अखबार ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है। अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक इस पहल में चीन का मुकाबला करने के लिए हिंद-प्रशांत क्षेत्र में हज़ारों ड्रोन खरीदना और तैनात करना शामिल था। दो साल पहले शुरू किया गया रेप्लिकेटर कार्यक्रम फरवरी-अगस्त 2025 में लागू होना था। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी सैन्य कर्मियों को यह समझने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा कि इस कार्यक्रम की कुछ प्रणालियों का ज़मीनी स्तर पर कैसे उपयोग किया जाए।

# इजरायली हमलों में 38 लोगों की मौत

## युद्धविराम की मांगों को नेतन्याहू ने किया नजरअंदाज

**गाजा।** इजरायल द्वारा गाजा में बीती रात किए गए हवाई हमलों में कम से कम 38 लोगों की मौत हो गई। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि भले ही इजरायल पर युद्धविराम को लेकर अंतर्राष्ट्रीय दबाव बढ़ रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू हमले जारी रखने पर अड़े हुए हैं। शनिवार तड़के मध्य और उत्तरी गाजा में हुए हमलों में कई लोग अपने घरों में मारे गए।

इनमें नुसेरात शरणार्थी शिविर में एक ही परिवार के नौ सदस्य शामिल थे। उनके शव अल-अवदा अस्पताल लाए गए हैं। शनिवार सुबह गाजा सिटी के तुफाह इलाके में एक घर पर किए गए हमले में कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई। जिनमें आधे से अधिक महिलाएं और बच्चे थे। शरणार्थी शिविर में हुए एक और हवाई हमले में चार और लोगों की मौत हुई। गाजा सिटी के अस्पताल और स्वास्थ्य केंद्र ढहने की कगार पर हैं। लगभग दो हफ्ते से जारी हमलों में दो क्लिनिक पूरी तरह नष्ट हो चुके हैं। दो अस्पताल क्षतिग्रस्त होकर बंद हो गए और बाकी अस्पताल दवाओं, उपकरणों, भोजन और ईंधन की कमी से जूझ रहे हैं। कई डॉक्टरों और नर्सों को अस्पताल छोड़ना पड़ा है। जिससे केवल कुछ ही लोग गंभीर मरीजों और बच्चों की देखभाल कर पा रहे हैं। शुक्रवार को 'डॉक्टर्स विदआउट बॉर्डर्स' ने गाजा सिटी में अपनी सेवाएं निलंबित कर दीं। संगठन ने बताया कि इजरायली टैंक उनके स्वास्थ्य केंद्रों से आधा मील दूर तक पहुंच गए हैं और उनके कर्मचारियों की सुरक्षा पर बड़ा खतरा मंडरा रहा है। उत्तरी गाजा में खाद्य संकट की स्थिति और बिगड़ गया है। इजरायल ने 12 सितम्बर से यहां राहत सामग्री की आपूर्ति रोक दी थी और संयुक्त राष्ट्र की बार-बार की गई अपीलों को भी खारिज कर दिया था।



# यूएन में नेतन्याहू के भाषण का बायकॉट

**वाशिंगटन।** इजरायली पीएम नेतन्याहू के भाषण का संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में बायकाट किया गया। नेतन्याहू ने शुक्रवार को जैसे ही यूएन महासभा में स्पीच देना शुरू किया, 50 देशों के सौ डिप्लोमैट्स हाल से बाहर चले गए। वाकआउट करने वाले देशों में ब्रिटेन, फ्रांस, कनाडा, आस्ट्रेलिया सहित वे देश शामिल थे जिन्होंने हाल ही में फलस्तीन को मान्यता दी है। अमेरिका और ब्रिटेन के प्रतिनिधि कक्ष में मौजूद रहे, लेकिन वरिष्ठ अधिकारियों की जगह जूनियर राजनयिक बैठे थे। हालांकि, नेतन्याहू ने भाषण जारी रखा। नेतन्याहू ने कहा कि पिछले एक साल में हालात बदल गए हैं।

इजरायल ने अपने सभी दुश्मनों को खत्म कर दिया है। उन्होंने दावा किया कि इजरायल ने यमन में हूती, गाजा में हमास, लेबनान में हिजबुल्लाह, सीरिया में असद और सबसे अहम ईरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम को तबाह कर दिया। नेतन्याहू के खिलाफ इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट का वारंट जारी है, ऐसे में वे आज यूएन में बैठक में शामिल होने के लिए रास्ता बदलकर न्यूयार्क पहुंचे। नेतन्याहू 5 यूरोपीय देशों के एयरस्पेस से बचते हुए 600 किमी एक्स्ट्रा ट्रैवल करके अमेरिका पहुंचे। नेतन्याहू ने कहा कि ईरान का बैलिस्टिक मिसाइल और परमाणु प्रोग्राम सिर्फ इजरायल को खत्म करने के लिए नहीं है, बल्कि उसका मकसद अमेरिका को धमकाना और दुनियाभर के देशों पर दबाव बनाना भी है। नेतन्याहू ने कहा कि जब वे पिछली बार यूएन में खड़े हुए थे, तब ईरान अपने परमाणु और मिसाइल कार्यक्रम को तेजी से आगे बढ़ा रहा था और उसके समर्थक हमास और हिजबुल्लाह, इजरायल को लगातार निशाना बना रहे थे। लेकिन अब इजरायल इन खतरों को मिटा चुका है। नेतन्याहू ने बताया कि ईरान के साथ-साथ अल कायदा, हमास और हिजबुल्लाह जैसे संगठन अमेरिकी और यूरोपीय लोगों की हत्या में शामिल थे। नेतन्याहू ने मिडिल ईस्ट की फोटो दिखाकर बताया कि इजरायल ने किन-किन दुश्मनों को खत्म कर दिया है।

नेतन्याहू ने भाषण के दौरान क्यूआर कोड वाला बैज पहना था। यह क्यूआर कोड 7 अक्टूबर, 2023 के हमास हमले से जुड़ी एक वेबसाइट से लिंक करता है। नेतन्याहू ने कहा कि गाजा युद्ध मिडिल ईस्ट में शांति लाएगा और इससे अब्राहम अकार्ड मजबूत होगा। इसके साथ ही उन्होंने कई पश्चिमी देशों की तरफ से फलस्तीन को देश की मान्यता देने का विरोध किया। उन्होंने इसे गलत बताते हुए कहा कि इससे हमास जैसे समूहों को बढ़ावा मिलेगा और यहूदी व अन्य लोगों पर हमले बढ़ेंगे। उन्होंने 7 अक्टूबर, 2023 के हमले की तुलना अमेरिका के 11 सितम्बर, 2001 के हमले से की।

## इजरायली पीएम बोले: सभी दुश्मनों को खत्म किया



- गिरफ्तारी से बचने को पांच देशों का एयरस्पेस छोड़कर नेतन्याहू अमेरिका पहुंचे
- नेतन्याहू ने फलस्तीन को देश की मान्यता देने का विरोध किया

# नाइजीरिया में सोने की खदान धंसी, 100 की मौत

## एक स्थानीय निवासी ने बताया: अब तक 13 शव निकाले गए, जिसमें उनका चचेरा भाई भी शामिल है

**मईडुगुरी।** नाइजीरिया के जाम्फारा राज्य में सोने की खदान धंसने से कम से कम 100 मजदूरों के मारे जाने की आशंका है। घटना कदौरी खदान स्थल, मरू स्थानीय प्रशासन क्षेत्र में बृहस्पतिवार को हुई, जब दर्जनों खनिक भूमिगत होकर काम कर रहे थे।

स्थानीय निवासी सानुसी आउवाल ने बताया कि अब तक 13 शव निकाल लिए गए हैं, जिनमें उनका चचेरा भाई भी शामिल है। बचने वाले मजदूर इस हादसे से गंभीर रूप से घायल हैं, जिनका इलाज चल रहा है। बता दें कि जाम्फारा खनिक संघ के मुहम्मदू ईसा ने बताया कि बचावकर्मी भी दम घुटने से प्रभावित हुए। अवैध खनन इस क्षेत्र में आम है और अक्सर सशस्त्र गिरोह खानों पर नियंत्रण रखते हैं, जिससे दुर्घटनाओं और हिंसा का खतरा बढ़ जाता है। पुलिस प्रवक्ता याजिद अबुबाकर ने अभी तक घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की। पिछले सप्ताह नाइजीरिया के एक संवेदनशील इलाके में हथियारबंद लोगों ने घात लगाकर हमला किया था। इसमें 14 नाइजरियाई सैनिक मारे गए। यह जानकारी देश के रक्षा मंत्री ने एक बयान में दी। इस पश्चिमी अफ्रीका देश में बढ़ते बढ़ते चरमपंथी हमलों में यह ताजा हमला है। यह हमला बुधवार को तिल्लाबेरी क्षेत्र में हुआ, जो पहले से ही हिंसा और उग्रवाद के लिए कुख्यात है। सरकारी टेलीविजन आरटीएन पर शनिवार रात प्रसारित एक बयान में बताया गया कि यह हमला उस समय हुआ जब सेना की एक इकाई को तिल्लाबेरी के बाहरी इलाके में तैनात किया गया था। उन्हें खुफिया जानकारी मिली थी कि कुछ हथियारबंद लोग मोटरसाइकिलों पर सवार होकर डकैती कर रहे हैं। रक्षा मंत्री सालिफू मोदी ने कहा, यह डकैती की कोशिश वास्तव में एक जाल था, जिससे सैनिकों को घात में फंसाया गया। उन्होंने यह नहीं बताया कि हमले के पीछे किस समूह का हाथ है। नाइजीरिया में कई उग्रवादी समूह सक्रिय हैं, जो आम नागरिकों और सेना दोनों को निशाना बनाते हैं। इनमें इस्लामिक स्टेट से जुड़े संगठन भी शामिल हैं।



## पाकिस्तान के पंजाब में बाढ़ से 42 लाख लोग प्रभावित

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में मानसूनी बाढ़ से 42 लाख से जयादा लोग प्रभावित हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (यूएनओसीएचए) ने अपने आकलन में यह जानकारी दी। आकलन रिपोर्ट के मुताबिक प्रांतीय सरकार के साथ आठ से 18 सितम्बर तक संयुक्त रूप से किए गए इस सर्वेक्षण में 18 बाढ़ प्रभावित ज़िलों के लगभग 2,000 गांव शामिल थे।लगभग 28 लाख लोग विस्थापित एवं लगभग 161700 घर क्षतिग्रस्त हुए और स्वास्थ्य एवं शिक्षा के बुनियादी ढांचे को भी भारी नुकसान पहुंचा। पाकिस्तान के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार 26 जून से 19 सितम्बर के बीच देश भर में लगभग 30 लाख लोगों को बचाया गया।

## बांग्लादेशी प्रवासी बोले: यूनुस पाकिस्तानी हैं, पाकिस्तान वापस जाओ

**वाशिंगटन।** बांग्लादेशी प्रवासियों ने शुक्रवार को न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र हेडक्वार्टर के बाहर मुख्य सलाहाकार मोहम्मद यूनुस के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने यूनुस को पाकिस्तानी करार देते हुए 'यूनुस इज पाकिस्तानी' और 'गो बैक टु पाकिस्तान' जैसे नारे लगाए। प्रदर्शनकारी बोले यूनुस बांग्लादेश को 'तालिबान जैसा देश' बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि यूनुस इस्लाम-वादी ताकतों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने यूनुस पर अगस्त 5, 2024 में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के पद से हटने के बाद अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदुओं पर अत्याचार बढ़ाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यूनुस के सत्ता में आने के बाद से मानवाधिकारों की स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। कई लोग देश छोड़ने पर मजबूर हुए हैं। एक प्रदर्शनकारी ने एएनआई से कहा कि हम हिंदू, बौद्ध, ईसाई और अन्य अल्पसंख्यकों पर अत्याचार के खिलाफ हैं। हम हिंदू नेता चिन्मय कृष्ण दास की रिहाई की मांग करते हैं, जिन्हें यूनुस ने गैरकानूनी ढंग से जेल में कैद कर रखा है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि शेख हसीना की सरकार को गैरकानूनी ढंग से हटाया गया। उनकी सरकार लोकतांत्रिक थी। यूनुस ने सत्ता हड़प ली और अल्पसंख्यकों पर हमले बढ़ गए। प्रदर्शनकारी बोले: यूनुस के सत्ता में से कई लोग देश छोड़ने पर मजबूर हुए हैं।

- बांग्लादेश को तालिबान जैसा देश बना रहे, हिंदू अल्पसंख्यकों पर अत्याचार का आरोप लगाया

# यमन में कबायली नेता की गोली मारकर हत्या

**अदन।** यमन के दक्षिणी बंदरगाह शहर अदन में शुक्रवार को अज्ञात बंदूकधारियों ने एक प्रमुख आदिवासी नेता की गोली मारकर हत्या कर दी। एक सुरक्षा अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

स्थानीय सुरक्षा अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि प्रसिद्ध कबायली और सामुदायिक व्यक्ति शेख मेहदी अकरबी पर बेर अहमद क्षेत्र में गोलीबारी की गई, जब वे शुक्रवार की नमाज के लिए पास की मस्जिद जा रहे थे। अधिकारी के अनुसार, अकरबी बिना किसी सुरक्षाकर्मी के अकेले घूम रहे थे तभी हमलावरों ने उन पर गोलियां चला दीं, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अदन के एक अस्पताल ले जाया गया लेकिन बाद में उनकी मौत हो गई। सुरक्षा बलों ने तुरंत इलाके की घेराबंदी कर दी और हमलावरों की तलाश शुरू कर दी। किसी भी समूह ने घटना की ज़िम्मेदारी नहीं ली है। निवासियों ने बताया कि हत्या के बाद, अकरबी के प्रति वफादार दर्जनों सशस्त्र कबायली लोग अदन के विभिन्न हिस्सों में तैनात हो गए, उन्होंने चौकियां स्थापित कर दीं और शहर में तनाव बढ़ गया।

- सुरक्षा बलों ने तुरंत इलाके की घेराबंदी कर दी हमलावरों की तलाश जारी

## यूक्रेन आतंकियों को कामिकेज ड्रोन का आपूर्तिकर्ता बना: माली

**कीव।** माली के प्रधानमंत्री अब्दुलाये माइगा ने कहा है कि यूक्रेन पूरी दुनिया के आतंकवादी समूहों को कामिकेज ड्रोन का मुख्य आपूर्तिकर्ता बन चुका है। माइगा ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा में कहा कि यूक्रेनी शासन पूरी दुनिया के आतंकवादी समूहों को कामिकेज़ ड्रोन की आपूर्ति करने वाले प्रमुख देशों में से एक बन गया है। इसके मद्देनजर पश्चिमी देशों को यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति बंद कर देनी चाहिए क्योंकि इससे अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद के प्रसार का खतरा है। प्रधानमंत्री ने याद दिलाया कि यूक्रेन ने जुलाई 2024 में तिनजाउटेन में माली के सुरक्षा बलों पर हुए हमले में अपनी संलिप्तता की बात खुले तौर पर स्वीकार की थी।

# UNSC ईरान परमाणु समझौते को बढ़ाने में विफल

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद शुक्रवार को 2015 के ईरान परमाणु समझौते (जेसीपीओए) को छह महीने तक बढ़ाने वाला प्रस्ताव पारित करने में असफल रही जिससे ईरान को कूटनीति के लिए कुछ समय मिल जाता।

यदि यह मसौदा प्रस्ताव पारित हो जाता है तो यह ईरान और छह शक्तिशाली देशों ब्रिटेन, चीन, फ्रांस, जर्मनी, रूस और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच हुए परमाणु समझौते को छह महीने के लिए और बढ़ा देता। साथ ही इसे समर्थन देने वाली सुरक्षा परिषद के संकल्प 2231 को भी विस्तार दे देता। यह ईरान के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों की 'स्नैपबैक' प्रक्रिया को भी रोक देता। चीन और रूस द्वारा प्रस्तुत मसौदा प्रस्ताव को चार वोट पक्ष में (अल्जीरिया, चीन, पाकिस्तान, रूस), नौ वोट विरोध में और दो तटस्थ मत (गुयाना, दक्षिण कोरिया) प्राप्त हुए। इसे पारित होने के लिए नौ सकारात्मक वोटों की आवश्यकता थी। ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी (ई3) ने 28 अगस्त को ईरान के 'महत्वपूर्ण गैर-प्रदर्शन' का हवाला देकर स्नैपबैक तंत्र को सक्रिय करने का दावा किया था। हालांकि, ई3 की कार्रवाई की वैधता पर सवाल उठे हैं, क्योंकि उन्होंने विवाद समाधान तंत्र (डीआरएम) का पालन नहीं किया, जो जेसीपीओए और संकल्प 2231 के तहत विवाद सुलझाने के लिए 35 दिन का समय देता है। यह परिणाम 19 सितम्बर को दक्षिण कोरिया द्वारा प्रस्तुत एक समान प्रस्ताव की विफलता के अनुरूप है, जो प्रतिबंधों में राहत को जारी रखता। संकल्प 2231, जो जेसीपीओए को समर्थन देता है, 18 अक्टूबर, 2025 को समाप्त हो जाएगा। इसके बाद ईरान के परमाणु कार्यक्रम से संबंधित संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंध के लिए अप्रासंगिक हो जाएंगे। चीन के उप स्थाई प्रतिनिधि गेंग शुआंग ने मतदान के परिणाम पर निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि संवाद और कूटनीति ही ईरान परमाणु मुद्दे का एकमात्र समाधान है। उन्होंने सभी पक्षों से शांति और संयम बरतने का आग्रह किया। रूस के प्रथम उप स्थाई प्रतिनिधि दिमित्री पोल्यांस्की ने कहा कि स्नैपबैक तंत्र लागू नहीं हुआ है और न ही होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि 2015 से पहले के प्रतिबंधों को फिर से शुरू करने की कोई कोशिश शून्य और अमान्य होगी। ईरानी विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने स्नैपबैक को अस्वीकार करते हुए कहा कि ई3 ने जेसीपीओए और संकल्प 2231 का उल्लंघन किया है, जिसके कारण वे 'गैर-प्रदर्शन' का दावा करने का अधिकार खो चुके हैं। उन्होंने कहा कि 18 अक्टूबर, 2025 के बाद प्रतिबंधों का कोई भी विस्तार मान्य नहीं होगा।

- यह प्रस्ताव ईरान के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों की 'स्नैपबैक' प्रक्रिया को भी रोक देता

## संक्षिप्त समाचार

### डेटा केंद्र में आग लगने के बाद रोकी ऑनलाइन सेवाएं

**सोल।** दक्षिण कोरिया की सरकार ने राष्ट्रीय डेटा केंद्र में आग लगने के बाद ऑनलाइन सेवा पर रोक लगा दी है। योनहप समाचार एजेंसी ने शनिवार को यह जानकारी दी। मध्य शहर डेजॉन स्थित राष्ट्रीय सूचना संसाधन सेवा में शुक्रवार को स्थानीय समयानुसार रात 08:20 बजे (11:20 जीएमटी) आग लग गई। आग इमारत की पांचवीं मंजिल पर स्थित कंप्यूटर कक्ष में लिथियम-आयन बैटरी में विस्फोट के कारण लगी थी। आग लगने के कारण 647 सरकारी ऑनलाइन सेवाओं और प्रणालियों का संचालन स्थगित कर दी गई।

### दक्षिण कोरिया में हुए गैस विस्फोट दुर्घटना में 28 लोग घायल

**सियोल।** दक्षिण कोरिया में शनिवार को हुई गैस विस्फोट दुर्घटना में 28 लोग घायल हो गए। यह जानकारी योनहाप समाचार एजेंसी ने दी। यह विस्फोट स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 10:17 बजे (0117 जीएमटी) ग्योंगगी प्रांत के यांगजू में एक सूखे वाष्पकक्ष में हुआ। घायलों में ग्राहक और कर्मचारी दोनों शामिल हैं, जिनमें से तीन की हालत गंभीर है। विस्फोट के कारण आग तो नहीं लगी लेकिन दर्जनों ग्राहकों को बाहर निकलना पड़ा। अग्निशमन अधिकारियों ने बचाव कार्य के लिए 42 कर्मियों और 17 उपकरणों को भेजा। अधिकारी दुर्घटना के वास्तविक कारण की जांच कर रहे हैं।

### उत्तर-पश्चिमी चीन के गांसु में 5.6 तीव्रता का भूकंप

**लान्चो।** चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र (सीईएनसी) ने शनिवार को कहा कि उत्तर-पश्चिम चीन के गांसु प्रांत के डिग्शी शहर के लोंगक्सी काउंटी में आज सुबह 5:49 बजे 5.6 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप का केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई में 34.91 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 104.58 डिग्री पूर्वी देशांतर में था। भूकंप का झटका डिग्शी शहर के लोंग्शी काउंटी, झांग्शियन काउंटी, वेइयुआन काउंटी और लिटाओ काउंटी तथा तियानशुई शहर के वुशान काउंटी में महसूस किया गया। स्थानीय सरकार के अनुसार, किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

### फ्रांस साहेल में आतंकियों का समर्थन जारी रखे हुए: माइगा

**पेरिस/बामाको।** माली के प्रधानमंत्री अब्दुलाये माइगा ने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) से मदद मांगने की उनकी कोशिशों के बावजूद फ्रांस साहेल क्षेत्र में आतंकवादियों का समर्थन जारी रखे हुए है। माइगा ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा को बताया संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों के प्रति निष्ठावान, माली ने 15 अगस्त, 2022 को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से परिषद की एक बैठक बुलाने का अनुरोध किया।


# अरशद की भागवत जल्द होगी रिलीज

**मुंबई।** फिल्म भागवत में अरशद वारसी और जितेंद्र कुमार काम करते नजर आएंगे। जी 5 ने अपनी आने वाली ऑरिजिनल फिल्म, भागवत की घोषणा की। फिल्म भागवत को बावेजा स्टूडियोज और डॉग एन बोन पिक्चर्स के सहयोग से जियो स्टूडियोज़ ने प्रोड्यूस किया है। सच्चाई और धोखे के बीच जबरदस्त जंग को दिखाने वाली यह क्राइम थ्रिलर जज्बातों से भरी और सच्ची घटनाओं पर आधारित है, जिसका प्रीमियर सिर्फ इसी प्लेटफॉर्म पर किया जाएगा।

अरशद वारसी और जितेंद्र कुमार की मुख्य भूमिका वाली फिल्म भागवत की कहानी, इंस्पेक्टर विश्वास भागवत (अरशद वारसी का किरदार) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक महिला के गुमशुदा होने के मामूली से दिखने वाले मामले में उलझ जाता है।

लेकिन मामले की तहकीक.ात जल्द ही ग्रेब, छिपे हुए राज़ और संदिग्ध तस्करी के काले साए वाले भयावह जाल में फंस जाती है। इस उथल-पुथल के बीच, मीरा और प्रोफेसर समीर जितेंद्र कुमार का किरदार के बीच प्यार का बेहद नाजुक रिश्ता विकसित होने लगता है। दोनों के बीच की बढ़ती नजदीकियां इस कहानी में सोच से परे रोमांस और जज़्बातों का रंग घोलती है, जो इस कहानी में लगातार बढ़ रहे तनाव भरे माहौल से एकदम जुदा है।

अक्षय शेरे के निर्देशन में बनी फिल्म, भागवत में दो दमदार कलाकारों के बीच जबरदस्त मुकाबला देखने को मिलेगा, जो यकीनन दर्शकों को अपनी सीट से बांधे रखने वाला है। उत्तर प्रदेश के रॉबर्ट्सगंज के भयावह माहौल पर आधारित, यह फिल्म अनसुलझे रहस्यों, जज्बातों और ड्रामा का शानदार मेल है, जो दर्शकों को स्ट्रीमिंग का यादगार अनुभव प्रदान करने वाला है। फिल्म भागवत की स्ट्रीमिंग जल्द ही जी 5 पर होगी।



सच्चाई और धोखे के बीच जबरदस्त जंग को दिखाने वाली यह क्राइम थ्रिलर जज्बातों से भरी और सच्ची घटनाओं पर आधारित है, जिसका प्रीमियर सिर्फ इसी प्लेटफॉर्म पर किया जाएगा। अरशद वारसी और जितेंद्र कुमार की मुख्य भूमिका वाली फिल्म भागवत की कहानी, इंस्पेक्टर विश्वास भागवत (अरशद वारसी का किरदार) के इर्द-गिर्द घूमती है।



# फराह ने दीपिका की कथित शिफ्ट डिमांड का मजाक उड़ाया



**मुंबई।** फराह खान अपने लेटेस्ट व्लाग के लिए कुक दिलीप के साथ एक्टर रोहित सराफ के घर पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने इंडस्ट्री में दीपिका पादुक.ोण की कथित आठ घंटे की शिफ्ट की मांग को लेकर मजाक उड़ाया। व्लाग में जब दिलीप ने पूछा कि दीपिका कब उनके शो में आएंगी, तो फराह ने मजाक में कहा, जिस दिन तू गांव चला जाएगा, उस दिन शो में आएंगी। उन्होंने आगे कहा, दीपिका अब सिर्फ आठ घंटे शूट करती हैं, इसलिए उनके पास शो में आने का समय नहीं है। दिलीप ने तुरंत जवाब दिया, अब से मैं भी शो के लिए दिन में आठ घंटे शूट करूंगा। फराह ने कहा, तुम अभी केवल दो घंटे शूट करते हो, अब से तुम भी आठ घंटे शूट करोगे। रोहित सराफ जल्द फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में दिखाई देंगे। बता दें कि एक्ट्रेस दीपिका संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म स्पिरिट से बाहर हुई थीं। कथित तौर से दीपिका की तरफ से आठ घंटे की शिफ्ट, मोटी फीस, प्राफिट में हिस्सा और तेलुगु में डायलाग न बोलने जैसी डिमांड शामिल थी। दीपिका 2024 के सितम्बर में मां बनी हैं इसलिए वो कथित तौर से हफ्ते में बस 5 दिन आठ घंटे की शिफ्ट चाहती थीं। एक्ट्रेस की इन सारी मांगों से संदीप खुश नहीं थे। जिसके बाद उनको फिल्म से बाहर किया गया था। हाल ही में फराह खान ने उस वायरल वीडियो को लेकर रिएक्ट किया था, जिसमें सोशल मीडिया पर उन्हें और करण जौहर को आयुष शर्मा को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया गया था। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। एक्टर आयुष शर्मा, सलमान खान की बहन अर्पिता के पति हैं। इसमें दिख रहा था कि फराह और करण आयुष के पास से गुजर रहे थे। कुछ यूजर्स का कहना था कि फराह ने आयुष को नजरअंदाज किया। जिस पर फराह खान ने कहा, ष्कृपया बकवास लिखना बंद करें। मैं कभी किसी को नजरअंदाज नहीं कर सकती, खासकर आयुष को नहीं। मैंने उनके और अर्पिता के साथ व्लाग शूट किया है। बस जल्दी में उन्हें नहीं देखा। इसे खराब दिखाने के लिए इसे द्धवीडियोत्रृ स्लो मोशन में बनाया गया।

## बिग बॉस के घर में मना तान्या का जन्मदिन

**मुंबई।** टीवी शो शबिग बासश के इस हफ्ते के वीकेंड का वार के प्रोमो में सलमान खान तान्या को सरप्राइज देते हुए नजर आ रहे हैं। वह कहते हैं, ओह! ओह! ओह! बॉस का जन्मदिन है। तान्या, बिग बास की टीम ने आपके लिए कुछ भेजा है। अभिषेक बजाज और शाहबाज तान्या के लिए एक तोहफा लेकर आते हैं। अभिषेक कहते हैं कि यह दुबई का बकलवा है। तान्या कहती हैं, मुझे उम्मीद है कि यह दुबई से होगा। सलमान कहते हैं, हां, यह दुबई से है, डांडा से थोड़ा पहले। जिस पर सभी घरवाले हंसने लगते हैं। वहीं, नेहल ने तान्या, जीशान और बशीर पर निशाना साधा। नेहल ने तान्या को लेकर कहा कि तान्या ने एक नहीं, दो नहीं, बल्कि 100 मुखौटे पहन रखे हैं। वहीं, जीशान कादरी के बारे में कहा कि वह अपने ग्रुप के लोगों पर बहुत नेगेटिव कमेंट करते हैं। इसके अलावा, उन्होंने बशीर के बारे में कहा कि उनकी इमोशनल मैच्योरिटी जीरो है। शो में एक्ट्रेस गौहर खान आएंगी।

# महेश भट्ट ने फिल्म तू मेरी पूरी कहानी से अरहान को किया लॉन्च



**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्मकार महेश भट्ट और निर्देशक सुहृता दास ने अरहान पटेल को फिल्म तू मेरी पूरी कहानी से लॉन्च किया है। मध्य प्रदेश के सीहोर की खेतों से लेकर बॉलीवुड की चमचमाती दुनिया तक, अरहान पटेल का सफर सपनों की ताकत का असली सबूत है। किसान पिता के बेटे अरहान ने संघर्ष और धैर्य के वर्षों बाद महेश भट्ट की फिल्म तू मेरी पूरी कहानी से अब बड़े पर्दे पर बतौर लीडिंग मैन डेब्यू किया है। अरहान ने कहा, सुहृता मैम की हमारी अधूरी कहानी एक बेहद काव्यात्मक और आत्मा को छू लेने वाली फिल्म है। उसी फिल्म के बाद उन्होंने मुझमें वह क्षमता और चिगारी देखी, जिसकी वजह से मुझे यह ब्रेक मिला। उन्होंने ही सोचा कि मैं रोहन के किरदार में फिट बैठ सकता हूं। वे एक कमाल की स्टोरीटेलर हैं और मैं खुद को भाग्यशाली मानता हूं कि मुझे अपनी पहली फिल्म में उनके मार्गदर्शन और महेश भट्ट जैसे निर्माता के साथ काम करने का मौका मिला। अरहान के करियर के इस बड़े मौके को गढ़ने में महेश भट्ट और निर्देशक सुहृता दास की अहम भूमिका रही है। भट्ट कैंप का नया टैलेंट खोजने का लंबा इतिहास रहा है। सीहोर के छोटे-से कस्बे से निकलकर बॉलीवुड का हीरो बनने का अरहान पटेल का सफर, देशभर के सपने देखने वालों के लिए एक प्रेरणा है: मेहनत, जज्बे और सही मार्गदर्शन से कोई भी सपना हकीकत में बदला जा सकता है। फिल्म तू मेरी पूरी कहानी 26 सितम्बर को सिनेमाघरों में रिलीज़ हो चुकी है।

# एमी अवार्ड्स नॉमिनेशन पर गर्व है: इम्तियाज



**मुंबई।** हाल ही में फिल्ममेकर इम्तियाज अली की फिल्म अमर सिंह चमकीला को इंटरनेशनल एमी अवार्ड के दो कैटेगरी को लिए नामिनेशन मिला है। दिवंगत पंजाबी संगीतकार अमर सिंह चमकीला के जीवन पर आधारित इस फिल्म को बेस्ट मिनी-सीरीज और फिल्म के लीड हीरो दिलजीत दोसांझ को बेस्ट एक्टर कैटेगरी में नामिनेट किया गया है। इस पर अब इम्तियाज ने अपना रिएक्शन दिया है। न्यूज एजेंसी पीटीआई से बात करते हुए अली ने कहा कि उन्हें गर्व है कि साल 2024 में नेटफ्लिक्स पर आई इस फिल्म को क्रिटिक्स की प्रशंसा मिली और उसने भारत को अंतर्राष्ट्रीय दिग्गजों के साथ खड़ा कर दिया है। इम्तियाज ने कहा- हम अभी डिनर से वापस आए ही थे कि हमें यह खबर मिली। यह एक आशीर्वाद की तरह है, जो चमकीला की कहानी के माध्यम से हमारे पास आई है। मुझे बहुत खुशी है कि इस फिल्म को आवाज मिल रही है और इसे देखा जा रहा है। हमें बहुत गर्व है कि हम भारत को उस मंच पर ला पाए, जहां इतने सारे अंतर्राष्ट्रीय दिग्गज खड़े हैं।

## सोनी टीवी पर वापसी कर रहा इंडियन आइडल

**मुंबई।** भारत का सबसे पॉपुलर सिंगिंग रियलिटी शो इंडियन आइडल एक बार फिर सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न पर नए सीज़न के साथ आ रहा है।

इस बार शो यादों और संगीत की खास धुन अपने दिल को छू लेने वाले थीम यादों की प्लेलिस्ट: जहां आवाज़ें आज वाली और गाने आप वाले के साथ लाया है। आज के टैलेंट को पुराने गानों के साथ मिलाने का वादा करते हुए, यह सीज़न इंडियन म्यूजिक के पुराने गानों का एक संगीतपूर्ण जश्न होने वाला है। इस तरह से यह सीज़न इमोशंस, यादों और शानदार टैलेंट्स का एक जबरदस्त सफर होने वाला है।

# गरबा सीखने के लिए खूब मेहनत करती हैं आशी सिंह

**मुंबई।** सोनी सब के शो उफ्फ यह लव है मुश्किल में काम कर रही आशी सिंह का कहना है कि गरबा उन्हें बहुत आकर्षित करता है और वह इसे सीखने के लिए खूब मेहनत करती हैं। सोनी सब के उफ्फ यह लव है मुश्किल में आशी सिंह, कैरी शर्मा का किरदार निभा रही हैं। कैरी एक जीवंत, संवेदनशील और सहज युवती है, जिसकी यात्रा प्यार की जटिलताओं को दर्शाते हुए रोज़मर्रा की जिंदगी की मास.ूमियत और खूबसूरती को सामने लाती है। आशी अपनी बारीक अदाकारी से कैरी के किरदार को जीवंत बना देती हैं, जिससे दर्शक तुरंत उससे जुड़ जाते हैं। नवरात्रि के माहौल में डूबी हुई पूरी देशभर की रौनक के बीच, आशी सिंह ने इस त्योहार के महत्व और अपने अनोखे जुड़ाव के बारे में बात की। उनके लिए नवरात्रि का उत्सव उनकी जड़ों और रंगीन परंपराओं का खूबसूरत संगम है। आशी सिंह ने कहा, मैं उत्तर भारत से हूं और वहां नवरात्रि का मतलब हमेशा माता का जागरण, पूजा और सारे रीति-रिवाज होते थे। लेकिन मुझे हमेशा गरबा और डांडिया ने आकर्षित किया।



यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108